डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹82500. 10 ग्राम
₹104000 01 किलो
सेंसेक्स 75,449.05 +147.79
डॉलर 86.331 -0.171

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 20 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-153, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 टी20 अब ऐसे स्तर पर पहुंच गया है...

## एक नजर

### छवि रंजन ने ईडी के शपथपत्र पर जवाब दाखिल किया

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में जमीन घोटाला मामले के आरोपी निलंबित आईएएस छवि रंजन की याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से ईडी के शपथ पत्र पर जवाब दाखिल किया गया। ईडी को बुधवार को ही जवाब की प्रति सौंपी गई। कहा गया कि प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता बहस करेंगे, इसलिए समय दिया जाए। बरियातू रोड स्थित सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में छवि रंजन ने अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने का हवाला देते हुए उनके खिलाफ दर्ज मामले को निरस्त करने की मांग की है।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, सात घायल

**हजारीबाग।** चौपारण थाना क्षेत्र स्थित दनुआ घाटी में बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना एक तेज रफ्तार ट्रक, एक कार और एक बाइक के बीच हुआ। मृतक की पहचान आशिक कुमार के रूप में की गई। वह बाइक पर सवार था और चतरा से चौपारण आ रहा था। वहीं, कार धनबाद से औरंगाबाद जा रही थी। सभी घायल बिहार के रहने वाले हैं। इधर, ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल है उसका एक पैर कट गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रक, कार और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल है।

# झारखंड देश का पहला राज्य, जहां महिलाओं को सबसे अधिक सम्मान दिया जा रहा : हेमंत सोरेन

- राजकीय बंशीधर महोत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ
- मुख्यमंत्री ने दी 183 करोड़ की योजनाओं की सौगात

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नगरऊंटारी में आयोजित राजकीय बंशीधर महोत्सव-2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने गढ़वा जिले को 183 करोड़ रुपए की 27 विकास योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, ताकि यह देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बना सके।





### राज्य के विकास की नई रूपरेखा तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यवासियों के उत्थान और विकास के लिए नए योजनाओं की रूप रेखा बनाई जा रही है, जिसे विधानसभा सत्र के माध्यम से पारित कर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल की जल संकट की समस्या को दूर करने के लिए कनहर परियोजना को तेजी से पूरा किया जा रहा है, जिससे आने वाले 6 से 8 महीने में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा।

### महिलाओं को सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सम्मान राशि योजना लागू की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि झारखंड देश का पहला राज्य है, जहां महिलाओं को सबसे अधिक सम्मान दिया जा रहा है।

### प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को मिलेगा पर्यटन का दर्जा

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को पर्यटन केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। बंशीधर महोत्सव की तर्ज पर आदिवासी भाइयों के दुबिया खांड मेले को भी राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया गया है।

### कई योजनाओं का शिलान्यास, 19 का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 45.88 करोड़ रुपये की लागत से 8 योजनाओं की आधारशिला रखी और 136.84 करोड़ रुपये की लागत से 19 योजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें भंडरिया, रंका, धुरकी, चिनियां, रमकंडा और गढ़वा में मल्टीपरपस इनडोर स्टेडियम, स्वास्थ्य और सड़क निर्माण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। मौके पर विधायक अनंत प्रताप देव, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, आईजी पलामू सुनील भास्कर, डीआईजी वाई.एस. रमेश, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को श्री बंशीधर महोत्सव-2025 की हार्दिक शुभकामनाएं दी और झारखंड के समग्र विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराया।

### हर क्षेत्र में विकास को गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रांची मुख्यालय से नहीं, बल्कि गांव-गांव से चलने वाली सरकार है। उन्होंने बताया कि उनके पहले कार्यकाल में ही पलामू प्रमंडल को बिजली से जोड़ा गया था, और अब हर क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं का तेजी से विकास किया जा रहा है।


## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


## आज | कल




# भ्रष्टाचार पर सदन तल्ख, सत्ता पक्ष ने सरकार को घेरा



### झारखंड विधानसभा में अवैध निकासी पर हंगामा, चार पदाधिकारी सस्पेंड

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन बुधवार को पेयजल विभाग में हुई अवैध निकासी को लेकर सत्ता पक्ष ने अपनी ही सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने सरकार के जवाब पर नाराजगी जताते हुए कहा, खोदा पहाड़, निकली चुहिया! उन्होंने प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप को चेताते हुए कहा कि सिर्फ जोर से बोलने से भ्रष्टाचार पर पर्दा नहीं डाला जा सकता। विवाद के केंद्र में उच्च वर्गीय लिपिक संतोष कुमार हैं, जो 15 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थापित थे। संतोष ने अपने 27 पन्नों के स्पष्टीकरण में अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विधायक प्रदीप यादव ने मांग की कि वित्त विभाग को स्पष्ट करना चाहिए कि इस मामले में अब तक क्या कार्रवाई हुई है।

### वित्त विभाग के चार पदाधिकारियों को किया गया सस्पेंड : मंत्री

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार के मामले पर जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। अवैध निकासी मामले में कोई पदाधिकारी बख्से नहीं जाएंगे। संतोष कुमार पर दो करोड़ 71 लाख अवैध निकासी का केस दर्ज हुआ है। वित्त विभाग के अंतरविभागीय सात सदस्यीय कमेटी की अनुशंसा के आलोक में वित्त विभाग के चार पदाधिकारी मनोज सिन्हा, सुनील सिन्हा, मनोज सिन्हा और मीरा कुमारी गुप्ता को सस्पेंड कर दिया गया है।

### सीआइडी और एसीबी जांच की अनुशंसा की थी : योगेंद्र

प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने इस मामले में एसीबी और सीआइडी जांच की अनुशंसा की थी।
इस पर विधायक और पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि मैं 28 साल पुलिस विभाग में रहा। बिहार में सीआइडी का चीफ तीन साल रहा। सीआइडी का नाम भी है बदनाम भी। एक केस में फंसा दो, दूसरा धंसा दो और तीसरा दूध का दूध और पानी का पानी कर दो। निर्भर करता है कि इरादे क्या है और करना क्या चाहते हैं। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि संतोष कुमार, उच्च वर्गीय लिपिक को निलंबित करते हुए उसके विरुद्ध रांची सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। खाते को फ्रिज कराया जा चुका है और नीलाम पत्र दायर किया जा चुका है। वर्तमान में संतोष कुमार हिरासत में हैं। प्रभात कुमार सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, चन्द्रशेखर, कार्यपालक अभियंता, राधेश्याम रवि, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता और संजय कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक के खिलाफ विभागीय कार्यवाही संचालित की जा रही है। मामले की विस्तृत जांच एसीबी से कराने के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (निगरानी) से अनुरोध किया गया है। महालेखाकार झारखंड को विशेष अंकेक्षण के लिए अनुरोध किया गया है।

### विधानसभा में भाजपा विधायक ने गुस्से में फाड़ा पेपर, स्पीकर नाराज



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन की कार्यवाही के दौरान बुधवार को उस समय अजीबोगरीब स्थिति उत्पन्न हो गई, जब पांकी के भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने सदन में प्रश्न का पेपर फाड़ डाला। उन्होंने स्पीकर पर पक्षपात करने और मौका न देने का आरोप लगाया। स्पीकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि विपक्षी विधायक का आचरण अच्छा नहीं है। **इस प्रकरण को लेकर सदन में करीब 10 मिनट तक असहज माहौल बना रहा :** प्रश्नकाल के दौरान विधायक अपने-अपने प्रश्न रख रहे थे। अपनी बारी आने पर पांकी के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता अपना प्रश्न पढ़ते हुए कुछ सेकंड के लिए रुक गए। इस दौरान स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि आपके प्रश्न को पढ़ा हुआ मान लिया गया। इस पर विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए स्पीकर पर पक्षपात का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि क्यों 12 बजे से यहां आकर बैठते हैं, जब पढ़ने के लिए वक्त ही नहीं दिया जाता। स्पीकर ने इस पर उन्हें फिर से प्रश्न पढ़ने को कहा और इसके साथ ही कहा कि आसन पर कुछ और आरोप लगाना है तो लगा दीजिए। इस बात पर विधायक फिर गुस्से में आ गए। उन्होंने प्रश्न लिखा कागज फाड़कर सदन में फेंक दिया। इसके बाद स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी से कहा कि देख लीजिए, आपके सदस्य किस तरह का व्यवहार कर रहे हैं? आसन के सामने इस तरह का आचरण अच्छा नहीं है। मरांडी ने बीच-बचाव की कोशिश करते हुए कहा कि थोड़ी गलती हुई है। वह प्रश्न पढ़ते वक्त थोड़ा रुक गए थे और आपको लगा कि पढ़ना हो गया। कभी-कभी ऐसा हो जाता है। संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने इस पर कहा कि नियमानुसार प्रश्नकाल का प्रश्न 50 शब्द से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन हम लंबा सवाल भी पढ़ते हैं।

### सीबीआई ने गैरिसन इंजीनियर को 40 हजार रुपये घूस लेते किया गिरफ्तार

**रांची।** सीबीआई ने 40 हजार 500 रुपये घूस लेते हुए इंडियन डिफेंस सर्विस से गैरिसन इंजीनियर साहिल रातू सरिया को गिरफ़्तार किया है। वह एक ठेकेदार के 27 लाख के बिल के भुगतान के लिए दो प्रतिशत की दर से 54 हजार रुपये घूस मांग रहा था। सीबीआई रांची की टीम ने घूस लेते हुए उसे बुधवार की शाम को सुजाता चौक से रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते में उसके दफ़्तर से गिरफ़्तार किया। गिरफ्तारी के बाद सीबीआई अधिकारियों का एक दल गैरिनस इंजीनियर के नामकुम स्थित घर पर छापा मारी की। ठेकेदार से सीबीआई से इस बात की शिकायत की थी कि उसने काम के बाद 27 लाख रुपये का बिल भुगतान के लिए जमा किया है। लेकिन गैरिसन इंजीनियर बिल के भुगतान के लिए दो प्रतिशत की दर से कमीशन की मांग कर रहे हैं। ठेकेदार की शिकायत के सत्यापन के बाद सीबीआई ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की। शिकायत की सत्यापन के दौरान ठेकेदार ने कमीशन की रकम किस्त देने की पेशकश की। इसे गैरिसन इंजीनियर ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद सुनियोजित तरीके से सीबीआइ अधिकारियों के दल ने गैरिसन इंजीनियर के घूस लेते उसके कार्यालय से गिफ्तार किया। समाचार लिखे जाने तक इंजीनियर के घर पर छापेमारी जारी है।

# लैंड फॉर जॉब: ईडी दफ्तर पहुंचे लालू यादव जांच एजेंसी ने कई घंटों तक पूछे सवाल



**पटना (एजेंसी)।** जमीन के बदले नौकरी मामले में उलझे राजद सुप्रीमो लालू यादव बुधवार को सुबह 11 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी ने उन्हें समन भेजकर 11 बजे ही पटना स्थित दफ्तर बुलाया था। लालू यादव और मीसा भारती ईडी के कार्यालय पहुंचे तो सैकड़ों की तादाद में ईडी ऑफिस के बाहर राजद के कार्यकर्ता और समर्थक जमा थे। लालू यादव जिंदाबाद के नारे ईडी ऑफिस के बाहर लगे। ताजा जानकारी के अनुसार, करीब तीन बजे तक उनसे पूछताछ चलती रही। ईडी की पूछताछ पर तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे परिवार को इससे डर नहीं लगता है। यह पहली बार नहीं है जब ईडी पूछताछ कर रही है। वहीं राजद के समर्थकों व विधायकों ने इस कार्रवाई पर केंद्र सरकार को घेरा। इधर, समर्थकों के हुजूम के बीच लालू यादव ईडी कार्यालय के अंदर गए। जहां अब ईडी के सवालों का वो सामना करेंगे।

### राबड़ी और तेजप्रताप से हो चुकी है पूछताछ

लालू को तलब करने से एक दिन पहले मंगलवार को ईडी ने राबड़ी देवी और तेजप्रताप यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। चार-चार घंटे तक दोनों से अलग-अलग पूछताछ की गयी थी। ईडी के अधिकारियों ने जमीन के बदले नौकरी मामले से जुड़े सवालों की लिस्ट दोनों के सामने रखी और उनसे जवाब मांगा।

### क्या है जमीन के बदले नौकरी मामला

लालू यादव जब रेलमंत्री थे तक 2004 से 2009 के बीच विभिन्न रेलमंडलों में जमीन लेकर कई लोगों को ग्रुप-डी में नौकरी दी गयी थी। नौकरी लेने वालों से जमीन तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव के परिवार के सदस्यों और एक संबंधित कंपनी के नाम करवायी गयी थी। आरोप के अनुसार, लालू परिवार ने बिहार मे एक लाख स्वॉयर फीट से ज्यादा जमीन महज 26 लाख रुपए में हासिल कर ली थी, जबकि उस समय के सरकारी दर के अनुसार, जमीन की कीमत करोडों मे थी। इतने कम पैसों मे जमीन लेने के बाद ज्यादातर केस में जमीन मालिक को कैश मे भुगतान किया गया।

इंडिया

# जनजातीय समुदाय के सहअस्तित्व और गोत्र के इतिहास का संदेश




भारत में गांवों की पहचान तेजी से बदल रही है जहां कभी अपने नामकरण और परंपराओं के पीछे एक समृद्ध प्रकृति से जुड़ी सनातन संस्कृति का इतिहास रचा बसा था वहां अंग्रेजी स्कूल, ब्यूटी पार्लर और मोबाइल टावरों की भीड़ में कंक्रीट के जंगलों के साथ उनके नाम भी तेजी से बदले जा रहे हैं जिसकी शुरूआत महानगरों से हुई और मीडिया ने उसे जंगलों के किनारे के गांवों तक पहुंचा दिया है। भौगोलिक रूप से कठिन क्षेत्रों में यह गति व्यावहारिक कारणों से थोड़ी कम है पर यदि इन क्षेत्रों में बहूमूल्य खनिज संपदा हो तो वहां भी विदेशी घुसपैठिए तक तक बसते जा रहे हैं जिससे झारखंड जैसा खनिज संपन्न राज्य भी बुरी तरह प्रभावित है। इसका सीधा प्रभाव उन पेड़ पौधों से लेकर पशु पक्षियों तक पड़ा है जिन्हें जनजातीय समाज अपने पुरखों की पहचान यानी गोत्र मानता है। कभी आंगन और घरों के आसपास फुदकने वाली विश्व की सबसे पुरानी पक्षी प्रजाति गोरैया तथा मैना अब कम होते हुए अनेक गांवों से गायब ही हो गए हैं। गांवों के नामकरण में भी इतिहास छिपा है उसी प्रकार गोत्र, मूल और पुर जैसे शब्द मानव की पहचान से जुड़े हैं। सनातन धर्म में गोत्र को ऋषि परंपरा से जोड़कर देखा जाता है जैसे अंगिरा, वशिष्ठ, कश्यप, भृगु, भारद्वाज पर ऋषि परंपरा से भी पहले गोत्र थे, जो पेड़-पौधे और पशु पक्षियों से जुड़े थे। डॉ नारायण भगत बताते हैं ईसाई मिशनरियों के झारखंड में प्रवेश के बाद धर्मांतरित आदिवासियों ने नाम के साथ गोत्र लिखना शुरू किया अन्यथा उससे पहले सिर्फ जाति का उपनाम लिखा जाता था। डॉ नारायण भगत का कहना है कि आदिवासियों में ऐसी मान्यता है कि सृष्टि की रचना के बाद धर्मेश यानी महादेव शिव ने सोचा कि इंसानों की पहचान कैसे होगी, तो उन्होंने सबसे कहा कि तुम्हें सृष्टि में जो चीज सबसे ज्यादा पसंद हो वो लेकर आओ। उन्होंने जिस भी चीज के साथ वापसी की, उसी गोत्र के आधार पर उनकी पहचान बनी। सनातन परंपरा की तरह गोत्र को रक्त संबंध से जोड़कर देखा जाता है इसलिए एक गोत्र के बीच शादी-विवाह वर्जित है। जनजाति समुदाय के बीच ऐसी मान्यता है कि वे जिस गोत्र के हैं उन पशु-पक्षी को नुकसान नहीं पहुंचाते और सहअस्तित्व उनके अंदर स्वाभाविक रूप से होता है। कुछ प्रमुख गोत्र और उनके अर्थ खेस यानी धान, लकड़ा यानी बाघ, मिंज यानी मछली, किस्पोट्टा यानी सूअर



का पोटा, चिरआवो-एक प्रकार का पक्षी, खाखा यानी कौआ, टोप्पो यानी विशेष चिड़िया, एक्का यानी कछुआ, खलखो यानी मछली, मिंज यानी मछली और मोर(यह वंशावली के अनुसार अलग होते हैं)। लिंडा यानी लंबा केंचुआ,आइंद यानी लंबी मछली, तिडू एक प्रकार की मछली, गिद्धी यानी गिद्ध, केरकेट्टा यानी गौरैया, गेड़े यानी बतख, ओरगोड़ा यानी बाज, बकुला यानी बगुला, बांड्डो यानी बिल्ली, बरवा यानी जंगली कुत्ता, चिगालो यानी गीदड़, गाड़ी यानी बंदर, तिग्गा का अर्थ भी बंदर। उरांव जनजाति के इष्टदेव महादेव शिव हैं, जिन्हें धर्मेश कहा जाता है। उनकी पत्नी पार्वती इनकी पूज्य गांवा देवती हैं। उरांव जनजाति का मूल निवास सिंधु घाटी की सभ्यता से तो कोंकण प्रदेश और द्रविड़ मूल के दक्षिण हंपी का माना जाता है। राजा हरिश्चंद्र के पुत्र रोहिताश्व से विवाह और रोहतासगढ़ में इनका शासन बताया जाता है जिस पर शोध की आवश्यकता है। उरांव जनजाति की भाषा कुडुख का इतिहास करुष प्रदेश यानी रोहतास से और हल्दीनगर से भी है। केरकेट्टा यानी घरों को अपनी चीं-चीं से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे से शांति, प्रकृति और स्वच्छ पर्यावरण के प्रतीक इस नन्हें से परिंदे को बचाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। नेचर फोरेवर सोसाइटी (भारत) और इको-सिस एक्शन फाउंडेशन (फ्रांस) के मिले जुले प्रयास के कारण इस दिवस को मनाने की शुरूआत 2010 में हुई। नासिक निवासी भारतीय प्रकृति एवं संरक्षणवादी डॉ मोहम्मद दिलावर ने घरेलू गौरैया पक्षियों की सहायता हेतु नेचर फोरेवर सोसाइटी की स्थापना की थी। इनके इस कार्य को देखते हुए टाइम ने 2008 में इन्हें हिरोज ऑफ दी एनवायरमेंट नाम दिया था। पर्यावरण के संरक्षण और इस कार्य में मदद की सराहना करने हेतु एनएफएस ने 20 मार्च 2011 में गुजरात के अहमदाबाद शहर में गौरैया पुरस्कार की शुरूआत की थी। गौरैया पक्षी प्रकृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 2025 में विश्व गौरैया दिवस का थीम 'प्रकृति के नन्हे दूतों को श्रद्धांजलि' है। शहरीकरण,पेड़ों की कटाई, मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन से उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित हुई है। कीटनाशकों और रसायनों के बढ़ते उपयोग के कारण उनके भोजन के स्रोत कम हो रहे हैं। आधुनिक घरों में जगह नहीं होतीं जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके, जिससे उनके अस्तित्व पर संकट बढ़ता जा रहा है। मानवीय लोभ जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। पुरानी दिल्ली का पक्षियों का अस्पताल भी प्रचलित नहीं दुर्लभ उदाहरण है।

### झारखंड में 22 तक तेज हवा और वज्रपात का अलर्ट

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में 22 मार्च तक तेज हवा चलने और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 20 मार्च को राज्य के दक्षिणी भाग और इससे जुड़े मध्यवर्ती हिस्सों में 40-50 किमी की गति से हवा चलने और वज्रपात होने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि उत्तरी हिस्सों में भी कहीं- कहीं गर्जन और 30-40 किमी की गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। 21 मार्च को भी दक्षिणी और इससे जुड़े मध्यवर्ती भागों में कहीं-कहीं गर्जन, ओलावृष्टि और 50-60 की गति से हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। वहीं बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री, जमशेदपुर में 37.1, डालटेनगंज में 35.8 तथा बोकारो में अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# बिहार सीमा पर दिनदहाड़े यूट्यूबर की हत्या,शहर में सनसनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** सीमावर्ती बिहार केऔरंगाबाद जिला के कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत संडा मटपा रोड में कंठीबिगहा मोड़ के समीप अपराधियों ने दिनदहाड़े यूट्यूबर सह कंपाउंडर 38 वर्षीय रंजीत पासवान की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना बुधवार की सुबह करीब 9 बजे की है। इस घटना से हरिहरगंज शहर सहित आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक निकटवर्ती महाराजगंज पंचायत के जमुआ गांव निवासी स्व रामजन्म पासवान का पुत्र है। औरंगाबाद के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ जंमेजय कुमार के क्लीनिक में कंपाउंडर के रूप में कार्यरत था। साथ ही अपना एक यूट्यूब चैनल 'ट्रू न्यूज टीएनबी' चलाता था। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह वह घर से सुबह 8:30 बजे नाश्ता कर औरंगाबाद जाने के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि 8:58 बजे जैसे ही उक्त स्थल पर पहुंचा। पहले से घात लगा कर बैठे दो अपराधियों ने उसकी बाइक को रोककर सड़क किनारे बने एक पुलिया पर बैठाकर बातचीत करने लगा। इस दौरान एक अपराधी ने उसके सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद वह पुल से नीचे लुढ़क गया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हत्या की खबर आग की तरह फैल गयी। घटनास्थल पर पहुंचे मृतक की पत्नी, मां, दो पुत्री, एक पुत्र समेत सगे संबंधियों का रो रोकर बुरा हाल है। आक्रोशित लोगों ने एनएच 139 को एक घंटा तक जाम रखा। इससे हरिहरगंज शहर में सड़क पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। बाद में औरंगाबाद एसडीपीओ संजय पांडेय द्वारा अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन देने के बाद सड़क जाम हटाया गया। कुटुंबा थाना पुलिस तथा एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर साक्ष्य संकलन की। पुलिस को घटनास्थल से 7 एमएम पिस्टल की गोली का खोखा मिला है।

## प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आज से लगेगा कैंप

**पांकी।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में 20 से 29 मार्च तक रोजगार युक्त शिक्षा के लिए स्व नियोजन के लिए सर्वे अमीन तकनीकी प्रशिक्षण का नामांकन किया जाएगा। यह जानकारी नवभारत निर्माण संस्थान के प्रशिक्षण प्रभारी ने दी। बताया कि 20 से 29 मार्च तक सुबह 11 से संध्या 3:00 बजे तक नामांकन का कार्य किया जाएगा। नामांकन के बाद 30 मार्च से प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण की योग्यता नन मैट्रिक, मैट्रिक, उच्च योग्यताधारी भी है। उन्होंने बताया कि बेरोजगार युवक-युवतियां प्रशिक्षण प्राप्त कर कुशल अमीन बनकर अच्छी कमाई कर सकते हैं। मेधावी छात्रों के लिए संस्थान में नियमावली के आधार पर रोजगार की भी गारंटी है।

# ऑपरेशन सतर्क के तहत अवैध शराब जब्त




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला आरपीएफ प्रभारी के नेतृत्व में अधिकारी व सुरक्षा बल ने अपराधी गतिविधि निगरानी व शराब तस्करी रोकथाम के लिए ऑपरेशन सतर्क के तहत अभियान चलाया गया। इस संबंध में आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने बताया कि मोहम्मदगंज स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद कोच संख्या-084589 के अगले दोनों शौचालय के मध्य में एक सफेद प्लास्टिक का थैला व एक ब्राउन रंग का अंडा का पेटी लावारिस हालत में पड़ा हुआ पाया गया। सफेद प्लास्टिक के थैला व अंडा का पेटी के संबंध में मौजूद यात्रियों से पूछा गया कि यह किसका है, किंतु किसी ने भी उक्त सफेद थैला व अंडा का पेटी को अपना मालिकाना हक नहीं बताया और ना ही कोई संदिग्ध व्यक्ति ही दिखाई दिया। उक्त बरामद सफेद प्लास्टिक का थैला व अंडा का पेटी को जपला रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। खोलकर चेक करने पर प्लास्टिक के थैले में 24 हंटर स्ट्रांग बियर व अंडा की पेटी में 48 बोतल टनाका ब्रांड देसी शराब बरामद किया गया। उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा द्वारा जब्ती सूची तैयार कर बरामद माल को अग्रिम कार्यवाही के लिए उत्पाद अधीक्षक पलामू को समय से प्रेषित किया गया।

## बिजली चोरी मामले में 19 के विरुद्ध प्राथमिकी

**हरिहरगंज।** बिजली चोरी के विरुद्ध पिपरा थाना क्षेत्र में चलाए गये छापेमारी अभियान में कई लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाया गया। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल छतरपुर के सहायक विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार ने मीटर से बाइपास कर अवैध रूप से बिजली चोरी कर उपयोग करने के मामले में जुर्माना लगाते हुए 19 लोगों के विरुद्ध पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इनमें अंधारीबाग निवासी सुकेश गुप्ता,तेन्दुई निवासी सुनिल सिंह ,विमलेश सिंह, निखिल सिंह,कृष्णा सिंह, विरेन्द्र सिंह, लाल बाबू सिंह , सत्येंद्र सिंह,बैजनाथ सिंह,रंजय सिंह ,उमेश सिंह, अनिल सिंह,अशोक सिंह,विजेंद्र सिंह, विजय सिंह, अम्बाझरना निवासी अंबिका सिंह , धर्मेंद्र सिंह ,सीताराम सिंह , अजय सिंह का नाम शामिल है। छापेमारी दल में प्रधान विद्युतज्ञ दयानंद सिंह,मानव दिवस कर्मी अंजय कुमार मेहता, बजेन्द्र पासवान सहित कई विद्युत कर्मी शामिल थे।

## एक नजर

### कादलकुर्मी में 3 आवेदन मिले, एक निष्पादन

**मोहम्मदगंज।** अंचल अधिकारी रणवीर कुमार के हस्ताक्षर से मार्च महीने में राजस्व कैंप के जारी शेड्यूल के अनुसार बुधवार को कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय में राजस्व कैंप लगाकर भूमि संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजस्व उप निरीक्षक प्रेमचंद कुमार ने बताया कि कैंप भूमि संबंधित कुल 3 आवेदन जमा किए गए। इनमें से एक को ऑन स्पॉट निष्पादित कर दिया गया है। जबकि पेंडिंग में पड़े 2 का निष्पादन प्रक्रियाधीन है। इससे संबंधित प्रतिवेदन अंचल अधिकारी को समर्पित कर दिया गया है। बता दें कि फरवरी में इस पंचायत में निर्धारित समय पर राजस्व कैंप नहीं लगाया गया था। इसकी वजह उपायुक्त की हुसैनाबाद में आयोजित कैंप कार्यालय बताया गया था।

# महाकुंभ की समाप्ति के 20 दिनों बाद भी रेल यातायात व्यवस्था नहीं हुई सामान्य

**6 से 8 बोगियों पर चल रही पैसेंजर ट्रेन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रयागराज के कुंभ मेला को लेकर सबसे अधिक बीडी सेक्शन की रेल यातायात व्यवस्था के प्रभावित होने की स्थिति बताई जाती है। यात्रियों का कहना है कि मेला के पहले से इस रेल सेक्शन के सामान्य ट्रेनों में घटाई गई बोगियों की संख्या अब तक पूरी तरह नहीं लगाई गई हैं। इस रेल सेक्शन में 3 जोड़ी सामान्य यात्री ट्रेन चलती हैं। जो इस क्षेत्र के यात्रियों की लाइफ लाइन हैं। इनमें शटल, डीजीआर (डेहरी ऑन-सोन-बरवाडीह) और बीडी (डेहरी ऑन-सोन-बरकाकाना) के नाम प्रमुख हैं। बुधवार को बीडी सवारी गाड़ी में मात्र 6 बोगियां लगी देखी गई। यात्रियों का कहना है कि कमोबेश यही स्थिति अन्य उक्त ट्रेनों की है। ऐसे में भीड़ भाड़ की वजह से सफर में जोखिम उठाना उनकी विवशता बन गई है। कुंभ मेला कब का समाप्त हो गया। मगर, रेल महकमा इस सेक्शन के यात्रियों की निरापद यात्रा के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति संवेदनशील नहीं है। ऐसा लगता है कि बोगियों की कम संख्या से यात्रियों को होने वाली असुविधा की उन्हें कोई फिक्र ही नहीं है। इसके साथ ही इन ट्रेनों की लेटलतीफी भी यात्रियों की परेशानी का सबब बन गई है। बगैर कोई पूर्व सूचना के यह यात्री ट्रेनें घंटों जहां-तहां खड़ी कर दी जाती हैं। ऐसे में यात्रियों को समय पर गंतव्य तक पहुंचना मुश्किलों भरा हो गया है। खासकर, कोर्ट कचहरी और अस्पताल के लिए इन ट्रेनों से समय पर पहुंचने को लेकर भरोसा नहीं किया जा सकता है। यात्रियों ने इस समस्या के समाधान को लेकर इसके प्रति गंभीरता से कदम उठाने की जरूरत बताया है। उन्होंने इस दिशा में सांसद से पहल की अपेक्षा की है।

### बीडीओ ने पीडीएस डीलरों के साथ की समीक्षा

# कार्डधारकों का ई-केवाईसी जल्द पूरा कराने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने हुसैनाबाद प्रखंड के सभी पीडीएस दुकानदारों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सभी डीलरों से ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए इसे शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा ई केवाईसी को प्राथमिकता के साथ 21 मार्च से 28 मार्च तक ई केवाईसी दिवस मनाते हुए प्रत्येक दिन आपूर्ति विभाग में रिर्पोट जमा करने का निर्देश दिया है। वैसे कार्डधरी जो राशन कार्ड से 6 महीना से अधिक समय से राशन उठाव नहीं कर रहे हैं,या सरकारी नौकरी में रहते हुए कार्ड सरेंडर नहीं किये हैं, वे शीघ्र राशन कार्ड सरेंडर करा लें, अन्यथा जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि पीडीएस दुकानदार ईमानदारी पूर्वक कार्य करें, और जांच प्रत्येक कार्डधारकों के घर जाकर करें। उन्होंने कहा कि जिसका अभी तक ई केवाईसी पूरा नहीं हुआ है, वे शीघ्र करा लें,अन्यथा बाद में मौका नहीं मिलेगा। प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने बैठक में जनवरी व फरवरी माह का एनएफएस वितरण की जानकारी सभी डीलरों से प्राप्त किया। वैसे डीलर जिनके दुकान में खाद्यान्न वितरण का प्रतिशत कम पाया गया, उन्हें वितरण प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया गया। वितरण प्रतिशत पूरा नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी। उन्होंने बताया कि वैसे लोग जो बाहर में रहते हैं, उसके मोबाइल पर संपर्क कर सत्यापन के लिए प्रेरित करें। ताकि वें भविष्य में कभी यह नहीं कह दे की मेरा नाम कैसे कट गया, इसलिए सत्यापन आवश्यक है। साथ ही ई-केवाईसी का सूची बनाकर आपूर्ति विभाग में जल्द जमा करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख, बीडीओ, एमओ,सहायक गोदाम प्रबंधक के अलावे अभिमन्यु सिंह, उमेश पासी, लल्लू कश्यप, अजीत गुप्ता, विजय पासवान, रमेश, उदय यादव, विजय प्रसाद कुशवाहा, जमील अहमद, प्रवीण कुमार, अजीत कुमार चौधरी, अरबिंद सिंह, आशा कुंवर के अलावा प्रखंड के सभी डीलर उपस्थित थे।



# किसान गोष्ठी में किसानों को दी गई फसल उत्पादन व कीट से बचाव की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** छतरपुर प्रखंड अंतर्गत चराई 1 पंचायत के पंचायत भवन परिसर में पंचायत के मुखिया रविंद्र राम की अध्यक्षता में फसल उत्पादन व रबी फसल में कीट व्याधि पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर विषय विशेषज्ञ के रूप में छतरपुर प्रखंड के एग्री क्लीनिक कोऑर्डिनेटर ने किसानों को बीज उपचार तकनीकी की जानकारी दी। साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि सुविधाओं पर चर्चा की। सोलर ऊर्जा से खेती करने का सुझाव दिया गया। गोष्ठी में पंचायत समिति सदस्य मानिक चंद्र राम, विष्णु देव राम, किसान मित्र कृष्ण यादव, लालू राम, अवधेश राम, कन्हाई प्रसाद, सुमित्रा देवी सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# स्टेशन पर लगे बेंचों के गुणवत्ता की खुली पोल



**8 में 5 हो गए हैं अनुपयोगी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर लगाए गए 8 में 5 सीमेंटेड बेच अनुपयोगी हो गए हैं। इससे इनकी गुणवत्ता की पोल खुल गई है। अमृत भारत योजना के तहत हाल ही में इन्हें अलग-अलग स्थानों पर स्थापित किया गया था। ऐसे में यात्रियों को ट्रेनों के इंतजार में किस तरह की परेशानी होती है, इसे सहज ही समझा जा सकता है। एक तो यात्रियों के अनुपात में वैसे ही बेंच की संख्या काफी कम है। इस पर शरारती तत्वों की बदमाशी कहा जाए या इनकी गुणवत्ता में कमी, कारण जो भी, टूटे इन बेंचों को ठीक करने अथवा बदलने को लेकर अब तक किसी ने सुधि नहीं ली है। यात्रियों का कहना है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक भवन और प्लेटफॉर्म को बेहतर तरीके से बनाया गया है। डबल लेन फुट ओवरब्रिज बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया गया है। लोस चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12.95 करोड़ की विभिन्न योजनाओं को लेकर ऑनलाइन शिलान्यास की औपचारिकता पूरी कर दी थी। इसमें यात्री शेड, प्रतीक्षालय, शीतल पेयजल और शौचालय सहित अन्य कई यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजनाएं शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने भी निरीक्षण किया है। डीआरएम सहित अन्य रेल अधिकारियों के दौरे लगातार होते रहते हैं, फिर भी इन यात्री सुविधाओं को दुरुस्त अथवा जिस गति से काम किया जाना चाहिए था, वैसा नहीं होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में गर्मी के मौसम में खासकर, पर्याप्त बेंच, शेड और शीतल जल की कमी के वजह से हो रही परेशानी और उठानी पड़ रही जोखिम के प्रति यात्रियों ने नाराजगी जताई है। सुविधा संपन्न स्टेशन का लाभ मिलने की उम्मीदों पर पानी फिर रहा है। बता दें कि स्थानीय रेलवे स्टेशन एक्सप्रेस और साधारण ट्रेनों की सुविधा को लेकर इस प्रखंड के पांच के अलावा कांडी प्रखंड (गढ़वा) सभी पंचायतों के ग्रामीणों का रेलहेड है। एक्सप्रेस की सुविधा के लिहाज से लाभान्वित होने वाले प्रखंडों की संख्या और अधिक होती है। जिसमें स्थानीय प्रखंड के रामबांध, हैदरनगर के बरडंडा, पांडू के सतबहिनी, सीमावर्ती गढवा जिले के मंझिआंव प्रखंड के मोरबे के अलावा सोन नदी पार के यात्रियों के लिए सुविधाजनक है। कांडी प्रखंड के सभी पंचायत के यात्री तो शामिल होते ही होते हैं।

## अवधेश कुमार सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद।** अवधेश कुमार सिंह डिग्री कॉलेज जपला (एके सिंह कॉलेज) के संस्थापक व अविभाजित बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय अवधेश कुमार सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर महाविद्यालय परिवार ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात क्रमशः सभी अध्यापकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सूर्यमणि सिंह ने में कहा कि 1984 में दिवंगत अवधेश कुमार सिंह द्वारा विशेषकर लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए इस महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। आज इनके सुपुत्र प्रफुल कुमार सिंह सचिव के रूप में इनके अधूरे सपने को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। मात्र एक वर्ष में इन्होंने कॉलेज को दर्शनीय बना दिया। निकट भविष्य में वोकेशनल विषय की पढ़ाई की योजना है। इस अवसर पर एकेडमिक इंचार्ज प्रो. डॉ. राम सुभग सिंह, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. आनंद कुमार, नामांकन प्रभारी प्रो. सुधीर कुमार सिंह, बर्सर प्रो.शशि भूषण सिंह, आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. अरुण कुमार सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक कुमार सिंह, डॉ. चंदन कुमार सिंह, प्रो. रेखा सिंह, डॉ. आलोक रंजन, प्रो. सुनील कुमार सिंह, प्रो. मुकेश कुमार सिंह, लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, जयशंकर प्रसाद सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, मीना गुप्ता, वृंदा कुमारी, अशोक सिंह , सुनील सिंह, प्रहलाद पाल,जय राम, मनीष कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, विवेक कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मतदाता जागरुकता दिवसः क्विज प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एक समारोह आयोजित कर बुधवार को प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता का प्रमाण पत्र वितिरित किया गया। इसके मुख्य अतिथि बीआरपी विनय कुमार सिंह मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग व अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद के निर्देश पर मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी 2025 को राजकीयकृत मध्य विद्यालय हुसैनाबाद के प्रशाल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके बाद विधानसभा चुनाव के घोषणा व चुनाव से संबंधित पदाधिकारियों के अति व्यस्तता व लगातार आठवीं, नौंवी व दसवीं परीक्षा के कारण प्रमाण पत्र वितरित नहीं किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बीआरपी विनय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चे भविष्य के निमार्ता हैं। इन्हें जिस रुप में ढ़ाला जायेगा, उस रुप में ढलेंगें। बच्चों की तैयारी काफी उत्कृष्ट कोटि की थी। ऐसे ही तैयारियों से प्रतियोगिता का मार्ग सरल व सुगम होगा। कंपटीशन में अर्जित ज्ञान मील का पत्थर साबित होगा। उद्बोधन में तैयारी करानेवाले शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता की भूरि भूरि प्रशंसा की। शिक्षक जुबैर अंसारी ने कहा कि आप सब इसी तरह लगे रहें। अवश्य सफलता कदमों को चूमेगी। शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि आज का दौर प्रतियोगिता का है। इसके लिये आरंभ काल से ही पूरी तन्मयता के साथ लगे रहना होगा। तभी मनोवांछित कामयाबी मिलेगी। सुखद व आनंदित जीवन व्यतित होगा। धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने किया। बेहतर प्रर्दशन करने वाले 18 प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरित किया गया था। प्रतिभागियों में अक्षय कुमार, शिवांश कुमार कश्यप, अभिमन्यु कुमार गुप्ता, दीपक सोनी, सत्यम कुमार, आयुष कुमार, सक्षम विश्वकर्मा, धनराज, जूली कुमारी, एकता कुमारी, पलख कुमारी, आयशा खातून, अलीशा खातून, रानी कुमारी, स्वीटी कुमारी, खुशी कुमारी, प्रीति कुमारी सहित अन्य बच्चों का नाम उल्लेखनीय है। इस कार्यक्रम में अन्य शिक्षकों में राजेश कुमार सिन्हा, आशा कुमारी, पूनम कुमारी ,रश्मि प्रकाश आदि विशेष रुप से उपस्थित थे।

# विहिप के अध्यक्ष बने लोकनाथ केसरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** स्थानीय महावीर जी मंदिर भवन हुसैनाबाद के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की एक बैठक पलामू जिला के विहिप के जिला उपाध्यक्ष लाला प्रसाद यादव, जिला समरसता प्रमुख पप्पू लाट, जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, बजरंग दल के जिला सह संयोजक सोनू सिंह व जिला संगठन मंत्री संतोष प्रसाद यादव की उपस्थिति में किया गया है। संतोष कश्यप के संचालन में नगर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का पुनर्गठन किया गया। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष लोकनाथ केसरी, उपाध्यक्ष धनंजय कुमार शौंडिक, जय कुमार मंत्री व संदीप सोनी को सह मंत्री बनाया गया है। बजरंग दल के बबलू गुप्ता संयोजक, राजू कुमार सोनी सह संयोजक, पंकज कुमार गुप्ता, शंभू शौंडिक, विनय कुमार कसेरा प्रमुख, जितेन्द्र गुप्ता, रोहित विश्वकर्मा साप्ताहिक मिलन प्रमुख, मिथिलेश सोनी, बजरंगी प्रजापति, राजा ठाकुर सामाजिक समरसता प्रमुख, आशु कुमार व रवि गुप्ता को विद्यार्थी प्रमुख बनाया गया है। अक्षय कुमार सिंह, सोनू कांस्यकार सह विद्यार्थी प्रमुख, अंकुश कांस्यकार गौ रक्षा प्रमुख, विकास कुमार कांस्यकार सह गौ रक्षा प्रमुख, रवि चंदेल, पवन भगत को सुरक्षा प्रमुख का दायित्व सौंपा गया है। इस मौके पर मुख्यतः बबलू शर्मा, रौशन चौरसिया, प्रमोद प्रजापति, मोनू कांस्याकार, विपिन पटेल, श्रवण अग्रवाल, उदय विश्वकर्मा, पंकज कुमार गुप्ता, ऋषिकेश कुमार कश्यप, गौतम कांस्यकार, पवन प्रशांत सहित सैकड़ो की संख्या में रामभक्त शामिल थे।

## कार्यक्रम | सरस्वती विद्या मंदिर जपला में दीक्षांत सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

# समय व धैर्य दो सबसे बड़े योद्धा हैंः एसडीएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय नहर मोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में दीक्षांत सह स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह में कक्षा दशम के सभी भैया-बहनों ने भाग लिया। विद्यालय के यशस्वी व सक्रिय आचार्य अजय कुमार का स्नेह मिलन सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम गौरांग महतो, अनुमंडल पदाधिकारी सह उप समाहर्ता भूमि सुधार विभाग, हुसैनाबाद, विद्यालय के सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ शिव प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र चंदेल, कोषाध्यक्ष कामख्या नारायण सिंह, सतीश कुमार सिंह, आलोक कुमार, अवकाश प्राप्त आचार्य अजय कुमार,प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय,प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती, ऊं तथा भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।कक्षा नवम में अध्ययनरत भैया-बहनों ने स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस दौरान नवम कक्षा के भैया-बहनों ने दसवीं के भैया-बहनों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आचार्य अरविंद यादव ने बच्चों के बीच गीत से मनमोहित किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि यह क्षण हमें दुःख के साथ सुख की भी अनुभूति कराता है। कई वर्षों से साथ रहकर जो अपनत्व का भाव है उससे आज बिछुड़न हो रहा है, किंतु जब यहां की अच्छाई, संस्कार एवं अनुशासन को समाज में बिखेरने के साथ अच्छे पद पर सुशोभित होंगे तो विद्यालय को गौरवान्वित महसूस होगा। यह हमारे लिए सुख की घड़ी होगी। मुख्य अतिथि एसडीएम ने कहा कि बच्चे समय का हमेशा सदुपयोग करें और गुरु के बताए मार्गों पर हमेशा चलने का प्रयास करें तभी आपका जीवन सफल होगा।समय और धैर्य दोनों ही जीवन में सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमेशा खुद पर भरोसा रखें, तब भी जब दूसरे आप पर संदेह करें। आप अद्भुत चीजें करने में सक्षम हैं, और कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ, आप वह सब कुछ हासिल कर सकते हैं जो आप अपने मन में ठान लें। अध्यक्ष डॉ. शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ. सत्येन्द्र चंदेल व सचिव राकेश तिवारी ने स्वस्थ्य व परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य दीपक पाण्डेय, रणजीत मिश्रा, राजेश्वर सिंह यादव, हर्षदा चौबे, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, मृत्युंजय प्रसाद, छाया कुमारी,शशि कुमार, नीतीश मिश्रा, सुनील गुप्ता सहित सभी आचार्य-दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

## राजस्व कैंप का नया शेड्यूल जारी

**मोहम्मदगंज।** अंचल अधिकारी रणवीर कुमार ने फरवरी के बाद अब मार्च महीने में आयोजित होने वाले राजस्व कैंप का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसमें 20 मार्च को भजनियां, 22 मोहम्मदगंज, 24 गोड़ाडीह, 27 लटपौरी, 29 कोल्हुआ-सोनबरसा के बाद रामबांध में 3 और पंसा में 5 अप्रैल को राजस्व कैंप लगाकर भूमि संबंधित यथा-लगान रसीद, रैयत के नाम और खाता व प्लॉट आदि की त्रुटियों में सुधार करने की बात कही गई है। सभी जगहों में कैंप पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक लगाया जाएगा। राजस्व उप निरीक्षक और अंचल निरीक्षक आदेश का अनुपालन करेंगे। कैंप में पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य होगा। उन्हें भी इसके लिए सूचित किया गया है। अंचल अधिकारी ने बताया कि पंचायतवार कैंप लगाकर भूमि संबंधित आवेदनों के निष्पादन का आदेश प्राप्त हुआ है। इसी के आलोक में इस माह में भी सोमवार, गुरुवार और शनिवार को कैंप लगाकर आवेदनों का निष्पादन किया जाएगा। संबंधित राजस्व उप निरीक्षक को कैंप से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन प्रति दिन शाम 4 बजे तक उन्हें समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।

## अनुकंपा समिति की बैठक में 8 मामलों पर लिया गया निर्णय

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुकंपा का लाभ देने के लिए जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। जिसमें उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्ति के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर लाभान्वित करने के लिए कुल 8 मामले रखे गए। उक्त सभी मामलों पर नियमानुसार आवश्यकता कार्रवाई करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, सिविल सर्जन चतरा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, जिला परिवहन पदाधिकारी इन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# शहर में निकला मंगलवारी जुलूस अखाड़ों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

**रामनवमी की तैयारियों के तहत विभिन्न अखाड़ों का प्रदर्शन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रामनवमी की तैयारियों के तहत मंगलवार को शहर में पारंपरिक मंगलवारी जुलूस निकाला गया। इसमें विभिन्न अखाड़ों के युवाओं ने लाठी, तलवार और अन्य शस्त्रों के हैरतअंगेज करतब दिखाए। जुलूस देर रात तक शहर के मुख्य चौक-चौराहों से होते हुए अपने-अपने अखाड़ों में वापस लौटा।

इस दौरान पुलिस सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, टीओपी वन प्रभारी रूद्रानंद सरस और टीओपी टू प्रभारी अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस जवान जुलूस के साथ गश्त कर रहे थे।



### बिजली के करंट से मचा हड़कंप

जुलूस के दौरान पिंक पैलेस के समीप डीजे वाहन हाई वोल्टेज तार से छू गया, जिससे करंट लगने की घटना हुई। कुछ युवक करंट के झटके से घायल हो गए, जिससे अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए शहर थाना प्रभारी ने तत्काल कार्रवाई की और युवाओं को शांत कराया।

गौरतलब है कि शहर में मंगलवारी जुलूस की परंपरा दशकों से चली आ रही है, और हाल के वर्षों में इसमें शामिल होने वाले अखाड़ों की संख्या बढ़ी है। रामनवमी के पहले विभिन्न मंगलवारों को यह जुलूस निकाला जाता है।

## 2.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

**टंडवा (चतरा)।** दो दिन पूर्व थाना क्षेत्र के उड़सू मोड़ में अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेज दिया गया। यह जानकारी बुधवार को थाना प्रभारी उमेश राम ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित छापेमारी टीम ने उड़सू मोड़ के समीप से तेलियाडीह निवासी टेकाधर साव पिता स्व चमन साव को 2.50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया था। उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

## श्रीरामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने मिथिलेश

**चंदवा।** शिव मंदिर श्रीराम चौक हरैया मोड़ के प्रांगण में मंगलवार की संध्या रामनवमी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में रामनवमी धूमधाम से मानने को लेकर विचार विमर्श कर समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष मिथिलेश कुमार साहू,उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल,कोषाध्यक्ष जवाहर जायसवाल व बिजेंद्र साहू, सचिव राहुल जायसवाल, उपसचिव छोटू रजक,संरक्षक सत्यवान सिंह,मृत्युंजय कुमार सिंह,जितेंद्र साहू,कैलाश जायसवाल,अजय जायसवाल, गोपाल साव,विजय जायसवाल, सुबोध जायसवाल,संतोष जायसवाल,नरेश अग्रवाल,पारस गुप्ता का मनोनयन किया गया है।

# नवाबाजार के चेचनाहा राजहरा बालू घाट से अवैध परिवहन का मामला उठाया

**सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सह भाजपा नेता किशोर पांडेय ने डीसी को सौंपा ज्ञापन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सह भाजपा नेता किशोर पांडेय ने नवाबाजार प्रखंड स्थित चेचनाहा राजहरा बालू घाटसे प्रतिदिन हो रहे अवैध बालू परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने पलामू डीसी शशि रंजन, सदर एसडीओ सुलोचना मीणा और नवाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार को ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन में किशोर पांडेय ने कहा कि उक्त बालू घाट से रोजाना 40 से 50 ट्रैक्टरों के जरिए अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा है। इस अवैध परिवहन की शिकायत उन्होंने पहले भी वरीय अधिकारियों से की थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन की मिलीभगत से ही यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

नवाबाजार प्रखंड के कंडा, बसना, कोठी, राजहरा और नवाबाजार सहित मेदिनीनगर शहरके कई ट्रैक्टर इस अवैध परिवहन में लगे हुए हैं, जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है और अपराधियों का मनोबल बढ़ रहा है।

किशोर पांडेय ने वरीय पदाधिकारियों से चेचनाहा राजहरा बालू घाट पर अवैध बालू परिवहन पर शीघ्र रोक लगाने की मांग की है।

# अस्पताल में डॉक्टर व मरीजों की सुविधा प्राथमिकता जल्द होगा ओपीडी व्यवस्था का सुधार : डॉ. अजय कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय कुमार ने कहा कि उनकी प्राथमिकता डॉक्टरों और मरीजों को उचित सुविधाएं उपलब्ध कराना है। गर्मी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में पंखे और कूलर की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।



डॉ. अजय कुमार ने बताया कि ओपीडी व्यवस्था को जल्द ही पूरी तरह व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। मरीजों को मिलने वाले नाश्ते और भोजन की जानकारी के लिए मेनू डिस्प्ले किया जाएगा। साथ ही, अस्पताल में स्थित किचन को बड़ा बनाया जाएगा ताकि भोजन की गुणवत्ता बेहतर हो।

अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उनकी मॉनीटरिंग की जाएगी। पाली से संबंधित किसी भी सूचना के मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की शिफ्ट का साप्ताहिक रोस्टर अपडेट किया जाएगा, जिससे मरीजों को यह जानकारी मिल सके कि किस कक्ष में कौन-सा ओपीडी संचालित हो रहा है।

अस्पताल परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और नई ओपीडी भवन की सीढ़ी तथा बिजली की समुचित व्यवस्था जल्द बहाल की जाएगी।

## सीसीएल प्रबंधन पर वादाखिलाफी का आरोप आंदोलन की चेतावनी

**टंडवा (चतरा)।** ट्रक वाहन मालिकों की बैठक बुधवार को आम्रपाली परियोजना स्थित एक नंबर बैरियर की समीप कार्यालय में रंजन शर्मा की अध्यक्षता में हुई। संचालन बद्री साहू ने किया। बताया गया कि पिछले दिनों 4 फरवरी को सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता में बनी सहमति को अब तक प्रबंधन अमल में नहीं लाया गया है। उक्त बैठक में मुख्य तौर पर 25 हजार टन से कम कोयले की ढुलाई ट्रकों से करने, ट्रकों से ढुलाई के लिए प्रतिदिन 4 सौ फार्मेट देने, कोल स्टाक खदान से उपर बनाने, अच्छी गुणवत्ता वाला कोयला उपलब्ध कराने व विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के ट्रकों से ढुलाई हेतु रोड़ सेल के लिये प्रतिमाह 30 हजार टन कोयले का ऑक्शन कराने का आश्वासन दिया गया था। समुचित पहल नहीं होने से वाहन मालिकों ने क्षुब्ध होकर कोल डिस्पैच रोकने का निर्णय लिया है।

# अवैध रूप से संचालित अस्पताल व अल्ट्रासाउंड केंद्र सील, दो हिरासत में

**एमएमसीएच के निकट चल रहा था अवैध अस्पताल, प्रशासन ने की कार्रवाई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमएमसीएच के निकट अवैध रूप से संचालित 'रक्षक इमरजेंसी हॉस्पिटल' को बुधवार दोपहर प्रशासन ने दोबारा सील कर दिया। इस अस्पताल में बिना मान्यता के अल्ट्रासाउंड जांच और मरीजों का इलाज किया जा रहा था। मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनके खिलाफ प्राथमिक दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



गौरतलब है कि इस अस्पताल को 10 दिसंबर 2024 को भी सील किया गया था, लेकिन इसके बावजूद इसे फिर से संचालित किया जा रहा था। यहां छतरपुर, पाटन, लेस्लीगंज समेत जिले के विभिन्न इलाकों से मरीज आ रहे थे। एमएमसीएच के इतने करीब अवैध अस्पताल के संचालन से स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मियों की संलिप्तता भी स्पष्ट हो रही है।

मेदिनीनगर सदर एसडीओ सुलोचना मीणा को गुप्त सूचना मिली थी कि 'रक्षक इमरजेंसी हॉस्पिटल' में अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड किया जा रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए उन्होंने एमएमसीएच के डॉ. एसके रवि और डीपीएम प्रदीप कुमार के साथ अस्पताल में छापेमारी की। जांच में पाया गया कि अस्पताल के संचालन से संबंधित कागजात और डिग्रियां फर्जी हैं। अस्पताल के बोर्ड पर अंकित छह डॉक्टरों में से कोई भी मौके पर मौजूद नहीं था।

मौके पर मौजूद एक मरीज को एमएमसीएच रेफर कर दिया गया, जबकि दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। सदर एसडीओ ने बताया कि दोनों आरोपियों को शहर थाना भेजा गया है और इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## नियमों की अनदेखी कर स्कूली वाहनों का हो रहा उपयोग, बच्चों की जान के साथ खिलवाड़

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में स्कूल वाहनों में बस और सवारी गाड़ी के चालकों व स्कूल संचालकों की मनमानी से बच्चों के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। औसत से अधिक बच्चों को भरकर यातायात नियमों की अनदेखी तो किया ही जा रहा है, कई जर्जर वाहनों का भी उपयोग किया जा रहा है। इटखोरी प्रखंड के पितीज, इटखोरी, करनी के अलावा विभिन्न गांवो में सैकड़ों प्राइवेट स्कूली वाहन संचालित हो रहे हैं। इन वाहनों से बच्चों को स्कूल से घर लाया और पहुंचाया जाता है। बस संचालक हो या सवारी, चाहे अन्य को भी वाहन यातायात नियमों का पालन किए बिना वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठा रहे हैं। वाहनों में नन्हे बच्चों को बैठने तक जगह नहीं मिल पाती है। ज्ञात हो कि कई स्कूल में पुरानी बस चलाई जा रहा है। लेकिन संबंधित विभाग इस पर ठोस कार्रवाई नहीं करते दिख रहे हैं। जिससे बच्चों के जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बहुत सारे स्कूल वाहन में आगे और पीछे अनिवार्य रूप से बड़े अक्षरों में स्कूल बस लिखा होना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं देखा जा रहा है। स्कूल वाहन में इमरजेंसी किट और मानक के अनुकुल अग्नि शमन यंत्र होना चाहिए, सीट अनुसार बच्चा को बैठना चाहिए। लेकिन पैसा के लालच में बच्चों को ठूसकर बैठाया जा रहा है।

# सुनीता विलियम्स की सकुशल वापसी पर रजवाडीह मध्य विद्यालय में हर्ष

**अंतरिक्ष यात्री के साहस और धैर्य से बच्चों को कराया गया परिचय**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की सकुशल धरती वापसी पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी, शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रान, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर और लैब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने विद्यार्थियों को सुनीता विलियम्स के साहस, धैर्य और वैज्ञानिक जिज्ञासा से परिचित कराया। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि 'गुजरात मूल की सुनीता विलियम्स' अपने साथी अंतरिक्ष यात्री 'बुच विलमोर' के साथ 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' के तहत 8 दिनों के लिए अंतरिक्ष में गई थीं। हालांकि, 'स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी' के कारण उन्हें '9 माह से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहना पड़ा। अंततः 'फ्लोरिडा तट' पर उनकी सुरक्षित वापसी से पूरी दुनिया ने राहत की सांस ली। उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स के भारतीय मूल का होने पर भारत को गर्व है। उनके साहस और समर्पण से देश के युवाओं को प्रेरणा मिलती है कि लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।




# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएँ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के समाहरणालय सभाकक्ष में बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएँ प्रस्तुत कीं। उपायुक्त ने सभी की शिकायतें सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। पाटन प्रखंड, ग्राम चेतमा के एक आवेदक ने गाँव में तालाब निर्माण का अनुरोध किया, जिससे सिंचाई में सुविधा होगी और कई ग्रामीण लाभान्वित होंगे। चैनपुर प्रखंड, ग्राम मड़गाँवा के जोगन मांझी नामक फरियादी ने मलेरिया कार्यालय पलामू में छिड़काव कर्मी के पद पर पुनः बहाली की मांग की। नौडीहा बाजार प्रखंड, ग्राम सिलदाखुर्द के एक आवेदक ने पैक्स अध्यक्ष द्वारा समय पर धान क्रय नहीं किए जाने की शिकायत की। सदर प्रखंड, ग्राम रजवाडीह के एक महिला ने अबुआ आवास योजना के तहत घर निर्माण के लिए चापाकल से पानी लेने में उत्पन्न समस्या के संबंध में उपायुक्त से हस्तक्षेप की मांग की। चैनपुर प्रखंड, ग्राम सलतुआ के एक महिला ने अंचल कार्यालय द्वारा म्यूटेशन नहीं किए जाने की शिकायत दर्ज की। जनता दरबार में भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन और स्वास्थ्य संबंधी मामलों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी प्राप्त आवेदनों का त्वरित और उचित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# पवित्र ज्योति कलश रथ यात्रा मोरबे पहुंचा, श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर पवित्र ज्योति कलश रथ यात्रा गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण करते हुए मझिआंव होते मोरबे पंचायत मुख्यालय पहुंचा। वहां पर वरिष्ठ गायत्री परिजन सुदेश सिंह,सुरेश साव, शैलेन्द्र प्रसाद, अनिल प्रसाद, ललन साव सहित अन्य कई गायत्री परिजनों द्वारा ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। पूजा-अर्चना व आरती की गई। इसके पूर्व बुढ़ी खाड़ बजरंगबली मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई। इस दौरान सायं काल में मोरबे बाजार में शिव स्थान पर विराट दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अशोक विश्वकर्मा द्वारा कर्मकांड संपन्न कराया गया। शांतिकुंज हरिद्वार से ज्योति कलश के साथ आये राजकुमार, गायत्री परिवार के युवा मंडल के जिला संयोजक बीरेन्द्र सोनी द्वारा भजन गायन किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राजकुमार ने कहा कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा पूरे विश्व में एक अभियान चलाया जा रहा है। गायत्री परिवार के संस्थापक गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के मनुष्य में देवत्व का उदय कर युग परिवर्तन करने के संदेश को व गायत्री महामंत्र की महिमा के बारे में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इससे आने वाले समय में इस धरती पर ही स्वर्ग जैसा वातावरण बनाया जा सके। इस संबंध में गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह ने बताया कि मझिआंव में ज्योति कलश सोमवार को पहुंचा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए रात्रि में गायत्री शक्तिपीठ पर विश्राम होता है। बुधवार को ज्योति कलश का रपूरा गांव में शिव मंदिर पर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद ज्योति कलश बरडीहा प्रखंड के लिए रवाना हो गया।



# तापमान में गिरावट, गर्मी से राहत, ठंडक का अहसास बढ़ा

**दिन में हल्की गर्मी, रात में ठंडी हवाओं का असर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में बीते तीन दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों को तीव्र गर्मी से राहत मिली है। दिन में हल्की गर्मी महसूस हो रही है, लेकिन रात में ठंडक बढ़ गई है। शनिवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिससे दिन में गर्म हवाएं चल रही थीं। हालांकि, अब तापमान में गिरावट आई है, और मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार से पांच दिनों तक तापमान और कम हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, मार्च के अंत से गर्मी का प्रभाव दोबारा बढ़ने लगेगा।

**तापमान (डिग्री सेल्सियस)**

| दिन | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| शनिवार | 40.7 | 18.5 |
| रविवार | 37.6 | 21.1 |
| सोमवार | 35.8 | 20.2 |
| मंगलवार | 35.8 | 17.9 |
| बुधवार | 36.2 | 15.9 |

# मार्च के अंत तक मंईयां सम्मान योजना की बकाया राशि मिलेगी

**88 हजार से अधिक महिलाओं के खाते में भेजी जाएगी रकम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले की 88 हजार से अधिक महिलाओं को 'मंईयां सम्मान योजना' की बकाया राशि मार्च के अंत तक मिलने की संभावना है। राज्य सरकार इस योजना के लाभुकों के खाते में लंबित राशि भेजने की तैयारी कर रही है।

पिछले दिसंबर में 3,72,937 महिलाओं के खातों में योजना की राशि भेजी गई थी, लेकिन मार्च में केवल 2,84,006 महिलाओं को ही 7,500 रुपये की एकमुश्त राशि मिली थी। शेष 88 हजार महिलाओं को राशि नहीं मिल पाई थी, क्योंकि उनके बैंक खाते आधार से लिंक नहीं थे या अन्य तकनीकी खामियां थीं।




अब संबंधित विभाग लाभुकों की सूची को अपडेट कर रहा है, और सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक विक्रम आनंद ने बताया कि मार्च के अंत तक सभी महिलाओं को योजना की राशि भेज दी जाएगी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की

# 'चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए सुझाव आमंत्रित'

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त 'शशि रंजन' ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के 'विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों' के साथ बैठक की। बैठक में 'प्रपत्र 6, 7 और 8' से जुड़ी जानकारी दी गई और मतदाता सूची, वोटर कार्ड से संबंधित समस्याओं व चुनाव प्रणाली से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

'जिला निर्वाचन पदाधिकारी' ने कहा कि 'चुनावी प्रक्रियाओं को कानूनी ढांचे के भीतर और मजबूत करने के लिए सभी दलों के सुझाव आमंत्रित हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी दल को मतदाता सूची या चुनाव प्रक्रिया से संबंधित कोई परेशानी है, तो वह इस बैठक में उसे रेखांकित कर सकता है या आगामी बैठक में इस पर चर्चा कर सकता है।



**नाम विलोपन और दो स्थानों पर वोटर कार्ड के मुद्दों पर चर्चा :** बैठक में 'विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों' ने 'नाम विलोपन (नाम डिलिटेशन) और एक ही व्यक्ति के दो स्थानों पर वोटर कार्ड होने' जैसे विषयों को उठाया। इस पर 'जिला निर्वाचन पदाधिकारी' ने बताया कि 'निर्वाचन आयोग' वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने की दिशा में काम कर रहा है, जिससे यह समस्या स्वतः समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि 'अगले तीन महीनों में डुप्लीकेट ईपीआईसी से संबंधित त्रुटियों को सुधारने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है'। उन्होंने यह भी बताया कि 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2025 को 'अर्हता तिथि' मानते हुए 'मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने' की प्रक्रिया चलेगी। इसके लिए 'प्रपत्र 6' में 'रंगीन फोटो, आयु प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र' के साथ अग्रिम आवेदन किया जा सकता है।

**राजनीतिक दलों को चुनावी ऐप्स की जानकारी दी गई :** बैठक के दौरान चुनावी प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न मोबाइल ऐप्स की भी जानकारी दी गई, जिससे दलों को मतदाता सूची और चुनाव प्रबंधन में सहूलियत होगी।

इस अवसर पर 'आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), आजसू पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल' के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन के सामने गंदा पानी से यात्रियों की परेशानी बढ़ी



**स्टेशन रोड पर जलभराव से सफर हुआ मुश्किल, यात्री और दुकानदार परेशान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने कई दिनों से नाले का गंदा पानी सड़क पर जमा हो गया है, जिससे यात्रियों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानी हो रही है। सड़क पर बहता गंदा पानी स्वच्छ भारत अभियान के दावों को भी खोखला साबित कर रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि स्टेशन रोड पर स्थित कई होटलों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण यह पानी सड़क पर जमा हो गया है। इसके अलावा, रेलवे द्वारा किए जा रहे नाले के विस्तार कार्य के कारण भी जलभराव की समस्या बढ़ गई है।

यात्रियों और दुकानदारों की परेशानी को देखते हुए नगर निगम के सिटी मैनेजर शाहिद हसन ने कहा कि रेलवे द्वारा नए निर्माण के कारण नाली का पानी सड़क पर बह रहा है, लेकिन इसे जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा।

## एक नजर

### जरूरतमंद को नहीं मिला अबुआ आवास

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव में जरूरतमंद लोगों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उनके बजाए दूसरे तीसरे और चौथे व्यक्ति को सीधे तौर पर उक्त योजना का लाभ दिया जा रहा है। गांव के राजेश प्रसाद पिता अंबिका साहू एक ऐसे युवक हैं जिनके पास रहने के लिए घर नहीं है। बावजूद मिट्टी के ढ़ह चुके घर में वह अपने परिवार के साथ किसी तरह जीवन व्यतीत कर रहे हैं। राजेश ने कहा कि मेरे पास रहने के लिए एक टूटा फूटा खपड़ा घर के अलावा दूसरा और कोई घर नहीं है। मैं उसी घर में वर्षों से अपने परिवार के साथ रह रहा हूं।

### गार्टन विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**मेराल।** बंका रोड स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन विद्यालय में बुधवार को वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट निदेशक धर्मेंद्र देव द्वारा अभिभावकों की मौजूदगी में जारी किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों को उत्तर पुस्तिका,प्रोग्रेस रिपोर्ट कार्ड प्रदान किया गया। बच्चों की प्रगति पर विचार विमर्श किया गया। धर्मेंद्र देव ने अभिभावकों से बेहतर परिणाम के लिए बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने,आवश्यक शिक्षण सामग्री को उपलब्ध कराने और बच्चों की प्रगति का मूल्यांकन करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 20 सीट निःशुल्क शिक्षा के लिए आवंटित है।

# मुख्यमंत्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री बंशीधर नगर मंदिर में की पूजा-अर्चना

## झारखंड वासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली, उन्नति की कामना की



**नवीन मेल संवाददाता**

**बंशीधर नगर/ गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिला स्थित श्री बंशीधर नगर पहुंचे। अनुमंडल कार्यालय स्थित हैलिपैड पर मुख्यमंत्री को पहुंचने पर पलामू के आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाईएस रमेश, गढ़वा उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही मुख्यमंत्री को स्थानीय प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर किया गया। राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के उदघाटन के पूर्व मुख्यमंत्री सीधे श्री बंशीधर मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री बंशीधर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंड वासियों की सुख, समृद्धि, शांति, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। मुख्यमंत्री ने श्री राधा वंशीधर जी युगल सरकार की विधिवत चरण दर्शन पूजन किया। मंदिर में दो दिवसीय विशेष पूजन और अनुष्ठान के लिये काशी व देश के विभिन्न स्थानों से पधारे विद्वान आचार्यों की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचोपचार विधि से पूजन संपन्न कराया। विशेष पूजन और अनुष्ठान के आचार्य श्रीकांत मिश्र ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव, विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह, राजपरिवार के सदस्य पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव उर्फ राजा बच्चा का पट्टाभिषेक कर बहुमान किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री श्री सोरेन के मंदिर पहुंचने पर विधायक सह मंदिर के ट्रस्टी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने उनका स्वागत किया। दर्शन पूजन के बाद श्री देव ने मुख्यमंत्री को श्री बंशीधर जी की तस्वीर प्रदान कर स्वागत किया। मौके पर पलामू आईजी सुनील भाष्कर, डीआइजी वाईएस रमेश, उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, गढ़वा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, मंदिर के पुजारी चंद्रशेखर तिवारी, आचार्य श्रीकांत मिश्र, सत्यनारायण मिश्र, मंदिर ट्रस्ट के राजेश प्रताप देव, राजपाल प्रताप देव, युवराज प्रताप देव सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंदिर के समीप स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर, संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

### विधायक ने मुख्यमंत्री से भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाने की मांग की

**बंशीधर नगर।** क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि बंशीधर महोत्सव की राजकीय महोत्सव का दर्जा मुख्यमंत्री ने दिया। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने श्री बंशीधर महोत्सव की शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री से बंशीधर मंदिर में कॉरिडोर की मंजूरी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा अति पिछड़ा विधानसभा है। यहां से लोग बाहर कमाने के लिए अन्य राज्यों में जाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को याद दिलाते हुए बताया कि जब २००९ में वह विधायक थे तो मुख्यमंत्री ने यहां पावर प्लांट का शिलान्यास किया था और चुनाव से पूर्व उन्होंने पावर प्लांट पर काम करने की बात कही थी। उन्होंने यहां रोजगार के लिए पावर प्लांट लगाने की मांग किया। उन्होंने श्री बंशीधर नगर में बस स्टैंड, खेल के लिए स्टेडियम, राजा पहाड़ी, बंशीधर मंदिर तक रोप वे बनाने की भी मांग की। उन्होंने केतार मंदिर का सुंदरीकरण, माइंस चालू करने ,बंशीधर नगर में टॉउन हॉल व बंशीधर नगर में बंशीधर नगर ऊंटरी नाम जोड़ने की मांग की। मौके पर गांडेय की विधायिका कल्पना सोरेन,विश्रामपुर के विधायक नरेश प्रसाद सिंह, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर,सोगरा बेगम,राज राजेंद्र प्रताप देव, दीपक प्रताप देव,ताहिर अंसारी ,राजेश प्रताप देव, उपायुक्त शेखर जमुआर,गढ़वा जिला एसपी दीपक कुमार पांडे ,नगर ऊंटरी अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इसके पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल कार्यालय स्थित हेलीपैड पर पहुंचने के बाद उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### इंडियन मानवाधिकार के सदस्य दुष्कर्म पीड़ित परिवार से मिले

**रंका।** प्रखंड के बाहाहारा पंचायत के एक गरीब लड़की का दुष्कर्म को लेकर इंडियन मानवाधिकार के लोग बुधवार को रंका थाना पहुंचे। इस संबंध में मानवाधिकार के कर्मियों ने बताया कि पिछले 15 मार्च को बाहाहारा पंचायत के एक गरीब परिवार के लड़की को तीन लोगों ने मिलकर अगवा किया था। एक लड़का ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। दो लड़का बचाव पक्ष में लड़के के साथ दे रहे थे। लड़की को 24 घंटा बंधक रखने के बाद सुबह जब लड़की के परिजनों ने उसे देखा तब लड़की की स्थिति काफी खराब थी। गरीबी के कारण लड़की के परिवार थाने में नहीं जाकर सीधा इंडियन मानवाधिकार आयोग को आवेदन दिया। इस मामले में एक आरोपी युवक की गिरफ्तारी हुई है। दो युवक फरार है। यह घटना 15 मार्च को घटित होने के बाद चार दिनों में पुलिस लड़की का मेडिकल जांच नहीं कराई है। मानवाधिकार आयोग ने रंका पुलिस को अच्छे से न्याय करने और दोषियों पर कार्रवाई करने को कहा, ताकि कानून पर लोगों को विश्वास बना रहे।

### आधार कार्ड बनाने व त्रुटि सुधार में अधिक राशि लेने का आरोप

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बीआरसी कार्यालय में संचालित आधार सेंटर में कंप्यूटर ऑपरेटर कौशल्या देवी द्वारा अवैध रूप से पैसे वसूली किये जाने पर लोगों ने जमकर हंगामा किया। बता दें कि सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को बैंक में खाता खोलना अनिवार्य है। उन्हें आधार कार्ड बनवाने और त्रुटि सुधरवाने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो उसके लिए बीआरसी में आधार कार्ड बनाया जा रहा है। आधार कार्ड बनाने का जिम्मा एमकेएस इंटरप्राइजेज को मिला है। लेकिन वहां पर नियम विरूद्ध काम हो रहा है, जिससे लोगों में भारी रोष है। सेंटर में आधार कार्ड बनवाने आए सिंघीताली निवासी जितेंद्र चौबे आदि लोगों ने आरोप लगाया है कि वह आधार कार्ड बनाने तथा अपडेट करने के नाम पर लोगों से 150 से 250 रुपये तक की कंप्यूटर ऑपरेटर कौशल्या देवी द्वारा वसूली किया जा रहा है। आधार कार्ड बनवाने की अधिकांश सेवाएं निःशुल्क हैं, या तो फिर उनके लिए नियत शुल्क बहुत ही न्यूनतम रखा गया है। आधार कार्ड बनवाने आए कई लोगों ने शिकायत की है कि उनसे जबरन पैसे लिए जा रहे हैं। पैसे नहीं देने पर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। इस संबंध में आधार सेंटर के कंप्यूटर ऑपरेटर कौशल्या देवी से पूछा गया तो उसने बताया की सौ रुपए आधार बनाने का फीस है, 30 रुपए सर्विस चार्ज लेना है। शेष किसी भी तरह का कोई एजेंसी खर्च नहीं मिलता है।बीईईओ रंभा चौबे ने कहा कि इसकी मुझे जानकारी मिली थी। उसे कई बार सरकार द्वारा निर्धारित राशि लेने का निर्देश दिया गया है।

### अवैध बालू ढुलाई करते तीन ट्रैक्टर जब्त

**मेराल।** सीओ यशवंत नायक व थाना प्रभारी विष्णु कांत ने मंगलवार की रात्रि छापेमारी कर अवैध रूप से बालू ले जा रहे तीन ट्रैक्टर को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर रेजो गांव के दुनूखाड़ टोला निवासी विनोद चौधरी, रमेश चौधरी, हासनदाग गांव के राजेंद्र चौधरी का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार हासनदाग उरिया नदी से बालू लोड कर सोहबरीया गांव ले जाने के दौरान पुलिस ने रास्ते में तीनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आया। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उरिया नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव कर बाहर ले जाया जा रहा है। इस सूचना के बाद सीओ के साथ मध्य रात्रि में छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान बालू लदे तीनों ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना लाया गया। जब्त तीनों ट्रैक्टर पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। मालूम हो कि बालू माफिया रात्रि में उरिया नदी से बालू उठाव कर बेचने की धंधा धड़ल्ले से जारी है।

## मंईयां सम्मान योजना की राशि खाता में नहीं आने से परेशान महिलाएं लगा रही प्रखंड का चक्कर

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** मंईयां सम्मान योजना की छठी किश्त की राशि पाने से वंचित महिलाएं प्रतिदिन दिन प्रखंड कार्यालय पहुंच कर खाता में पैसा नहीं आने का कारण जानना चाह रही हैं। बुधवार को प्रखंड कार्यालय पहुंची अनरवा देवी, सावित्री देवी ,रीना कुमारी, रंभा कुमारी, सुजाता देवी ने बताया कि आवेदन करने के बाद हम लोगों को 1000 के अनुसार लगातार चार माह तक खाते में राशि आते रहा। उसके बाद पांचवी किश्त के रूप में भी हम लोगों को 2500 की राशि खाते में आया, लेकिन उसके बाद छठी किश्त की राशि खाते में नहीं आया। जब सभी लोगों के खाते में छठी किश्त 7500 की राशि आ गया तो हम लोगों के खाते में क्यों नहीं आया। उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यालय में मंईयां समान योजना का कार्य देखने वाले कर्मचारी से पूछताछ करने पर बताया गया कि उक्त योजना का साइट बंद हो गया है।

## मछली पकड़ने के गए युवक की सोन नदी में डूबने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** थाना क्षेत्र के कोसडीहरा गांव के समीप सोन नदी में मछली पकड़ने के दौरान डूबने से लोहरगाड़ा गांव निवासी शंभू चौधरी का पुत्र श्रवण चौधरी (28)की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रवण चौधरी गांव के ही युवक इंदल चौधरी के साथ बुधवार की दोपहर सोन नदी में जाल बिछाकर मछली पकड़ रहा था। मछली पकड़ने के दौरान वह जाल में फंस गया और सोन नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई। काफी देर बाद पानी से बाहर नहीं निकलने के बाद साथ गये



युवक ने मोबाइल फोन से डूबने की सूचना श्रवण के परिजनों को दी। घटना की सूचना पाकर तुरंत ग्रामीण सोन नदी पहुंचकर शव की खोजबीन की। करीब दो घंटा बाद स्थानीय तैराक की मदद से युवक का शव बरामद किया गया। घटना की जानकारी के बाद केतार थाना के एएसआई आदित्य कुमार ठाकुर, हरिहरपुर ओपी की पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। अचानक हुए इस हादसे से गांव में मातम पसरा है। श्रवण मां-बाप का एकलौता पुत्र था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। समाजसेवी पंकज सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सीताराम शर्मा ने परिजनों का ढांढस बंधाया। बता दें कि पांच माह पूर्व लोहरगाड़ा.गांव के सोन नदी में डूबने से भाई-बहन की भी मौत हुई थी।

### मंईयां सम्मान योजना में नाम काटने से महिलाओं में रोष

**मझिआंव।** मझिआंव प्रखंड में मंईयां सम्मान योजना में आधे से अधिक महिलाओं का नाम काटने पर उनमें सरकार के प्रति काफी रोष देखा जा रहा है। साथ ही स्थानीय बैंकों में अपने राशि का पता करने के लिए इन दिनों महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। इस दौरान बैंकों में अफरा तफरी का माहौल है। यही नहीं प्रखंड कार्यालय में भी महिलाओं का प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। जब उन्हें यह पता चल रहा है कि प्रखंड कार्यालय में उनका नाम काट या नहीं कोई पता नहीं हो सकता है। तो वह सीधे बैंकों की ओर अपना रुख कर रही है। वहां जाकर परेशान हो रही है। इस दौरान बैंक के प्रतिदिन के ग्राहक भी परेशान हो रहे हैं। उनका कहना है कि खाता में राशि आया कि नहीं यह देखने के लिए महिलाओं की भारी भीड़ जुट रही है, इस कारण वह अपने राशि का लेनदेन भी नहीं कर पा रहे हैं। इस संबंध में पूछने पर बीडीओ कनक ने बताया कि महिलाएं यहां भी आ रही हैं, लेकिन चुकी मंईयां समान योजना का पोर्टल प्रखंड में खुल ही नहीं रहा है, इसलिए वह कुछ भी बता पाने की स्थिति में नहीं है। महिलाएं जिला में सामाजिक सुरक्षा विभाग में जाकर पता कर सकती है।

## शोभा यात्रा

# भक्तों ने श्रीकृष्ण की भव्य पालकी शोभा यात्रा निकाली

## आलकी के पालकी, जय कन्हैया लाल की...



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्रीकृष्ण की भव्य पालकी शोभा यात्रा बुधवार को निकाली गई। शोभा यात्रा पूरे नगर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। आलकी के पालकी, जय कन्हैया लाल की जैसे जयकारों से नगर गूंज उठा। भक्तों का उत्साह देखने लायक था। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। भगवा वस्त्र धारण किए महिला-पुरुष श्रद्धालु इस अलौकिक दृश्य को अपने मोबाइल और कैमरे में कैद करते नजर आए। पालकी पर विराजमान बाल कृष्ण के दिव्य स्वरूप को देखकर लोग भावविभोर हो उठे।

**शंखनाद व चंदन तिलक से हुआ शुभारंभ**

शोभा यात्रा का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना और शंखनाद के साथ हुआ। गायत्री परिवार द्वारा सभी श्रद्धालुओं का चंदन तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया।

**नगर में गूंजे भक्ति गीत, सजी अद्भुत झांकियां**

शोभा यात्रा के दौरान राधा-कृष्ण, सिंहवाहिनी मां दुर्गा, भगवान शंकर सहित विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं। बैंड-बाजे, डीजे और भांगड़ा की धुन पर श्रद्धालुओं ने झूमते हुए भगवान का गुणगान किया। शोभायात्रा भवनाथपुर मोड़, हेन्हो मोड़, बस स्टैंड, चेचरिया होते हुए विश्व प्रसिद्ध श्री राधा-कृष्ण बंशीधर मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंच कर श्रद्धालुओं ने भगवान का दर्शन-पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। पालकी को कंधा लगाने के लिए भक्तों में होड़ मच गई, जिससे पूरा माहौल भक्तिरस में डूब गया।

**फूलों की होली और भक्ति नृत्य ने बांधा समां**

शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने फूलों की होली खेली और भजन-कीर्तन गाते हुए नगर को भक्तिमय बना दिया। राधे-राधे जपा करो, कृष्ण नाम रस पिया करो जैसे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

**श्री बंशीधर महोत्सव का हुआ शुभारंभ**

पालकी शोभा यात्रा के साथ ही गोसाईबाग मैदान में दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का भी शुभारंभ हुआ। पूरा नगर भक्ति भाव में डूबा रहा और लोगों में इस आयोजन को लेकर गहरी श्रद्धा देखने को मिली। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा,पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर,झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी,पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, चेंबर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर, सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, प्रतिष्ठित व्यवसाय वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, मनदीप कमलापुरी, अशोक कमलापुरी शैलेंद्र कुमार, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जिप सदस्य ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा

**भवनाथपुर।** जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को श्री बंशीधर महोत्सव के आगमन पर अलग अलग मांगो की बिंदुवार ध्यान आकृष्ट कराकर मांग पत्र समर्पित किया। सौंपे गये के मांग पत्र में भवनाथपुर प्रखंड में जिला परिषद के नाम से भूमि बंदोबस्ती कराने, रोहनियां में मां शांति देवी खेल मैदान व खेल स्टेडियम बनाने , भवनाथपुर में रिक्त पदों पर पदाधिकारी का पदस्थापना कराने सहित अन्य मांग शामिल है।

### डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में निःशुल्क स्कॉलरशिप सह एडमिशन टेस्ट रविवार को

**भवनाथपुर।** प्रखंड में स्थित सेल के टाउनशिप में संचालित डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने शिक्षकों के साथ बैठक की। जिसमें छात्रावृत्ति सह नामांकन परीक्षा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा नें बताया कि यह विद्यालय सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त एकमात्र इंग्लिश मीडियम का स्कूल है,जिसमें सभी विषयों के सुयोग्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को कक्षा एलकेजी से12वीं तक की शिक्षा दी जाती है। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद की शिक्षा,संगीत की शिक्षा, कंप्यूटर की शिक्षा, पेंटिंग की शिक्षा के लिए भी अलग से शिक्षक रखे गए हैं,जो बच्चों के रुचि के अनुसार उन्हें उसे क्षेत्र मेंआगे बढ़ाने का काम करते हैं। नए सत्र के विषय में प्राचार्य ने बताया कि 25-26 के नये सत्र का शुभारंभ होने जा रहा है। इससे पूर्व विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु निःशुल्क स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक विद्यालय में रखा गया है। इस परीक्षा में मानक के अनुसार अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति की भी सुविधा विद्यालय प्रबंधन की ओर से दी जाएगी।

### गमहरिया ने परती को 8 विकेट से हराकर फाइनल में पहुंची




**केतार।** मां चतुभुर्जी प्रीमियर लीग सीजन-1 नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल मुकाबला में गमहरिया ने परती टीम को हराकर फाइनल में जगह बना लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए परती टीम ने निर्धारित 14 ओवर में 87 रन बनायी। जवाबी पारी खेलने उतरी गमहरिया कि टीम ने गोलू के 11 गेंदों में 42 रनों की विस्फोटकर बल्लेबाजी के बदौलत महज 6.2 ओवर दो विकेट खोकर 88 रन का लक्ष्य हासिल कर फाइनल में जगह बना ली। मैच में आलराउंडर प्रदर्शन करने वाले गोलू को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। गोलू ने गेंदबाजी में 2 विकेट जबकि बल्लेबाजी करते हुए 42 रन बनाए। सेमीफाइनल का दूसरा मैच मेरौनी ए बनाम मेरौनी बी के बीच खेला जायेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष बिट्टू सिंह, ऐनूल परवेज, श्याम बिहारी राम, हेमंत मेहता, रामाश्रय मेहता, दिलीप कुमार, मदन पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 11/2024–25**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 26.03.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 28.03.2025 (अपराह्न 02:00 बजे तक) |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि | :– | दिनांक 28.03.2025 (अपराह्न 03:00 बजे से) |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | जिला परिषद कार्यालय, पलामू। |
| 6 | निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान | :– | जिला परिषद कार्यालय, पलामू। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 8 | कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पाँकी | तेतराई | तेतराई | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, तेतराई में बोरिंग कार्य। | 326900.00 | 7000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | सतबरवा | घुटुवा | एकता | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, एकता में बोरिंग कार्य। | 326900.00 | 7000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | हैदरनगर | सड़ेया | पतरीया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पतरीया में बोरिंग कार्य। | 326900.00 | 7000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 4 | हुसैनाबाद | पोलडीह | पोलडीह | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पोलडीह में बोरिंग कार्य। | 326900.00 | 7000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 5 | मनातू | चक | चक | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, चक में बोरिंग कार्य। | 326900.00 | 7000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 6 | मनातू | रंगेया | पसिया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पसिया में बोरिंग कार्य। | 326900.00 | 7000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 7 | चैनपुर | ओड़नार | हरिनामाड़ | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, हरिनामाड़ में बोरिंग कार्य। | 326900.00 | 7000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 8 | छतरपुर | पिण्डराही | पिण्डराही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, पिण्डराही में बोरिंग कार्य। | 326900.00 | 7000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 9 | पीपरा | सरैया | बरवाडीह | स्वास्थ्य उपकेन्द्र, बरवाडीह में बोरिंग कार्य। | 326900.00 | 7000.00 | 2500.00 | 3 माह |

नोट–
1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3.राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

ह0/–जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 348765 (District)24-25*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा श्यामा बिल्डकॉन प्रा0लि0, कैमूर, बिहार को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढीकरण योजना पैकेज सं0– RWD/GARHWA/STPKG/12 अन्तर्गत पड़ने वाले दो पथों का एकरारनामा किया गया था, एकरारनामा के अनुसार कार्य पूर्णता की तिथि 18.09.2024 था, परन्तु आपके द्वारा कार्य को अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है जो खेद का विशय है। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा अनेको बार मौखिक रूप से निर्देशित करने एवं निबंधित पत्र पत्रांक 2439 दिनांक 11.11.2024 एवं स्मार पत्र का पत्रांक 2491 दिनांक 29.11.2024 द्वारा सूचना देने के बावजूद भी अभी तक आपके द्वारा अवशेष कार्य को पूर्ण नहीं किये जाने से प्रतित होता है कि आपका कार्य के प्रति अभिरूचि नहीं है।

अतः सात दिनों के अन्दर अवशेष कार्य को प्रारम्भ करते हुए अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करना सूनिश्चित करें अन्यथा एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप आपको Debar करने एवं आपका निबन्धन को काली सूची में दर्ज करने हेतु उच्चाधिकारीयों को सूचित करना अधोहस्ताक्षरी की वाध्यता होगी। तथा इसकी पूर्ण जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 348745 Rural Development (24-25)_D



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक ................ दिनांक ......................

**अतिअल्पकालीन ई0–कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या UDHD/MMC/41/2024-25 (2nd. Call)**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम द्वारा संचालित जलापूर्ति योजनाओं (WTP) और चापाकल से संबंधित कार्य कराने के लिए सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक सामग्री निर्माण कम्पनी या निर्माण कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी को ई0–कोटेशन के माध्यम से दिनांक 27.03.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक निर्दिश्ट सामग्रियों की दर जमा करना होगा। ई0–कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 60,000/- रू0 ऑन–लाईन करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक 28.03.2025 को 2:00 बजे अपराह्न नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। जलापूर्ति योजनाओं (WTP) और चापाकल से संबंधित सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित सामग्रियों की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| | MATERIALS REQUIRED FOR WTP | | |
|---|---|---|---|
| S.L | Items Name | Specification | Quantity |
| 1 | Bleaching ( Aditya Birla ) | | 1 ton |
| 2 | Coupling Tyre | 12, 15, 16 & 17 no. | 1 no. each |
| 3 | Nut & bolt, WASHER | Different Sizes | 1 kg |
| 4 | Rubber ( for Gasket ) | | 1 kg |
| 5 | Alluminiam Lug | All Size | 1 no. each |
| 6 | Relay (L&T/Havels) | 250 Amp, 110 Amp | 1 no. each |
| 7 | Contactor (L&T/Havels) | 110 Amp. | 1 no. |
| 8 | Copper wire | 16 mm | 1m |
| | **MATERIALS REQUIRED FOR HAND PUMP** | | |
| S.L | Items Name | Specification | Quantity |
| 1 | Body ( Bharat/ India Mark II ) | | 1 no. |
| 2 | Axle ( heavy ) | | 1 no. |
| 3 | M-seal | 90 g each box | 1 pack (6 Box ) |
| 4 | Front cover ( Bharat/ India Mark II ) | | 1 no. |
| 5 | Hand pump washer ( Burhani ) | | 1 no. |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/– सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.348776 District(24-25):D

## एनटीपीसी के तीसरे यूनिट से बिजली उत्पादन का परीक्षण सफल




**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** जिले के टंडवा में निर्माणाधीन 1980 मेगावाट के स्थापित नार्थ करनपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एनकेएसटीपीपी) के तीसरे यूनिट का सिंक्रोनाइजेशन प्रक्रिया देर रात 19 मार्च को सफल हुआ। रात्री 2:43 बजे जैसे ही तीसरे यूनिट से पिछले ढ़ाई दशक से लंबे इंतजार के बाद पूर्ण विद्युत उत्पादन के लक्ष्य को हासिल किया गया। वहां बेसब्री से इंतजार कर रहे प्रबंधन के अधिकारी झूम उठे। बता दें कि स्थापित दो यूनिटों से बिजली का उत्पादन व वितरण हो रहा है। उत्पादित बिजली झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में किफायती तौर पर निर्बाध वितरण किया जाना है। बताया गया कि भारत का यह पहला सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्रोजेक्ट है, जिसे इतने बड़े स्तर पर एयर-कूल्ड कंडेंसर के साथ डिजाइन किया गया है। यह स्थापित नवाचार तकनीक पारंपरिक तुलना में एक तिहाई पानी की खपत को कम करता है। क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक अरिंदम सिन्हा से पूरे टीम को बधाई दिया। एचओपी संजीब कुमार सुआर ने कर्मचारियों के लगातार परिश्रम और तकनीकी कुशलता की सराहना की। कहा कि तीसरे यूनिट के सिंक्रोनाइजेशन से एनटीपीसी की क्षमता में वृद्धि हुई है। उन्होंने प्रशासन व हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर कार्यकारी निदेशक (येश प्रबंधन) एके शुक्ला समेत अन्य विभागों के प्रमुख मौजूद थे।

### शत प्रतिशत ई केवाईसी को लेकर 21 से 27 तक चलेगा विशेष अभियान

# डीलर घर-घर जाकर राशन कार्ड का ई केवाईसी करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित लाभुकों (पीला कार्ड व गुलाबी कार्ड) का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी ससमय पूर्ण कराने के जिले में 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह का आयोजन जा रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत आच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आमजनों को ई-केवाईसी को लेकर जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत अच्छादित लाभुकों का शत प्रतिशत आधार सीडिंग सुनिश्चित किए जाने का आदेश जारी किया गया है। जिसमें लातेहार शहरी सहित सभी प्रखंडों के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को राशन कार्डधारी के निवास स्थान पर जाकर शत प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी करने का निर्देश दिया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने बताया गया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित सभी लाभुकों का ई-केवाईसी पूर्ण किये जाने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित है। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में ई-केवाईसी कार्य को ससमय पूर्ण कराने को लेकर 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। ई-केवाईसी सप्ताह के दौरान 21 से सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार राशन कार्डधारी के निवास स्थान पर जाकर ई-केवाईसी कार्य संपन्न करेंगे एवं उन्हें उपलब्ध करायी गई सूची में यथा स्थिति सूचनाओं की प्रविष्टि करेंगे। ई-केवाईसी संपन्न करने के दौरान मृत लाभुकों के नाम के समक्ष कॉलम 8 में ई-केवाईसी संपन्न नहीं होने के कारण मृत लिखेंगे एवं उसके परिवार के किसी सदस्य का हस्ताक्षर संपुष्टि कर प्राप्त करेंगे। ई-केवाईसी संपन्न कराने के दौरान राशन कार्ड में अंकित मोबाईल नंबर को भी सत्यापन करा लेने का निर्देश दिया गया हैं। यदि मोबाईल नंबर बदल गया है, तो नया मोबाईल नंबर की प्रविष्टि कर देंगे। जिस राशन कार्ड में मोबाईल नंबर उपलब्ध नहीं है तो राशन कार्ड धारक से मोबाईल नंबर प्राप्त कर (यदि हो तो) मोबाईल नंबर अंकित करेंगे।




## पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ।** पुलिस ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त मोहम्मद अल्ताफ उर्फ मोहम्मद ईल्ताफ को जेल भेज दिया है। यह जानकारी थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बालूमाथ थाना के प्राथमिकी अभियुक्त मोहम्मद अल्ताफ उर्फ मोहम्मद इल्ताफ पिता स्वर्गीय मोहम्मद बरकत ग्राम माड़न थाना पांकी जिला पलामू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया है। उपरोक्त अभियुक्त पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य धारा का आरोप है। छापेमारी अभियान चलाकर उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

## सरहुल हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर तैयारी शुरू



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय के नचना ग्राम स्थित आदिवासी पड़हा भवन परिसर में बारियातू प्रखंड स्तरीय प्रकृति का महापर्व सरहुल हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाने को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इस निमित्त आयोजित बैठक कि अध्यक्षता महाबीर उरांव ने की। संचालन प्रमोद उरांव ने किया। बैठक में सरहुल पूजा को विधिवत मनाए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर सफल आयोजन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। पूर्व मुखिया अर्जुन उरांव. रामप्रीत लोहरा, सुरेश गंझू, बहादुर गंझू, राजीव भगत, योगेंद्र गंझू धनेश्वर उरांव जगदीश उरांव, योगेंद्र गंझू सहित कई लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर रुकनी भगत, तेतरी उरांव, तारामनी उरांव, सहदुल उरांव ,महेश उरांव, अर्जुन उरांव अशोक उरांव, नंदू उरांव सहित कई बुद्धिजीवी, समाज सेवी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आयुक्त के दौरे को लेकर डीडीसी पहुंचे टंडवा, लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त का प्रखंड दौरे को देखते हुए हर संभावित त्रुटियों को दूर करने के लिए व्यापक प्रशासकीय तैयारी की जा रही है। बुधवार को उप विकास आयुक्त प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की। सूत्रों की मानें तो प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक मामलों पर कार्रवाई को लेकर लोगों की निगाहें टिकी है। बता दें कि राजस्व विभाग के मिलीभगत से फर्जीवाड़ा,अवैध जमाबंदी, मुआवजा और नौकरी लेने के कई गंभीर आरोपों वाले मामले वैसे तो लगातार सामने आते रहे हैं। इन्हीं में हल्का 3 मौजा सिसई का एक मामला 13 दिसंबर 2024 को राज्यपाल के संज्ञान में लाया गया था। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा उपायुक्त चतरा व प्रमंडलीय आयुक्त के दिशा-निर्देशों को ताक पर रखकर गलत प्रतिवेदन सौंपने के आरोप लगा था। दूसरी ओर सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना प्रबंधन द्वारा रेलवे लाइन निर्माण को लेकर गुपचुप व फर्जी तरीके से अनापत्ति लेने के आरोपों पर राज्यपाल के निर्देश पर उक्त कार्रवाई होने का दावा किया जा रहा है। पूछे जाने पर एसी अरविंद कुमार ने बताया कि मुख्य तौर पर प्रखंड व अंचल कार्यालय का समीक्षा की जायेगी। इस दौरान अन्य शिकायतकर्ता भी अपनी बातों को जांच टीम के समक्ष रख सकते हैं।

## ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

- **मृतक की पहचान जोसेफ तुरी पिता रंथू तुरी (खड़िया टोला, तलसा तिसिया) लोहरदगा के रूप में हुई है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेल खंड पर महुआमिलान और निंद्रा रेलवे स्टेशन के बीच पुतरीटोला गांव के पास पोल संख्या 172/35 के समीप बुधवार को बीडी पैसेंजर ट्रेन से गिरकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान जोसेफ तुरी पिता रंथू तुरी (खड़िया टोला,तलसा तिसिया) लोहरदगा के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के पिता रंथू तुरी ने बताया कि वह अपने पुत्र व संबंधियों के साथ टोकिसूद स्टेशन से बीडी ट्रेन में टोरी लौट रहे थे। तभी निंद्रा स्टेशन व महुआमिलान के बीच पुतरी टोला के समीप अचानक मेरा पुत्र ट्रेन से नीचे गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घटना कि सूचना पाकर आरपीएफ टोरी ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में भर्ती कराया। अस्पताल लाने के क्रम में रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई। मृतक के पिता ने बताया कि वे लोग अपने पुत्र व रिश्तेदारों के साथ पतरातू के टोकीसूद होने वाली पुत्रवधू के घर शादी की तारीख तय करने गए थे। सगे संबंधियों से रायशुमारी के बाद पुत्र जोसेफ की शादी अगले महीने 19 अप्रैल को तय की गई थी। इसके बाद हम लोग वहां से अपने घर लोहरदगा लौट रहे थे। इस दौरान उक्त घटना घटी। घटना की सूचना मिलते ही युवक के परिवार व उसके होने वाले ससुराल में मातम पसर गया। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।


### कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
(आपूर्ति शाखा)
**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित लाभुकों (पीला कार्ड एवं गुलाबी कार्ड) का शत–प्रतिशत **e-KYC** ससमय पूर्ण कराने हेतु दिनांक 21.03.2025 से दिनांक 27.03.2025 तक "**e-KYC** सप्ताह" का आयोजन किया जाना है।

दिनांक 21.03.2025 से सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता राशन कार्डधारी के निवास स्थान पर जाकर e-KYC कार्य सम्पन्न करेंगे एवं वे सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी कार्डधारकों की सूची में यथा–स्थिति सूचनाओं का प्रविष्टि करेंगे।

e-KYC सम्पन्न करने के दौरान मृत लाभुकों के नाम के समक्ष कॉलम–8 में e-KYC सम्पन्न नहीं होने के कारण "मृत" लिखा जायेगा एवं उसके परिवार के किसी सदस्य का हस्ताक्षर सम्पुष्टि हेतु प्राप्त किया जाना अनिवार्य है। e-KYC सम्पन्न कराने के दौरान राशनकार्ड में अंकित मोबाईल नम्बर को भी सत्यापित किया जायेगा। यदि मोबाईल संख्या बदल गया है, तो नया मोबाईल संख्या की प्रविष्टि की जायेगी। जिस राशनकार्ड में मोबाईल संख्या उपलब्ध नहीं है, तो राशनकार्डधारकों से मोबाईल संख्या प्राप्त कर (यदि हो तो) अंकित कर दिया जायेगा। साथ ही आधार संख्या Seeded नहीं है, तो आधार नम्बर Seeded कर, उसका भी e-KYC सम्पन्न किया जायेगा।

यदि परिवार का कोई सदस्य अन्यत्र पलायित है, तो उसका सम्पर्क नम्बर पर, कॉल कर वे जहाँ हैं, वहीं पर किसी भी जन वितरण प्रणाली के दुकान में जाकर e-KYC प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु जन वितरण प्रणाली विक्रेता के माध्यम से सुझाव प्रदान किया जायेगा तथा इस संदर्भ में सर्वसाधारण स्वयं भी अपने परिवार के सदस्यों को संसूचित करें।

"**e-KYC** सप्ताह" के दौरान प्राप्त सूची के आलोक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा निर्णय लेकर मृत लाभुकों/राशनकार्ड के अयोग्य लाभुकों का राशनकार्ड से नाम हटा दी जायेगी।

PR 348797 District (24-25)D — जिला आपूर्ति पदाधिकारी,पलामू।


## सीडीपीओ से जातीय जनगणना कराने के बाद सहायिका का चयन कराने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के मेदवाडीह आंगनवाड़ी केंद्र कोड संख्या 44 के पोषक क्षेत्र के ग्रामीणों ने बुधवार को सीडीपीओ के आवेदन देकर जातीय जनगणना कराने के बाद सहायिका का चयन कराने की मांग किया हैं। आवेदन में मेदवाडीह ईचातु डोकवा और हारुल गांव के दर्जनों अनुसूचित जाती व अनुसूचित जनजाति ग्रामीणों ने कहा कि इस पोषक क्षेत्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की आबादी अधिक है, फिर भी इन जाती के लोगों को सरकारी लाभ या सरकारी कार्यो की सहभागिता में अनदेखा किया जाता है। कुछ ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हारुल गांव के लोगों को किसी प्रकार के कोई जानकारी नहीं दिया जाता हैं। आवेदन देने वालों में पंकज गंझू,शीला देवी,संतोष गंझू,सतेंद्र कुमार, सुनीता कुमारी,फुलिया देवी, सोमरी देवी,ऊनि देवी,रूबी देवी प्रेमनी भारती बसंती देवी पुनत भारती, कुन्ती भारती, लालिती भारती, पारो भारती, लीलमी भारती, नगिया भारती,बबिता भारती, कलोइया भारती,सुनीता भारती,कोशिला देवी,संगीता भारती आदि का नाम शामिल है।

## नेताओं का शिष्टमंडल बीडीओ से मिला



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड कार्यालय में बीडीओ संदीप कुमार से कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान के नेतृत्व में स्थानीय नेताओं का शिष्टमंडल बुधवार को मुलाकात कर क्षेत्र में हो रही ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान बीडीओ से स्थानीय नेताओ ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना से मनिका प्रखंड से लगभग पांच हजार महिलाओं का नाम काटा गया है। उनमें वैसे ग्रामीण महिला भी शामिल हैं, जो मंईयां सम्मान के हकदार थी। स्थानीय नेताओ ने बीडीओ से कहा कि योग्य ग्रामीण महिलाओ का नाम पुनः मंईयां सम्मान योजना की सूची मे शामिल किया जाये। स्थानीय नेताओ ने प्रखंड मे कार्यरत पंचायत सचिव के संबंध मे कहा कि पंचायत में बिचौलिया तबके के लोगो के साथ पंचायत सचिव क्षेत्र मे कार्य करवाते है। इस कारण योग्य ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ नही उठा पाते। स्थानीय नेताओ की बातों को सुनकर बीडीओ संदीप कुमार ने कहा की उनका पहला प्रयास होता है, गरीब, वंचित परिवारों के बीच सरकारी लाभ पहुंचाना। इसके लिए वह स्वयं क्षेत्र भ्रमण कर अंतिम पायदान में खड़े लोगों के बीच योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रयासरत है। मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार, पूर्व सासंद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय सहित अन्य मौजूद थे।


### कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................. दिनांक .........................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 34/2024–25**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में ग्रीष्मकालीन टैंकर द्वारा पेय जलापूर्ति हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा निबंधित इच्छुक संवेदक, अलग–अलग ग्रुप के लिए बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन दे सकते है। पानी वितरण हेतु नगर निगम क्षेत्र को 7 ग्रुप में विभक्त किया गया है। ग्रुप नं0 1 (वार्ड नं0 1 से 5), ग्रुप नं0 02 (वार्ड नं0 06 से 10) ग्रुप नं0 03 (वार्ड नं0 11 से 15) ग्रुप नं0 04 (वार्ड नं0 16 से 20), ग्रुप नं0 05 (वार्ड नं0 21 से 25), ग्रुप नं0 06 (वार्ड नं0 26 से 30) एवं ग्रुप नं0 07 (वार्ड नं0 31 से 35) प्रति टैंकर की क्षमता 3000 ली0 की होगी। दर के साथ प्रत्येक ग्रुप के लिए मो0 10,000/- (दस हजार रू0) का ड्राफ्ट (Non-Refundable) साथ संलग्न करना होगा। ड्राफ्ट नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से निर्गत होगा। साथ ही ट्रैक्टर का सभी कागजात तथा ड्राइवर का ड्राइविंग लाइसेंस की छाया प्रति देना होगा। जलापूर्ति की निर्धारित राशि अधिकतम 650/- (छः सौ पचास रू0) प्रति ट्रीप है। कोटेशन दिनांक **27.03.2025** को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा कर सकते है।

संवेदक को पानी वितरण का Log Book अधोहस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षर कराकर कार्यालय में प्राप्त करेंगे एवं प्रतिदिन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। आपूर्ति किये गये वार्डों के नोडल पदाधिकारी से भी आपूर्ति की तिथि एवं समय Log Book में अंकित कर हस्ताक्षर कराना आवश्यक होगा। संवेदक को पानी वितरण का GPS फोटो लगाना होगा। तथा निर्धारित सभी नियमों एवं शर्तों का पालन करना होगा। नगर निगम द्वारा किसी भी प्रकार का यंत्र–संयंत्र/कर्मी इत्यादि उपलब्ध नहीं कराया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को कभी भी किसी भी स्थिति में आपूर्ति आदेश रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। तथा किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। विपत्रों का भुगतान राशि उपलब्ध रहने पर ही किया जायेगा।

**नोट :– निविदा संबंधी शर्त के लिए नगर निगम सूचना पट एवं सरकार के Website http//: udhd.gov.in के Notice** पर अवलोकन किया जा सकता है।

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 348773 District(24-25).D


## मकरा मध्य विद्यालय में एक माह से चपानल खराब, विद्यार्थी परेशान

- **मध्याह्न भोजन के बाद बच्चे हाथ व थाली धोने के लिए जाते है पास के तालाब में**
- **खतरे की बनी रहती है संभावना**



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा स्थित राजकीय उत्क्रमित माध्यम विद्यालय मकरा में विद्यालय का चापानल पिछले एक माह से खराब होने से बच्चों को पेजल के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार सिंह, रसोईया कमला देवी व सोहवा देवी ने बताया कि इस विद्यालय में चापनल पिछले एक माह से खराब होने के करण बच्चों को मध्याह्न भोजन करने के बाद पानी पीने व थाली ग्लास धोने मे काफी परेशानी हो रही है। रसोईया को माध्याह्न भोजन बनाने के लिए पास के दूर जलमीनार से जाकर पानी लाना पड़ता है।

स्कूल का संयोजिका सकेंद्र कुमार यादव ने बताया कि विद्यालय में पानी की सुविधा नहीं रहने से सभी बच्चें मध्याह्न भोजन के बाद हाथ व थाली धोने के लिए पास के तालाब में चले जाते हैं, जिससे खतरे की संभावना बनी रहती है। बढ़ते गर्मी को देखते हुए विद्यालय के बच्चें अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर से उधर भटकर पास के दूर के तालाब व जलमीनार से अपना प्यास बुझाते हैं। शिक्षक व बच्चों ने संबंधित विभाग से खराब चापानल को दुरुस्त कर पानी बहाल करने की मांग की है।

### सहायिका पद के लिए उपायुक्त से चयन की गुहार

**कुंदा (चतरा)।** मेदवाडीह आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनवाड़ी सहायिका के पद के लिए आवेदकों से आवेदन लिया गया। इस पद के लिए विधवा उर्मिला देवी समेत छह आवेदकों ने आवेदन दिया है। विधवा उर्मिला देवी ने जिले के उपायुक्त से निवेदन किया है कि उक्त पद पर प्राथमिकता देते हुए चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि वह विधवा हैं और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसलिए उन्हें इस पद पर चयनित करने से उनके परिवार के भरण पोषण में सहूलियत मिलेगी।

### दौना गांव में जल संकट गहराया, 30 घरों के लोग एक चापानल पर निर्भर

**महुआडांड़।** प्रखंड के दुरूप पंचायत अंतर्गत दौना गांव में भीषण जल संकट ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। गांव में मात्र एक चापानल है, जिससे 25 से 30 घरों के लोग निर्भर है। गर्मी की शुरूआत के साथ ही चापानल पानी कम देने लगा। इससे हालात और गंभीर हो गए। ग्रामीणों एनियुस बृजिया, अरविंद बृजिया, ज्योति तेलरा, विलियम बृजिया, लारेंस बृजिया, बशीर अंसारी, लालचंद बृजिया, नसरुद्दीन अंसारी, जब्बार अंसारी ने बताया कि पानी की समस्या हर साल गर्मी में विकराल रूप ले लेता है, लेकिन इस बार स्थिति और भी खराब है। महिलाएं और बच्चे दूर दराज के चापानलों से पानी लाने को मजबूर है। इससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल समाधान निकालने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पानी की उचित व्यवस्था नहीं हुई तो हालात और भी भयावह हो सकते हैं।

### सीआरपीएफ कैंप हटने से चिंता सताने लगी ग्रामीणों को

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा में सीआरपीएफ 190 बटालियन के जाने की सूचना से ग्रामीणों में मायूसी छा गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सीआरपीएफ के कुंदा कैंप होने से वह बिलकुल सुरक्षित महसूस करते थे। ग्रामीणों ने बताया कि पहले कुंदा में एक समय ऐसा था जब 15 अगस्त और 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर वह घर में दुबक जाते थे, क्योंकि अचानक से नारेबाजी होने लगती थी और काला झंडा फहराया जाता था। लेकिन सीआरपीएफ के कुंदा में कैंप होने के बाद से उन्हें राहत की सांस मिली थी। ग्रामीणों को अब फिर से उसी तरह के हालात की चिंता सता रही है। उन्होंने ने सरकार से निवेदन किया है कि सीआरपीएफ कैंप को रहने दिया जाय।


### कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 10/2024–25**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 26.03.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 28.03.2025 (अपराह्न 02:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 28.03.2025 (अपराह्न 03:00 बजे से)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
6. निविदा प्राप्ति/जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | बिश्रामपुर | तोलरा | कधवन | ग्राम कधवन में उदय नारायण सिंह के घर के पास जलमिनार निर्माण। | 623400.00 | 12500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | हुसैनाबाद | उपरी खूर्द | उपरी खूर्द | सुबेदार विघा में पेयजलापूर्ति योजना। | 554900.00 | 11500.00 | 2500.00 | 3 माह |

नोट–
1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR 348767 (District) 24-25 (D)

# भंडरा प्रखंड बस्ती में शरारती तत्वों के कारण पाइपलाइन जलापूर्ति ठप



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड बस्ती में शरारती तत्वों के कारण पाइप लाइन जलापूर्ति ठप हो गई है. जिससे भंडरा बीच बस्ती के सैकड़ो ग्रामीण पेयजल के लिये परेशान है.कुछ शरारती तत्वों द्वारा निजी स्वार्थ के लिए पेयजल आपूर्ति के चैनल को दूसरी ओर मोड़ कर शरारती तत्व मकान निर्माण एवं अन्य निजी कार्यों के लिए पेयजल का उपयोग कर रहे है. जिससे ग्रामीणों को पेयजल नसीब नहीं हो पा रहा है शरारती तत्वों के इस कारनामे से पेयजल आपूर्ति ठप होने से प्रखंड बस्ती के ग्रामीण तीन सप्ताह से पेयजल संकट से जूझ रहे है। पेयजल संकट के कारण लोग दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। सरकारी संपत्ति से छेड़छाड़ करने को लेकर ग्रामीणों ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों से लेकर पदाधिकारी तक गुहार लगा चुके है पर अभी तक सार्थक पहल अभी तक नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की ओर से गांव के मुख्य पथ बरबाटोली के समीप के जलस्रोत से 20 साल से गांव को पेयजल आपूर्ति हो रही है। शरारती तत्वों द्वारा निजी कार्यों के लिए पेयजल का उपयोग करने के लिए पाइप लाइन के चैनल को बीच मे ही दूसरे ओर मोड़ दिया जाता है । इस कारण गांवों में पेयजल आपूर्ति तीन सप्ताह से ठप हो गई है।लोगों का कहना है कि इस बारे में वे विभाग से भी लगातार संपर्क करने के साथ मौके का मुआयना करवा चुके है लेकिन अभी तक तो कोई कारवाही अमल में नहीं लाई जा रही। गांव में पेंयजल संकट को दूर करने का भी की रास्ता साफ नही हुआ है। पेयजल आपूर्ति ठप होने से लोग परेशानी झेल रहे हैं। भंडरा प्रखंड बस्ती के ग्रामीण आकाश सिंह, नूर हसन, राजू उरांव, दिलीप साहू, रोहित लहेरी,आदि ग्रामीणों ने प्रशासन व विभाग से शरारती तत्वों को कड़ी सजा देने के साथ पेयजल समस्या को दूर करने का मांग की है। लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे भंडरा बीच बस्ती के लोग पेयजल समस्या जल्द दूर नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की बात कही है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व जांच,संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, टीबी रोग, कुष्ठ रोग, मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर समेत अन्य कार्यों की समीक्षा की गई और विभिन्न निर्देश चिकित्सा पदाधिकारियों को दिये गये। कम उपलब्धि वाले प्रखंडों को उपलब्धि बढ़ाने का निर्देश दिया गया। संस्थागत प्रसव के पश्चात बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग व उनका पूर्ण टीकाकरण का निर्देश दिया गया।

जो बच्चे छूट गए हैं उनकी पहचान कर इम्युनाइजेशन का निर्देश दिया गया। टीबी की पहचान के लिए स्पुटम जांच दर बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जिला में कुष्ठ रोगियों की जांच व उनका इलाज का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी व जिला स्वास्थ्य समिति की टीम उपस्थित थी।

# लोहरदगा में तीन दिवसीय सरहुल पर्व की हुई शुरूआत



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा में तीन दिवसीय सरहुल पर्व की शुरूआत हो गई है। मंगलवार को गांव के मूल पहान पुजार द्वारा अखरा में इनकी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया जाता है। इसके बाद गांव के श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद रूपी सरना का फूल अपने अपने घरों में लाया जाता है। लोग अपने घर के भंडार घर में उस प्रसाद रूपी फूल को रखते है। इसके बाद शाम एवं देर रात्रि तक अखरा एवं आयोजन स्थल में ढोल नगाड़े के साथ गाना बजाना एवं नृत्य कर सभी खुशियां मनाते है। दूसरे दिन बुधवार को आए गए मेहमानों का स्वागत करते है। सभी के यहां शुभोजन पुआ पकवान आदि बनाया जाता है। वहीं पहान पुजार एवं गांव के श्रद्धालुओं के साथ मूल निवासीयों के घरों में झूमते गाते जाते है। उनके घरों में सरना फूल आदि खोंसने का रस्म पूरा करते है। साथ ही घर में आए लोगों का स्वागत के साथ जल आदि ग्रहण कराया जाता है। तीसरे दिन झखरा में पुजारी द्वारा सूप की स्थान कर सरहुल त्यौहार का समापन होती है। इसी कड़ी में लोहरदगा के कुटमू ब्लॉक क्लोनी में सरहुल का त्यौहार मनाया जा रहा है जहां रात भर लोग झूमते गाते नजर आए। सरहुल पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह है लोग आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मन रहे है। क्षेत्र के भाजपा नेता सह समाजसेवी लक्ष्मी नारायण भगत ने बताया कि चैत माह में आज से पुराना साल का अंत एवं नए वर्ष की शुरूआत होती है। उन्होंने कहा आदिवासियों का यह त्यौहार धरती और प्रकृति से जुड़ा वैवाहिक कार्यक्रम के रूप में सरहुल को मनाते है।

# जनवितरण प्रणाली दुकानदार के खिलाफ उपभोक्ता गोलबंद, हंगामा

## महीनों से अनाज गबन कर उपभोक्ताओं को नही दिए जाने का आरोप

*कार्डधारियों के द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारी को तीन महीना पहले लिखित शिकायत की गई है*



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के भिट्ठा गांव में राशन दुकानदार जीवन फुल महिला मंडल की मुन्नी देवी के द्वारा कार्डधारी की राशन का गबन कर खाताधारियों को कई महीनों से अनाज से वंचित रखा गया है। कार्डधारियों के द्वारा जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बीडीओ सहित अन्य पदाधिकारी को तीन महीना पहले लिखित शिकायत की गई है परंतु जन वितरण प्रणाली के दुकानदर पर आज तक कार्रवाई नहीं की गई है। कार्डधारी के आज अपना अनाज लेने के लिए राशन दुकानदार के यहां गए तो राशन दुकानदार दुकान बंद कर भाग गई। कार्डधारियों ने हंगामा करते हुए दुकानदार द्वारा राशन नहीं देने की सूचना प्रखंड के प्रमुख बारिया देवी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सच्चिदानंद गुप्ता को दी गई। प्रमुख एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा मामले की जांच की गई। जिसमें पाया गया कि राशन दुकानदार मुन्नी देवी के द्वारा लंबे समय से अनाज गबन किया जा रहा है। जिसके कारण कार्डधारी को नियमित रूप से अनाज की आपूर्ति नहीं हो रही है। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख बारिया देवी ने बताया कि मुन्नी देवी राशन दुकानदार के द्वारा भारी अनिमित की गई है। जांच के क्रम में पदाधिकारी द्वारा भी इसकी अनियमित पाई गई है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा दुकान को निलंबित करने का अनुशंसा किया गया है परंतु मुन्नी देवी की दुकान को ना तो निलंबित नहीं किया गया है ना ही कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सच्चिदानंद गुप्ता ने कहा कि दुकानदार के द्वारा अनियमितता की गई है। दुकानदार को सभी कार्डधारी को राशन आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही राशन दुकानदार को स्पष्टीकरण देते हुए कार्रवाई हेतु अग्रतार कार्रवाई की जा रही है।

# बिजली चोरी के आरोप में 15 व्यक्तियों के विरुद्ध मामला दर्ज



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** बिजली ऊर्जा चोरी मामले में सहायक विद्युत अभियंता के नेतृत्व में बुधवार को छापेमारी अभियान चला गया। जिसमे सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला,गोबरसेला, सेन्हा सहित अन्य गांवों में छापेमारी अभियान चला कर 15 नामजद लोगों पर अवैध बिजली चोरी कर उपभोग करने के आरोप में मामला दर्ज कराया गया। इस संदर्भ में विद्युत सहायक अभियंता अजू कच्छप के आवेदन पर बिजली ऊर्जा चोरी मामले पर नामजद प्राथमिकी दर्ज किया गया। छापेमारी अभियान में बदला निवासी स्व.सीताराम रवानी का पुत्र लखन रवानी,रिंकू उरांव की पत्नी बसंती देवी और गोबरसेला निवासी रंथु उरांव का पुत्र बहादुर उरांव,स्व.माड़ो उरांव का पुत्र शिवदेव उरांव, हरिनंदन महतो का पुत्र विजय महतो,तेतरा मुंडा का पुत्र बंधन मुंडा, बंसरी निवासी जयमसीह कुजूर का पुत्र मरकस कुजूर, स्व.अल्लाउदीन अंसारी का पुत्र फिरोज अंसारी, सेन्हा निवासी स्व.देवी प्रसाद साहू का पुत्र भोला प्रसाद साहू, स्व.बंधना उरांव का पुत्र प्रमोद उरांव, जुगल उरांव का पुत्र करमचंद उरांव, स्व.अंगनु उरांव का पुत्र शिवशंकर उरांव, स्व.उचवा मुंडा का पुत्र झलकु मुंडा और स्व. शिवपूजन महतो का पुत्र रविंदर महतो के विरुद्ध सेन्हा थाना में 19 मार्च को सेन्हा थाना कांड संख्या 34/25 भारतीय विद्युत अभिनियम 135,137 के तहत मामला दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध करवाई किया जा रहा है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने बताया कि, बिजली ऊर्जा चोरी मामले में सहायक विद्युत अभियंता अजु कच्छप का लिखित आवेदन के आधार पर 15 नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर नियम संगत कानूनी करवाई किया जा रहा। मौके पर छापेमारी दल में अलख पुजारी, फिरोज अख्तर, सारणी पुरुष, शिवशंकर उरांव,भोला प्रसाद, करमचंद उरांव समेत विद्युत विभाग के अन्य कर्मी शामिल थे।

# डरा धमका कर युवती का शारीरिक शोषण करने वाला अधेड़ भेजा जेल

*ग्रामीणों ने आरोपी को धुनाई के बाद किया पुलिस के हवाले*



नवीन मेल संवाददाता

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना पुलिस ने बुधवार को कुडू थाना क्षेत्र के एक गांव से दुष्कर्म के आरोपी अधेड़ व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति सफरुद्दीन अंसारी (55) लोहरदगा जिले के बगडु थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरि आंनदपुर गांव का रहने वाला है। कुडू थाना में आवेदन देकर पीड़िता ने सफरुद्दी पर डरा धमका कर लंबे समय तक यौवन शोषण करने, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी और जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला द्वारा दिए बयान के अनुसार आरोपी का आरोपी से संपर्क बीते करीब चार साल पहले हुआ था उस वक़्त महिला कुंवारी थी। तब से लेकर आये दिन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे रहा था। इस बीच पीड़िता की शादी कुडू थाना क्षेत्र के पक्षमी क्षेत्र के एक गांव में हो गयी उसके बाद भी आरोपी ने उसका पीछा नही छोड़ा और उसके साथ संबन्ध बनाता रहा। आरोपी ने बीते 16 मॉर्च को रांची रेलवे स्टेशन के निकट एक होटल में यौवन सम्बंध बनाने के बाद बुधवार 18 मॉर्च को फिर से महिला के घर जा पहुंचा जिसकी भनक गांव वालो को लग गयी। जिसके बाद ग्रामीणों ने दबोच लिया और जमकर धुनाई के बाद इसे पुलिस सौप दिया। कुडू थाना पुलिस ने इसके विरुद्ध कुडू थाना में कांड संख्या 35/25 धारा युएस 64(1), 351(2), बीएनएस 23 एंड6 और यूएस (3),1 (एस)/3(2), (वी) एससीएसटी एक्ट के तहत एक दुष्कर्म का मामला पंजीकृत करते हुए न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया है।

# पशुपालन योजना का लाभ उठाएं किसान : राजकिशोर



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पशुपालन अस्पताल के प्रांगण में महिलाओं के बीच मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। उसी निमित बुधवार को झारखंड सरकार के पशुपालन विभाग की ओर से मुर्गी, बतख, गाय, बकरी पालन योजना के तहत जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष की मौजूदगी में दो महिलाओं के बीच 500-500 मुर्गी चूजा का वितरण किया गया। साथ मुर्गी पालन करने के लिये चूजा के साथ निशुल्क दवा, ड्रिंकर, फीडर और तीन तरह का दाना भी दिया गया। वही जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम ने महिलाओं और किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग पशुपालन योजना का लाभ उठायें झारखण्ड सरकार ग्रामीण क्षेत्र के किसानों का आय व्रद्धि के उद्देश्य से अनेकों तरह की महत्वाकांक्षी योजनाएं चला रही है। जिसमें गाय, बकरी, मुर्गी, बतख पालन कर पशुपालन योजना के मध्य से किसानों का आय में वृद्धि हो और ग्रामीण किसान समृद्ध बने और साथ ही सरकार द्वारा संचालित अन्य विकास योजनाओं का लाभ लेने के लिये महिलाओं और किसानों से अपील किया गया। वही प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अन्तर्गत डांडू निवासी सुनील उरांव की पत्नी सुखमनीया उरांव और मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत बलिराम कच्छप की पत्नी ज्योति कच्छप के बीच मुर्गी चूजा का वितरण किया गया।

# पारंपरिक डोल मेला भक्ति गीत संगीत कार्यक्रम के साथ संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**कैरो / लोहरदगा।** मंगलवार को पारम्परिक डोल मेला प्रखण्ड मुख्यालय में भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन हो गया। सर्वप्रथम सायं काल में भगवान राधाकृष्ण की पुजा अर्चना विधिवत रुप से करायी गई। इस अवसर पर म्युज़िकल ग्रुप गुमला के द्वारा भक्ति संगीत कार्यक्रम भी आयोजित की गई थी। भक्ति संगीत कार्यक्रम को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य,कैरो थाना के सब-इंस्पेक्टर मनोज कुमार गुप्ता,पुर्व पंचायत समिति सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी,मुखिया वीरेंद्र महली के द्वारा सामुहिक रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों के द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति से रात भर झूमे दर्शक। मौके पर आयोजन समिति के लोग व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।


## न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,सदर मेदिनीनगर पलामू।

नोटिस

दा0 खा0 अपील वाद सं0 – 08/2018–19

1.राजेन्द्र पाण्डेय पिता–स्व0 रामवृक्ष पाण्डेय,ग्राम+पो0+था0–तरहसी,पलामू, झारखण्ड।

– प्रथम पक्ष

बनाम

1. बच्चु पाण्डेय,बैजन
2. थ पाण्डेय,मुनेश्वर पाण्डेय,इन्द्रदेव पाण्डेय सभी पिता स्व0 रामवृक्ष पाण्डेय, सभी ग्राम+पो0+थाना–तरहसी,पलामू,झारखण्ड।

– विपक्षी

एतद द्वारा सूचित करना है कि अपीलार्थी/आवेदक ने मेरे न्यायालय में उपर्युक्त दा0 खा0 अपील वाद दायर किया है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है तथा आपको दिनांक–08.09.2018 को सूचना निर्गत की गयी जिसकी सुनवायी की तिथि 17.08.2018, एवं दिनांक–26.05.2023 को भी सूचना निर्गत की गयी थी जिसकी सुनवाई की तिथि 22.06.2023 निर्धारित थी परन्तु उपरोक्त वाद में निर्धारित तिथि को आप उपस्थित नहीं हुये। वाद में अगली तिथि दिनांक 03.05.2025 निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि आप उक्त निर्धारित तिथि को 10:30 बजे पूर्वाहन में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब दें/अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने पर एकतरफा सुनवाई करते हुए निर्णय लिया जा सकता है। बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी।

इसे सख्त ताकिद जानें।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
सदर मेदिनीनगर।

PR 348714 District(24-25)D


# रणधीर वर्मा ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

# लोहरदगा टीम ने खूंटी को 119 रनों से पराजित किया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** हजारीबाग के संजय सिंह में मोरियल मैदान के अंतर्गत खेले गए मैच में लोहरदगा टीम ने रणधीर वर्मा ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में खूंटी को 119 रनों से पराजित कर दिया तथा दूसरे मैच में लोहरदगा अंडर-19 वूमेन'एस टीम ने जमशेदपुर में खेले गए मैच में हजारीबाग को 52 रनो से पराजित कर दिया। खूंटी ने टॉस जीतकर पहले लोहारदगा टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया लोहरदगा ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 320 रन का स्कोर खड़ा किया टीम की ओर से रोनित आर्यन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 94 गेंद पर 14 चौकों तथा 6 छको के साथ 131 रनों की शानदार पारी खेली इसके अलावा आशुतोष ने 59 रन लक्ष्य कौशिक ने 25 रन तथा युवराज ने 28 गेंद पर पांच चौकों और तीन छको के साथ 54 रन की शानदार पारी खेली हजारीबाग की ओर से मीत जैन ने दो विकेट लिया जवाबी पारी खेलते हुए हजारीबाग की टीम 46.01 ओवर में 201 रन बनाकर ऑल आउट हो गई आर्यन हुड्डा ने 11 चौकों के साथ 79 रन नीरज ने 51 रन मोहम्मद आसिफ ने 23 रन बनाया लोहरदगा की ओर से राकेश यादव ने तीन विकेट आदित्य राज ने दो विकेट तथा प्रेम ने दो विकेट लिया।




जमशेदपुर के टेल्को मैदान में खेले गए अंडर-19 वूमेन'एस टीम के मैच में लोहरदगा ने टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 40 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 188 रन का स्कोर खड़ा किया टीम की ओर से इशिका भगत ने 59 रन वैष्णवी ने 55 रन बनाया हजारीबाग की ओर से रितिका कुमारी ने चार विकेट लिया जवाबी पारी खेलते हुए हजारीबाग की टीम 35.3 ओवर में 136 रन बनाकर ऑल आउट हो गई रिंकी ने 19 रन वर्धा ने 19 रन तथा श्रेया शाह ने 52 रन का योगदान दिया योगदान दिया लोहरदगा की ओर से विनीता कुमारी ने 8 ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट लिया इसके अलावा राजलक्ष्मी ने दो विकेट प्राची ने दो विकेट तथा सोनाली साहू ने एक विकेट लिया।

# सिमडेगा अटल पार्क में हुई नागपुरी गाने की शूटिंग जल्द होगी यूट्यूब पर रिलीज

**सिमडेगा।** सिमडेगा अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है जहां के हर बड़े पेड़ पौधे अपने आप में लोगों का मोहता है। अब यहां के हसीन वादियों में लगातार कई फिल्में शूटिंग हुई है। सिमडेगा शहरी क्षेत्र की अटल पार्क में बुधवार को नागपुरी गाने का शूटिंग हुआ जहां पर झारखंड के मशहूर कलाकार डॉली सिन्हा एवं उनकी टीम के द्वारा नागपुरी गाने की शूटिंग किया। जहां पर कैमरामैन के रूप में आतिफ अकाब जबकि अभिनेता के रूप में सूरज महतो ने अपनी भूमिका निभाई । जानकारी देते हुए डॉली सिन्हा ने बताया कि इस गाने में अपनी आवाज सत्या महतो ने दी है। उन्होंने बताया कि इस गाने की शूटिंग सिमडेगा के अलग-अलग हसीन वादियों में फिल्माया गया है। जिसमें पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम की हसीन वादियां ,तामड़ा ब्लूपोंड, बसंतपुर की कल कल करती चट्टान एवं हरे भरे पेड़ पौधों के बीच में गाने की शूटिंग इसके अलावा अलग-अलग जगह पर इसके लिए लोकेशन लिया गया है। जो कि जल्द यूट्यूब चैनल पर लोगों के बीच रिलीज किया जाएगा।

# जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन 21 मार्च को

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर०के०एस०के०) अन्तर्गत जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन दिनांक 21 मार्च 2025 को एवं विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम (एसएचडब्ल्यूपी) अन्तर्गत उत्कृष्ट विद्यालय एवं उसके हेल्थ एण्ड वेलनेस एम्बेस्डर को सम्मानित करने हेतु जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 22 मार्च 2025 को नया नगर भवन, लोहरदगा किया जाएगा। दोनों दिन कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित किये जाएंगे।उक्त जानकारी सिविल सर्जन, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

# लड़की ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत बिगड़ी लोहरदगा सदर रेफर

**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के दोबा गांव में बुधवार की शाम एक लड़की ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। लड़की की पहचान दोबा गांव निवासी नामिक कुमारी 18 वर्ष के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा आनन फानन में कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया जहां स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने लोहरदगा सदर रेफर कर दिया। जहरीला पदार्थ किस कारण से खाया है इसकी जानकारी नही हो पाई है।


## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर (खनन शाखा)

पलामू जिला के हरिहरगंज अंचल के Four Laning from KM 23.284 (Hariharganj) to KM 57.049 (Near pandwa More) on NH-139 old NH-98) on HAM in the state of Jharkhand & Bihar : Request for Auction of Boulder stock at site in Forest Area near Km 43+000 में उत्खनित/भंडारित पत्थर खनिज के आम नीलामी हेतु सूचना।

निदेशानुसार एतद् द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक श्री सुधीर कुमार के पत्रांक 1135, दिनांक 23.01.2025 प्राप्त पत्र के आलोक में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला के हरिहरगंज अंचल के Four Laning from KM 23.284 (Hariharganj) to KM 57.049 (Near pandwa More) on NH-139 old NH-98) on HAM in the state of Jharkhand & Bihar : Request for Auction of Boulder stock at site in Forest Area near Km 43+000, Notification No- NHAI/PIU/DLYJ/2024-25/NH-139/HPHPL,Mining/1135, Date- 23.01.2025 में उत्खनित/भंडारित पत्थर खनिज अपशिष्ट पत्थर सहित (औपबंधिक NHAI के Project Director के प्रतिवेदनानुसार) **50000** घनमीटर (औपबंधिक) को झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमावली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समानुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत आम निलामी दिनांक 27.03.2025 को समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अपर समाहर्ता, पलामू की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। लोक निलामी की प्रक्रिया एवं शर्ते जिला खनन कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट एवं NIC के वेबसाईट पर प्रदर्शित है :–

जिला खनन पदाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर। | अपर समाहर्त्ता, पलामू।

PR 348712 District(24-25)#D

## पांच दिवसीय श्री हरिहर महायज्ञ को लेकर बैठक आयोजन

**सिसई(गुमला)।** प्रखंड सिसई अंतर्गत, ग्राम भदौली मंडा डांड़ के पास, श्री हरिहर महायज्ञ को लेकर एक बैठक रखी गयी। इस बैठक में मुख्य रूप से सर्वसम्मति से पाँच दिवसीय श्री हरिहर महायज्ञ आयोजित करने का निर्णय लिया गया। एवं महायज्ञ को सफल संचालन करने हेतु एक कमिटी का चयन किया गया। 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक पाँच दिवसीय श्री हरिहर नाथ महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। भदौली मंडा डाँड़ भूमि दान दाता, जमींदार स्व.झतरु पाल सिंह,स्व.पतुर पाल सिंह,स्व.प्रीत पाल सिंह द्वारा,मंडा पूजा शुरू करके भूमि दान दिया गया।साथ ही वर्ष 1957 ईसवी से मंडा पूजा अर्चना कर शुभारंभ किए। तब से मंडा पूजा अर्चना करते आ रहे हैं।

# मंईयां योजना की राशि नहीं पहुंचने से महिलाओं में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बैंक शाखाओं और बीसी सेंटरों में इन दिनों मइयां सम्मान योजना के लाभार्थियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लेकिन बैंक पहुंचने के बाद जब महिलाएं अपने खाते की जांच कराती हैं, तो पता चलता है कि योजना की राशि खाते में आई ही नहीं है। इससे सुदूर ग्रामीण इलाकों से लंबी दूरी तय कर भरनो पहुंची महिलाएं खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं।



लाभुकों का कहना है कि वे कई बार बैंक और प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट चुके हैं। लेकिन अब तक किसी प्रकार की राहत नहीं मिली। कुछ महिलाओं ने बताया कि पहले एक बार ₹1000 की राशि खाते में आई थी, लेकिन इसके बाद से ₹2500 की बढ़ी हुई राशि का कोई अता-पता नहीं है। स्थिति यह है कि महिलाएं महीनों से आश्वासन और इंतजार के बीच फंसी हुई हैं।

प्रखंड कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर अरुण कुमार ने बताया कि वे सिर्फ ऑनलाइन आवेदन के अनुसार आधार, खाता संख्या और केवाईसी में हुई त्रुटियों की जानकारी दे सकते हैं। किन्तु राशि जारी न होने का कारण बैंक या जिला स्तर के पदाधिकारी ही बता सकते हैं। इधर लाभुक महिलाओं ने आरोप लगाया है कि प्रज्ञा केंद्रों और बीसी सेंटरों पर त्रुटि सुधार के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। कई महिलाओं से ₹100 से ₹500 तक की राशि मांगी जाती है। बावजूद इसके उनका काम नहीं हो रहा। इस स्थिति में महिलाएं भ्रमित और असहाय महसूस कर रही हैं।

मइयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से महिलाओं में नाराजगी और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण महिलाएं कहती हैं कि योजना का लाभ मिलने की उम्मीद में बार-बार बैंक और कार्यालय दौड़ाने पड़ रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं निकल रहा।

लाभुक महिला फुलबसिया देवी ने बताया कि योजना लागू होने के बाद सिर्फ एक बार ₹1000 मिले थे, लेकिन उसके बाद कोई राशि नहीं मिली। जबकि उनका खाता और आधार कार्ड पूरी तरह से अपडेट है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। लाभुकों की परेशानी के बावजूद प्रशासन इस समस्या को लेकर चुप्पी साधे हुए है। जिला और प्रखंड प्रशासन द्वारा अब तक कोई स्पष्ट सूचना या समाधान नहीं दिया गया है।

लाभुकों ने सरकार और जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मइयां सम्मान योजना की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। त्रुटि सुधार प्रक्रिया को पारदर्शी और निशुल्क बनाया जाए ताकि महिलाओं को फिर से ठगी का शिकार न होना पड़े। लाभुकों को सही जानकारी और सहायता देने के लिए स्पेशल हेल्प डेस्क की व्यवस्था हो।

## बड़काडीह 251 महिलाएं और बच्चों ने भव्य कलश यात्रा निकाला

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के बड़काडीह गांव स्थित शिव मंदिर से चैत मास के पंचमी तिथि को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा मंदिर परिषर से निकलकर एन एच से कस्पोडिया मोड़ होते हुवे गुड़गुड़ चुवाँ पहुँची। जहां आचार्य अकज कुमार पांडेय द्वारा मंत्रोच्चारन के साथ विधि विधान पूर्वक जलभरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी कलशधारी महिलाएं कलश में जल भर कर पुनः बड़काडीह स्थित शिव मंदिर पहुँचे। इस क्रम में कलश यात्रा का नेतृत्व करने वालों ने भक्ति गीत एवं जयकारे लगाने का काम किया। कलश यात्री मंदिर परिषर पहुँच पुनः वैदिक पूजा पाठ में लग गए। वहीं शाम को पूजा समिति के लोगों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया है।

### गोविंदपुर गांव में शरारती तत्वों का तांडव

# 12 एकड़ में लगी मिर्च फसल व सिंचाई उपकरण क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर गांव में मिर्च की खेती कर रहे किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। मंगलवार की रात अज्ञात शरारती तत्वों ने 12 एकड़ में लगी मिर्च की फसल, सिंचाई के लिए लगी पानी मशीन और पाइप को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी बुधवार सुबह करीब 10 बजे तब हुई, जब किसान सिबटेन अंसारी पटवन के लिए खेत पहुंचे। वहां पहुंचते ही उन्होंने देखा कि पानी मशीन पूरी तरह टूट चुकी है और सिंचाई पाइपों को टांगी से काटकर बेकार कर दिया गया है। यही नहीं, खेत में लगी मिर्च की फसल को भी बुरी तरह रौंदा गया है। किसानों ने बताया कि उन्होंने लोन लेकर मिर्च की खेती की थी। इस काम में चार से पांच किसानों ने मिलकर लगभग 12 एकड़ भूमि पर मेहनत से फसल तैयार की थी। लेकिन शरारती तत्वों की इस करतूत से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने घटना को लेकर गहरा आक्रोश जताया है और प्रशासन से दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**जांच में जुटा प्रशासन**
सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस टीम गांव पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का भरोसा दिया है।

## बच्चे की मौत के बाद ग्रामीणों में आक्रोश विद्यालय पहुंचे जिला शिक्षा अधीक्षक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकरौली निवासी बुद्धदेव उरांव के छः वर्षीय पुत्र नवीन उरांव का मंगलवार को प्रयाण पब्लिक स्कूल के प्रचार कर रहे वाहन की चपेट में आने से सकरौली उरांव टोली विद्यालय से महज कुछ ही दूरी पर महुआडीपा पोटरो सड़क पर पर्चा चुनने के दौरान दर्दनाक मौत हो गया था। बच्चे लाउडस्पीकर की आवाज सुनकर विद्यालय से बाहर निकले और प्रचार वाहन के पास चले गए थे। प्रचार वाहन से पर्चा गिराने पर बच्चे पर्चा उठाने के लिए गाड़ी के नीचे झुके इसी दौरान बालक नवीन उरांव गाड़ी के नीचे आ गया और चक्का उसके ऊपर चढ़ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसके कारण सभी ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे। और विद्यालय का घेराव कर सभी शिक्षकों को सेवा बीरमित करने की मांग करने लगे। बुधवार को ग्रामीणों की विद्यालय को ताला लगाने की चेतावनी पर सूचना पाकर जिला शिक्षा अधीक्षक गुमला नूर आलम खान, बीआरसी सिसई के अधिकारियों बीईईओ प्रीति कुजूर, बीपीओ सुप्रिया कुमारी, सीआरपी अभय कुमार मिश्रा, एमडीएम ऑपरेटर प्रशांत कुमार आदेशपाल राजकुमार चौधरी व भोला भगत के साथ उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सकरौली उरांव टोली में औचक निरीक्षण करने पहुंचे और वहां मौजूद ग्रामीणों के साथ बैठक किए। ग्रामीणों ने बताया कि चारों शिक्षक कल घटना स्थल से गायब पाए गए। शिक्षक स्कूल में खाना के लिए लड़ते नजर आते हैं। जो खाना विद्यालय के बच्चों के लिए बनाया जाता है।खाना बनाने वाली रसोईया बना हुआ खाना छुपा कर रखती है। समिति द्वारा पूछने पर कहती है कि यह खाना शिक्षकों के लिए है, जबकि शिक्षकों के लिए खाना स्कूल में नहीं बनाने का आदेश जारी है। उन्हें अपने घर से खाना लेकर स्कूल जाने का आदेश दिया गया है। फिर भी वे स्कूल में बच्चों के लिए बनाए गए खाना खा जाते हैं। विद्यालय के रख रखाव के लिए सरकार विद्यालय को राशि मुहैय्या कराती है, उस राशि को समिति के अनुमति के बिना ही शिक्षकों द्वारा गलत तरीके से समिति अध्यक्ष का हस्ताक्षर कर अवैध रूप से राशि की निकासी कर लिया जाता है। जिससे विद्यालय के रख रखाव सही तरीके से नहीं हो पाता है।

### जिला समन्वय समिति की बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, कल्याण योजनाओं की गहन समीक्षा, डीसी ने दिए स्पष्ट निर्देश

# योजनाओं के क्रियान्वयन में लाएं तेजी

- *स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता*
- *समाज कल्याण योजनाओं में सख्ती और जवाबदेही*
- *पशुपालन विभाग में पारदर्शिता के निर्देश, बीमा क्लेम में लापरवाही पर होगी कार्रवाई*
- *पेयजल, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा पर भी फोकस*





**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली सहित विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और प्रभावशीलता की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाने और लाभुकों तक सेवाएं समयबद्ध ढंग से पहुंचाने पर विशेष बल दिया।

बैठक की शुरूआत स्वास्थ्य विभाग से हुई। उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव दर बढ़ाने, आयुष्मान भारत योजना में आधार मिसमैच की समस्या दूर करने, एंटी-वेनम स्टॉक की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे बिंदुओं पर विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्पदंश के मामलों में त्वरित इलाज से जान बचाई जा सकती है, इसके लिए सभी स्वास्थ्य केंद्र सजग और तत्पर रहें। सदर अस्पताल में टोकन सिस्टम लागू करने, थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को बिना विलंब इलाज मुहैया कराने तथा ब्लड डोनेशन कैंप नियमित कराने का आदेश दिया। समाज कल्याण विभाग के पोषण ट्रैकर, मातृ वंदना योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति पर समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने का निर्देश दिया। मातृ वंदना योजना में शत-प्रतिशत लाभुकों को जोड़ने पर भी जोर दिया। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में विद्यालयों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने सख्त निर्देश दिए कि सभी विद्यालय समय पर पंजीकरण कराएं। लापरवाही करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

पशुधन वितरण योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बीमार या कम उम्र के पशुओं को लेने से लाभुक इनकार कर सकते हैं। पशुओं की टैगिंग और बीमा क्लेम को समय पर निपटाने का सख्त निर्देश दिया गया। बीएचओ की लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

राशन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने पर बल देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जो डीलर समय पर राशन नहीं देंगे, उनके लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। साथ ही पीवीटीजी समुदाय तक डाकिया योजना के माध्यम से राशन पहुंचाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा में यूसी जमा नहीं करने वाले पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रमाणपत्र शीघ्र जमा करें। सरना स्थल और धुमकुड़िया भवन के निर्माण कार्यों को गति देने की बात कही गई।

बैठक में उपायुक्त ने सभी 15 विभागों के अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह सभी की जिम्मेदारी है।

जिले में संचालित योजनाओं की समीक्षा कर उपायुक्त ने स्पष्ट कर दिया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी तय करते हुए, योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की हिदायत दी गई।

**Govt. of Jharkhand ,Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
**3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.**
**Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,**
**E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com**

**e-Procurement Notice**

**Tender reference no.: 18/JREDA/SPP/PAL/24-25**

**Dated: 19.03.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Request for Proposal (RFP) for Design, Engineering, Procurement & Supply, Construction, Commissioning and Comprehensive Operation & Maintenance of Cumulative 09 MW (AC) Grid Connected Ground Mounted Solar Power Plant, for a period of 25 years on Government Land at Palamu District of Jharkhand. |
| 2 | Estimated Cost | Rs. 92.97 Crores. |
| 3 | Time of completion | 12 (Twelve) Months |
| 4 | Date of publication of NIT on website: http:// jharkhandtenders.gov.in | 26.03.2025 (Wednesday) |
| 5 | Date & time of Pre-bid meeting | 04.04.2025 (Friday) at 1.00 P.M. |
| 6 | Last date & time for receipt of online bids | 21.04.2025 (Monday) up to 05:00 PM |
| 7 | Submission of Bid fee and EMD through Online Via SBI Payment Gateway of Jharkhand Tenders. | 21.04.2025 (Monday) up to 05:00 PM |
| 8 | Technical Bid Opening Date | 23.04.2025 (Wednesday) at 3.00 P.M. |
| 9 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 10 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491167/68/61/7903935514 |
| 11 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491167/68/61 |

Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhand tenders.gov.in & www.jreda.com. Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

Sd/-
Director,
JsREDA, Ranchis

PR 348810 Energy(24-25).D

# अधिवक्ताओं का रजिस्ट्री कार्य बहिष्कार आंदोलन तेज, जिला प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में भूमि रजिस्ट्री कार्य ठप होने से उत्पन्न विवाद अब गंभीर रूप ले चुका है। 1 फरवरी 2025 से गुमला के अधिवक्ताओं द्वारा रजिस्ट्री कार्य का पूर्ण बहिष्कार किया जा रहा है। करीब दो महीने से जारी इस आंदोलन के कारण जिले में एक भी जमीन का रजिस्ट्री नहीं हो पा रहा है। इसके चलते राज्य सरकार को अब तक लाखों रुपये का राजस्व नुकसान उठाना पड़ा है, वहीं आम जनता को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**रजिस्ट्री ऑफिस स्थानांतरण बना विवाद का कारण :** गौरतलब है कि गुमला का रजिस्ट्री कार्यालय कचहरी परिसर से हटाकर दूर स्थित स्थान पर संचालित किया जा रहा है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि रजिस्ट्री ऑफिस कचहरी परिसर से काफी दूर चला जाने के कारण आमजन को दस्तावेज संबंधित कार्यों में अत्यधिक कठिनाई हो रही है। बार एसोसिएशन का कहना है कि वकीलों, दस्तावेज लेखकों और आम जनता को बार-बार कचहरी और रजिस्ट्री कार्यालय के बीच आने-जाने में समय और पैसे दोनों की बबार्दी हो रही है।



इसी समस्या को लेकर बार एसोसिएशन ने उपायुक्त, विधायक, सांसद समेत तमाम संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर समाधान की मांग की थी। लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं होने से अधिवक्ताओं में गहरी नाराजगी देखी जा रही है।

**डीसी, एसी और सीओ कोर्ट का बहिष्कार शुरू :** बुधवार को गुमला व्यवहार न्यायालय के सभी अधिवक्ताओं ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक उनकी मांगों को लेकर जिला प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठाता, तब तक अधिवक्ता उपायुक्त (डीसी), एसी और अंचलाधिकारी (सीओ) के न्यायालय का भी पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। इस फैसले से जिले में न्यायिक कार्य और प्रशासनिक कार्य और अधिक प्रभावित होने की संभावना है।

बैठक में अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन पर जनहित की समस्याओं के प्रति उदासीन और असंवेदनशील होने का आरोप लगाया। बार एसोसिएशन का कहना है कि प्रशासन यदि समय रहते उनकी मांगों पर विचार करता, तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को और उग्र करेंगे।

इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए आंदोलन को और प्रभावी बनाने की रणनीति बनाई। अधिवक्ताओं का कहना है कि वे अपने हक और जनता की सुविधा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

**बार एसोसिएशन की मांगें**
- रजिस्ट्री कार्यालय को पुनः कचहरी परिसर या उसके समीपस्थ स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।
- आम जनता को भूमि रजिस्ट्री कराने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।
- राजस्व अर्जन में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए प्रशासन पहल करे।

### श्री महावीर मंडल समिति का अखाड़ा पूजन संपन्न

# रामनवमी को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी तेज

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** श्री महावीर मंडल समिति, श्री महावीर चौक गुमला द्वारा पारंपरिक अखाड़ा पूजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष गौरव केशरी (रजत), पूजा प्रभारी रवि गुप्ता, राजू भैया, विकास प्रसाद, राजा साहू, संदीप गुप्ता और अंकित गुप्ता ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजन किया। पूजन के पश्चात आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में आने वाले महारामनवमी महापर्व को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए कई निर्णय लिए गए। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न कार्यों के लिए सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

**झांकी प्रभार :** संरक्षक उज्जवल केशरी (सोनल), प्रदीप कसेरा, हिमांशु केशरी।

**ड्रेस कोड प्रभार :** सुधांशु केशरी, राहुल केशरी, आदर्श कसेरा, कौशल मंत्री, सोनू एचडी।

**विशेष सहयोग राशि संग्रह :** रूपेश साहू, राजू श्रीवास्तव, अनिकेत कुमार, हिमांशु केशरी, विवेक केशरी, राजेश गुप्ता (मधुर) समेत सभी संरक्षक।

**बाजा और रोशनी प्रभार :** बल्लू गुप्ता, साकेत कुमार।

रोड चंदा संग्रहण प्रभार : सह-सचिव हर्ष कसेरा, राज जायसवाल, अंकित गुप्ता, प्रशांत केशरी, अभिषेक कुमार, अंकित केशरी, हिमांशु (पोलू), अमित गुप्ता, मोनू सिंह, केतन केशरी, सूर्या साहू, सक्षम केशरी, शिव गुप्ता, अभिषेक डीजे, मन्नू पासवान सहित युवा सदस्य।

**बैठक में प्रमुख उपस्थिति :** मुख्य संरक्षक मनोज केशरी, दामोदर कसेरा (डी.के), अनिल गुप्ता, संतोष गुप्ता, दिनेश बैग, संरक्षक उज्जवल केशरी, प्रदीप कसेरा, हिमांशु केशरी, विकास गुप्ता (विक्कू), सुधांशु केशरी, मिंटू केशरी, बिट्टू केशरी, अध्यक्ष गौरव केशरी, उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, रंजीत सोनी, राहुल केशरी, आदर्श कसेरा, अनिकेत कुमार, कौशल मंत्री, सचिव रूपेश साहू, सह-सचिव हर्ष कसेरा, राज जायसवाल, प्रशांत केशरी, अंकित गुप्ता, कोषाध्यक्ष अमित केशरी, सह-कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, प्रभात केशरी समेत समिति के सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

अतिअल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (2nd Call)

निविदा सूचना संख्या– DWSD/UWSS/O&M/CH/14/2024-25 दिनांक – 18.03.2025

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| A | Name of Work : - Outsourcing for O&M of Chatra Urban Water Supply Scheme including Cost of Labour Operation, Maintenance of Civil Work, Maintenance of Pipe Line, Maintenance of Mechanical and Electrical Components & Supply of required chemical Period March-2025 to February-2026 Under D.W.&S. Division, Chatra on "TurnKey Basis" for the Year 2025-26 | | | | |
| | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| 1 | UWSS/O&M/CH/01 | 30.14854 | 0.60500 | 5,000/- | One Year |
| B | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.03.2025 समय 02:00 बजे अपराहन तक | | | |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 26.03.2025 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 26.03.2025 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 27.03.2025 समय 05:00 बजे अपराहन तक | | | |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | | | |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 8002093156, 9931972161 एवं 06541–253273 | | | |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 348750 (Drinking Water and Sanitation)24-25*D

### जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन व सीएचओ सम्मान समारोह संपन्न, बोले सिविल सर्जन

# स्वास्थ्य विभाग की पहिया हैं सहिया : डॉ. नवल कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित ललित उरांव नगर भवन में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह सीएचओ सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से आईं सहिया, सहिया साथी, बीएएफ, समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) के अध्यक्ष, सचिव समेत बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, अपर मुख्य



चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा, जिला लेखा प्रबंधक प्रमोद साहू और अन्य अतिथियों द्वारा सामूहिक दीप प्रज्जवलन कर किया गया। पारंपरिक सखुआ पत्ते से बनी टोपी, माला और पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत हुआ। मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का माध्यम बना है। इसमें सहिया की भूमिका सबसे अहम है। सहिया ही स्वास्थ्य विभाग की वह पहिया है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में विभाग और जनता के बीच मजबूत कड़ी का काम करती हैं। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से मिशन की मजबूती के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। डॉ. कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने के लिए सभी का योगदान सराहनीय है। सम्मेलन में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से चयनित उत्कृष्ट सहिया, सहिया साथी, बीएएफ, सीएचओ और वीएचएसएनसी समितियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। हर प्रखंड से उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों की विशेष सराहना की गई। सम्मेलन में घाघरा प्रखंड की सहिया बहनों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक और रायडीह प्रखंड की सहिया बहनों का सामूहिक नृत्य मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। सीमा देवी, बबीता देवी और सुशांति द्वारा गाए गए गीतों पर सहिया बहनें झूमती नजर आईं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक अभिनित आनंद, मोनिका बाला, जिला सहिया सहजकर्ता आरती श्रीवास्तव, सीमा देवी, बबीता देवी, लक्ष्मण गोप, सुशांति धारी किंडो, मनोज उरांव समेत सभी प्रखंडों से आए प्रतिनिधि और लगभग पांच सौ से अधिक सहिया बहनों की सहभागिता रही।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super-scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non-refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 572/PR/JUSNL/ 2024-25 | Repair of cable trench and provision for replacement of damaged cover slabs with new ones at 132/33 kV Grid Sub-Station, Daltonganj under TSD, Daltonganj. | Rs.1476/- (including GST @ 18%) | Rs. 15,200/- |

1. Start date and time for sale of Tender Documents **21.03.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **10.04.2025** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **10.04.2025** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender: **11.04.2025** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/extend the date of sale/submission/opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 7488012827.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV Medininagar

PR 348731 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अनेक व्यक्ति अपनी भूलों की तो अनदेखी करते रहते हैं लेकिन दूसरे व्यक्तियों को बड़ी कठोरता से परखते हैं। हमें इस दृष्टिकोण को पलट कर दूसरों की कमियों को अनदेखा करके अपनी त्रुटियों की कठोरतापूर्वक जाँच करनी चाहिए। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### अमीर बढ़े और गरीबी के बीच खाई भी

देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे मनचाही वस्तुओं का क्रय कर सकें वे अमीरी बढ़ने के बाद भी किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 प्रतिशत लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं। शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों के पास अब कुल राष्ट्रीय आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा! 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं।

*भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।*

# गौरैया के बिना जीवन संगीत अधूरा




गौरैया विलुप्त होने की कगार पर पंहुची विश्व की सबसे पुरानी पक्षी प्रजाति है। सुदूर अतीत से पिछले एक-दो दशक तक हमारे घर-आंगन में फुदकने वाली एवं हमारे जीवन संगीत का अहम हिस्सा गौरैया आज विलुप्ति के कगार पर है। घरों को अपनी चीं-चीं से चहकाने वाली गौरैया अब दिखाई नहीं देती। इस छोटे आकार वाले खूबसूरत एवं शांतिपूर्ण पक्षी का कभी इंसान के घरों में बसेरा हुआ करता था और बच्चे बचपन से इसे देखते हुए बड़े हुआ करते थे। ज्यादा से ज्यादा लोग गौरैया के साथ इंसानी संपर्क के महत्व को समझे एवं इस नन्हें से परिंदे को बचाने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। नेचर फोरेवर सोसाइटी (भारत) और इको-सिस एक्शन फाउंडेशन (फ्रांस) के मिले जुले प्रयास के कारण इस दिवस को मनाने की शुरुआत 2010 में हुई। नासिक निवासी भारतीय प्रकृति एवं संरक्षणवादी डॉ.मोहम्मद दिलावर ने घरेलू गौरैया पक्षियों की सहायता हेतु नेचर फोरेवर सोसाइटी की स्थापना की थी। इनके इस कार्य को देखते हुए टाइम ने 2008 में इन्हें हिरोज ऑफ दी एनवायरमेंट नाम दिया था। पर्यावरण के संरक्षण और इस कार्य में मदद की सराहना करने हेतु एनएफएस ने 20 मार्च 2011 में गुजरात के अहमदाबाद शहर में गौरैया पुरस्कार की शुरुआत की थी। गौरैया पक्षी प्रकृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह जैव विविधता और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 2025 में विश्व गौरैया दिवस का थीम 'प्रकृति के नन्हे दूतों को श्रद्धांजलि' है।

भारत में गौरैया आम जनजीवन का हिस्सा हुआ करती थी, उनकी संख्या घटने के पीछे कई कारण हैं। बढ़ता शहरीकरण और पेड़ों की कटाई उनके घोंसले बनाने की जगहें खत्म कर रहे हैं। मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन उनकी प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर रहे हैं। कीटनाशकों और रसायनों के बढ़ते उपयोग के कारण उनके भोजन के स्रोत कम हो रहे हैं। इसके अलावा, आधुनिक घरों की वास्तुकला में ऐसी संरचनाएं नहीं होतीं जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके, जिससे उनके अस्तित्व पर संकट बढ़ता जा रहा है। विशेषतः यह पक्षी मानवीय लोभ की भेंट तो चढ़ ही रहे हैं, जलवायु परिवर्तन के कारण भी इनकी संख्या लगातार कम हो रही है। कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए पक्षियों का शिकार एवं अवैध व्यापार जारी है। माइक्रोवेव प्रदूषण जैसे कारण इनकी घटती संख्या के लिए जिम्मेदार हैं। जन्म के शुरुआती पंद्रह दिनों में गौरैया के बच्चों का भोजन कीट-पतंग होते हैं। पर आजकल हमारे बगीचों में विदेशी पौधे ज्यादा उगाते हैं, जो कीट-पतंगों को आकर्षित नहीं कर पाते। जीवन के अनेकानेक सुख, संतोष एवं रोमांच में से एक यह भी है कि हम कुछ समय पक्षियों के साथ बिताने में लगाते रहे हैं, अब ऐसा क्यों नहीं कर पाते? क्यों हमारी सोच एवं जीवनशैली का प्रकृति-प्रेम विलुप्त हो रहा है? मनुष्य के हाथों से रचे कृत्रिम संसार की परिधि में प्रकृति, पर्यावरण, वन्यजीव-जंगल एवं पक्षियों का कलरव एवं जीवन-ऊर्जा का लगातार खत्म होते जाना जीवन से मृत्यु की ओर बढ़ने का संकेत है।

विश्व गौरैया दिवस गौरेया के संरक्षण और उसके सामने आने वाली चुनौतियों के प्रति जागरूक करने के लिये मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि पक्षियों की सुरक्षा केवल उनके अस्तित्व के लिए ही नहीं, बल्कि संपूर्ण जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। जैसे-जैसे पर्यावरणीय समस्याएं बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे गौरैया और अन्य शहरी पक्षियों की सुरक्षा और भी महत्वपूर्ण हो गई है। दिल्ली में तो गौरैया इस कदर दुर्लभ हो गई है कि ढूंढे से भी यह पक्षी देखने को नहीं मिलता, इसलिए वर्ष 2012 में दिल्ली सरकार ने इसे राज्य-पक्षी घोषित कर दिया था। गौरैया के अस्तित्व पर मंडरा रहा खतरा मानवता पर भी एक प्रश्नचिह्न भी है। गौरेया जैसे बेजुबान पक्षियों का बड़ी संख्या में विलुप्त होना पर्यावरण संतुलन के लिये तो बड़ा खतरा है ही लेकिन इसका असर मानव जीवन पर भी होगा। यह धरती केवल इंसानों के लिये नहीं है, बल्कि वन्य जीवों के लिये भी है, इसलिये पक्षियों का विलुप्त होना या मरना हमारे लिये चिन्ता का बड़ा कारण बनना चाहिए। मौजूदा समय में पशुओं एवं पक्षियों की संख्या का लगातार घटना एक अत्यन्त चिन्ताजनक स्थिति है। मानवीय व्यक्तित्व का एक महत्वपूर्ण घटक है संवेदनशीलता, जो व्यक्तित्व का गरिमा प्रदान करता है, उसे गहराई एवं ऊंचाई प्रदान करता है, इसके अभाव में मानव दानव बन जाता है, गौरैया जैसे पक्षियों के प्रति बरती जा रही संवेदनहीनता इसी की परिचायक है।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। दरअसल हमारे यहां बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है, पर गौरेया जैसे छोटे पक्षियों के संरक्षण पर उतना नहीं। अब भी यदि हम जैव विविधता को बचाने का सामूहिक प्रयास न करें, तो बहुत देर हो जाएगी। पक्षी विज्ञानी हेमंत सिंह के अनुसार गौरैया की आबादी में 60 से 80 फीसदी तक की कमी आई है। यदि इसके संरक्षण के उचित प्रयास नहीं किए गए तो हो सकता है कि गौरैया इतिहास का प्राणी बन जाए और भविष्य की पीढ़ियों को यह देखने को ही न मिले। ब्रिटेन की 'रॉयल सोसायटी ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ बर्डस' ने भारत से लेकर विश्व के विभिन्न हिस्सों में अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययनों के आधार पर गौरैया को 'रेड लिस्ट' में डाला है। आंध्र विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के मुताबिक गौरैया की आबादी में करीब 60 फीसदी की कमी आई है। यह ह्रास ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में हुआ है। पश्चिमी देशों में हुए अध्ययनों के अनुसार गौरैया की आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

हर परिस्थितियों में खुद को अनुकूल बना लेने वाली यह चिड़िया अब भारत ही नहीं, यूरोप के कई बड़े हिस्सों में भी काफी कम रह गई है। ब्रिटेन, इटली, फ्रॉंस, जर्मनी और चेक गणराज्य जैसे देशों में इनकी संख्या जहाँ तेजी से गिर रही है, तो नीदरलैंड में तो इन्हें 'दुर्लभ प्रजाति' के वर्ग में रखा गया है। कई बार लोग अपने घरों में इस पक्षी के घोंसले को बसने से पहले ही उजाड़ देते हैं। कई बार बच्चे इन्हें पकड़कर पहचान के लिए इनके पैर में धागा बांधकर इन्हें छोड़ देते हैं। इससे कई बार किसी पेड़ की टहनी या शाखाओं में अटक कर इस पक्षी की जान चली जाती है। इतना ही नहीं कई बार बच्चे गौरैया को पकड़कर इसके पंखों को रंग देते हैं, जिससे उसे उड़ने में दिक्कत होती है और उसके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ता है। पक्षी विज्ञानियों के अनुसार गौरैया को फिर से बुलाने के लिए लोगों को अपने घरों में कुछ ऐसे स्थान उपलब्ध कराने चाहिए, जहां वे आसानी से अपने घोंसले बना सकें और उनके अंडे तथा बच्चे हमलावर पक्षियों से सुरक्षित रह सकें। गौरैया आजकल अपने अस्तित्व के लिए मनुष्यों और अपने आसपास के वातावरण से काफी जद्दोजहद कर रही है। ऐसे समय में हमें इन पक्षियों के लिए वातावरण को इनके प्रति अनुकूल बनाने में सहायता प्रदान करनी चाहिए। तभी ये हमारे बीच चह चहायेंगे।

मनुष्यों को गौरैया के लिए कुछ ना कुछ तो करना ही होगा, वरना यह भी मॉरीशस के डोडो पक्षी और गिद्ध की तरह पूरी तरह से विलुप्त हो जायेंगे। घरेलू गौरैया पृथ्वी पर सबसे आम और सबसे पुरानी पक्षी प्रजातियों में से एक है। हमें पक्षियों के स्वास्थ्य के प्रति भी सजग होना चाहिए। सरकारों को भी पक्षियों के इलाज एवं जीवन-सुरक्षा के पुख्ते प्रबंध करने चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**ललित गर्ग**

### आत्म-परिचय की खोज

मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा प्रश्न है -"मैं कौन हूं?" इस प्रश्न का उत्तर न केवल भारतीय धर्मग्रंथों में मिलता है, बल्कि यह प्रश्न जीवन के वास्तविक उद्देश्य की ओर भी ले जाता है। गीता, उपनिषद, महाभारत, रामायण, वेद, पुराणों में इस विषय पर गहरी व्याख्या की गई है। भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं अर्जुन को गीता में आत्मा का स्वरूप समझाया और आत्मज्ञान प्राप्त करने का मार्ग बताया। भगवद गीता के द्वितीय अध्याय में श्रीकृष्ण अर्जुन को आत्मा और शरीर का भेद समझाते हैं। वह कहते हैं कि शरीर नश्वर है, लेकिन आत्मा अजर-अमर और सनातन है। "न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः। अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।" (भगवद गीता 2.20) अर्थातः आत्मा का न जन्म होता है, न मृत्यु। यह नित्य, शाश्वत और पुरातन है। शरीर नष्ट हो सकता है, लेकिन आत्मा का कभी नाश नहीं होता। उपनिषदों में "अहं ब्रह्मास्मि" का सिद्धांत दिया गया है, जिसका अर्थ है – "मैं ब्रह्म हूं।" यह आत्मा की दिव्यता और परमात्मा से एकत्व को दर्शाता है। बृहदारण्यक उपनिषद (1.4.10) में कहा गया हैः "अहम् ब्रह्मास्मि" अर्थात् "मैं ही ब्रह्म हूं, मैं अमर आत्मा हूं।" यह सिद्ध करता है कि हम केवल यह शरीर नहीं हैं, बल्कि एक अनंत चेतना हैं जो जन्म और मृत्यु से परे है। (क) विदुर नीति (महाभारत से) महाभारत में विदुर ने धृतराष्ट्र को समझाया कि आत्मा और शरीर का भेद जानकर ही मनुष्य सच्ची शांति प्राप्त कर सकता है। विदुर कहते हैं – "जो आत्मा के स्वरूप को जान लेता है, वह कभी दुखी नहीं होता और न ही अहंकार करता है।" (ख) रामायण में हनुमानजी का आत्मबोध, रामायण में जब हनुमानजी को उनकी शक्ति याद दिलाई जाती है, तब वह कहते हैं – "अस मैं जो जानि तव प्रभुताई। तब मोहि कभी न भय अधिकाई।।" अर्थात्, जब मैं जान गया कि मैं कौन हूं और श्रीराम के अनुग्रह से क्या कर सकता हूं, तब से मुझे किसी भी चीज़ का भय नहीं रहा। "मैं कौन हूं?" – आज के समय में युवा बाहरी दुनिया में अपनी पहचान खोजते रहते हैं, लेकिन असली पहचान आत्मा में है। यदि व्यक्ति आत्मज्ञान प्राप्त कर ले, तो – दूसरों की निंदा और आलोचना से बच सकता है। स्वयं के अंदर एक आत्म-शक्ति का अनुभव कर सकता है। सकारात्मक जीवन जी सकता है। अहंकार और अज्ञानता से मुक्त हो सकता है। आत्मबोध ही वास्तविक ज्ञान है। भगवान श्रीकृष्ण, उपनिषदों, महाभारत, रामायण सभी धर्मग्रंथ यही कहते हैं कि मनुष्य को आत्मज्ञान प्राप्त करना चाहिए। जब व्यक्ति यह जान लेता है कि वह केवल शरीर नहीं, बल्कि एक अमर आत्मा है, तब जीवन का सच्चा अर्थ समझ आता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

# धार्मिक और वैज्ञानिक प्रभाव के साथ रंगपंचमी सकारात्मक ऊर्जा का त्यौहार

रंगपंचमी भारतीय संस्कृति में रंगों के महत्व को दर्शाता है तथा रंग हमारे जीवन में खुशी, उत्साह और सकारात्मकता लाते हैं। योगाचार्य महेश पाल बताते है कि रंग पंचमी को सकारात्मक ऊर्जा,और,आध्यात्मिकता का प्रतीक माना जाता है। रंग पंचमी को देव पंचमी,श्री पंचमी के नाम से भी जाना जाता है,धार्मिक मान्यता के अनुसार, रंगपंचमी के दिन देवी-देवता भी होली खेलते हैं इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी ने होली खेली थी और स्वर्ग से देवी-देवताओं ने पुष्प वर्षा की थी। यही कारण है कि इस दिन अबीर-गुलाल उड़ाने की परंपरा है। इस दिन देवताओं की पूजा की जाती है और उन्हें रंग अर्पित किए जाते हैं। मान्यता है कि इस दिन रंग खेलने से देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है।यह त्योहार हमें प्रकृति के साथ जुड़ने और जीवन में खुशियां लाने का संदेश देता है।पौराणिक कथाओं एवं धार्मिक मान्यता के अनुसार, रंग पंचमी का दिन देवी-देवताओं को समर्पित होता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन रंगों का प्रयोग करने से एवं रंगो को आसमान की ओर उड़ाते हैं।ऐसा करने से देवी-देवता आकर्षित होकर अपनी कृपा बरसाते हैं,रंग पंचमी को पांच मूलभूत तत्वों - वायु, आकाश, जल, पृथ्वी और अग्नि - को सक्रिय करने वाला माना जाता है, जो ब्रह्मांड का निर्माण करते हैं। योग आयुर्वेद के अनुसार, मानव शरीर भी इन्हीं तत्वों से बना है। इस त्यौहार को इन तत्वों को आह्वान करने,जीवन में संतुलन बहाल करने और आध्यात्मिक विकास में सहायता करने के अवसर के रूप में देखा जाता है,रंगपंचमी केवल एक रंगों का त्योहार ही नहीं है बल्कि यह आध्यात्मिक और वैज्ञानिक, दृष्टियों से भी महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन रंगों का उपयोग वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। योग आयुर्वेद के अनुसार,प्राकृतिक रंगों में चिकित्सीय गुण होते हैं, जो हमारे शरीर और मन को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। रंगों का खेल मानसिक तनाव को कम करने और खुशी बढ़ाने में मदद करता है। यह पर्व हमें तनावमुक्त और आनंदित रहने का अवसर प्रदान करता है। वैज्ञानिक दृष्टि से भी देखा जाए तो वसंत ऋतु के दौरान मौसम परिवर्तनशील रहता है और वातावरण में हानिकारक जीवाणु अधिक होते हैं। रंगों में मौजूद प्राकृतिक तत्व इन जीवाणुओं को नष्ट करने में सहायक होते हैं। मान्यता है कि रंग पंचमी के दिन वातावरण में फैली सभी नकारात्मक शक्तियां समाप्त हो जाती हैं और वातावरण शुद्ध हो जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**योगाचार्य महेश पाल**



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

घर के भीतर घर बने, उनके भीतर और।
बना रही है अस्मिता, हर कमरे में ठौर।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# कहानी कहने की परंपरा : दादी-नानी की गोद से वैश्विक मंच तक

20 मार्च विश्व किस्सागोई दिवस

जब शब्द नृत्य करते हैं, भावनाएँ जागती हैं, और समय की धारा में एक जादुई चित्र उभरता है—तब जन्म लेती है एक कहानी। हर साल 20 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व किस्सागोई दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस अनमोल परंपरा का उत्सव है जो मानव सभ्यता की नींव में बसी है। कहानियाँ सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं होतीं, वे समय की नदी में बहती जादुई लहरें हैं, जो सुनने वाले को एक अनदेखे सफर पर ले जाती हैं और कहने वाले के मन को अभिव्यक्ति का आकाश देती हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा वजूद, हमारी पहचान और हमारा इतिहास-सब कुछ कहानियों के रंगीन धागों से बुना गया है। चाहे वह दादी-नानी की गोद में सुनी लोककथाएँ हों, किताबों में दर्ज ऐतिहासिक गाथाएँ हों, या आज के डिजिटल मंचों पर वायरल होती कहानियाँ-हर कथा में जीवन को समझने और उसे नई नजर से देखने की शक्ति छिपी है।

विश्व किस्सागोई दिवस एक ऐसा अनुपम उत्सव है, जो कहानियों के अलौकिक आकर्षण को केंद्र में लाता है और मानव सभ्यता की अनमोल विरासत को संजोते हुए सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनता है। इसकी नींव 1991 में स्वीडन में पड़ी, जब इसे "राष्ट्रीय किस्सागोई दिवस" के रूप में मनाया गया; किंतु 2001 में यह "विश्व किस्सागोई दिवस" के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित हो गया। 2002 में स्कैंडिनेविया से आगे बढ़ते हुए, 2005 तक यह 25 देशों में अपनी पहचान बना चुका था। यह दिन मौखिक कथाओं और लोकसाहित्य की असीम शक्ति का उत्सव है, जहां हर साल एक नई थीम-2025 में "गहरा पानी"-कथाकारों को प्रेरित करती है। इस थीम के अंतर्गत वे संकट की घड़ियों, जल के रहस्यमयी संसार या सागर की अथाह गहराइयों से कथाएं गढ़ते हैं। 20 मार्च को ये कथावाचक अपनी सम्मोहक कहानियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं-ये कथाएं अतीत को जीवंत करती हैं, नैतिकता की ज्योति प्रज्वलित करती हैं और भविष्य के लिए प्रेरणा का आलोक फैलाती हैं। यह आयोजन केवल कला का प्रदर्शन नहीं, बल्कि मानव रचनात्मकता और वैश्विक सामंजस्य का एक प्रदीप्त प्रतीक है।

कहानी कहना मानवता की सबसे पुरानी कला है। जब हमारे पूर्वज गुफाओं में आग के चारों ओर बैठते थे, तब भी वे अपने अनुभवों को कहानियों में ढालते थे। उन कहानियों ने न केवल उनका मनोरंजन किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को जीवन के सबक, नैतिकता और साहस की प्रेरणा दी। आज भी यह सिलसिला जारी है। एक माँ अपने बच्चे को सोते वक्त जो कहानी सुनाती है, वह सिर्फ नींद लाने का जरिया नहीं होती—वह उसके कोमल मन में सपनों के बीज बोती है। एक लेखक जो अपनी किताब में समाज की सच्चाई उकेरता है, वह पाठक के विचारों को झकझोर देता है। कहानी केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि एक दर्पण है जो हमें हमारा अतीत दिखाता है, एक खिड़की है जो भविष्य की झलक देता है, और एक पुल है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ता है। डिजिटल युग ने कहानियों को नए पंख दिए हैं। पहले जो किस्से गाँव के चबूतरे पर या अलाव की गर्माहट में सुनाए जाते थे, वे आज पॉडकास्ट की आवाज में. वेब सीरीज़ के दृश्यों में, और सोशल मीडिया के छोटे-छोटे वीडियो में जीवंत हो उठे हैं। टेक्नोलॉजी ने कहानी कहने के तरीके को बदला है, लेकिन उसकी आत्मा को नहीं छुआ। आज भी एक अच्छी कहानी सुनते ही हमारा मन उसमें खो जाता है, हमारी आँखों के सामने चित्र उभरने लगते हैं, और हमारा दिल भावनाओं की लहरों में डूब जाता है। चाहे वह नेटफ्लिक्स पर कोई सीरीज़ हो या यूट्यूब पर कोई प्रेरक वीडियो—कहानी की वह ताकत अब भी बरकरार है जो हमें हँसाती है, रुलाती है, और सोचने पर मजबूर करती है। इतिहास गवाह है कि कहानियों ने समाज को बदलने में अहम भूमिका निभाई है। महाभारत और रामायण जैसी पौराणिक कथाएँ हमें धर्म और कर्म का पाठ पढ़ाती हैं, तो मुंशी प्रेमचंद की कहानियाँ हमें गरीबी और अन्याय की कड़वी सच्चाई से रूबरू कराती हैं। भगत सिंह की डायरी के पन्ने और गांधी जी की आत्मकथा हमें आजादी के संघर्ष की कहानी सुनाते हैं, जो आज भी युवाओं में जोश भर देती हैं। एक कहानी नायक को जन्म दे सकती है, एक क्रांति को प्रम्ज्वलित कर सकती है, और एक समाज को नई दिशा दे सकती है। जब मार्टिन लूथर किंग ने अपने सपनों की कहानी सुनाई, तो उसने नस्लवाद के खिलाफ एक आंदोलन खड़ा कर दिया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 'बिहार को पैर पकड़वा नहीं, आगे ले जाने वाला सीएम चाहिए': तेजस्वी यादव



एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा कथित तौर पर आईआईएमआर और बीज उत्पादन केंद्र को बिहार से कर्नाटक स्थानांतरित करने को लेकर चुनाव से पहले राज्य की सियासत तेज हो गई है। पूरे मामले को लेकर विपक्ष सत्तारूढ़ एनडीए सरकार पर हमलावर है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने फिर एक बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अगर बिहार के सीएम को इसकी जानकारी थी, तो क्या उन्होंने पीएम और कृषि मंत्री से बात की? एनडीए सरकार पर वार करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उनका बिहार से पलायन रोकने का कोई इरादा नहीं है; वे इसे बढ़ाने की तैयारी कर रहे हैं। यहां तक कि गिरिराज सिंह ने भी इस बारे में तभी बात की जब मैंने इस बारे में ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से किसी ने भी इस कदम का विरोध नहीं किया। बिहार को 'पैर पक ड़ वा मुख्यमंत्री' की जरूरत नहीं है। बिहार को एक ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है जिसके पास दूरदृष्टि हो और जो निडर होकर बिहार को आगे ले जा सके। यही डबल इंजन सरकार की हकीकत है। नीतीश कुमार को अपनी कुर्सी के अलावा किसी चीज की परवाह नहीं है। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह ने मंगलवार को उन दावों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान और बीज उत्पादन केंद्र को बेगूसराय से कर्नाटक के शिवमोगा में स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है। उन्होंने विपक्ष पर राजनीतिक लाभ के लिए "अफवाहें फैलाने" का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर 17 जनवरी को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मेरी विस्तृत टेलीफोन पर बातचीत हुई। उन्होंने मुझे आश्वासन दिया कि देश के पूर्वी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्र को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### पकड़ा गया नागपुर हिंसा का मास्टरमाइंड फहीम खान



**नागपुर।** नागपुर दंगों के पीछे मास्टरमाइंड के रूप में पहचाने जाने वाले फहीम खान को गिरफ्तार कर लिया गया है और वह 21 मार्च तक पुलिस हिरासत में है। उसने औरंगजेब की कब्र पर पवित्र कपड़ा जलाए जाने की झूठी अफवाह फैलाई, जिससे हिंसा भड़क उठी। नितिन गडकरी के खिलाफ संसदीय चुनाव लड़ने वाले खान ने सोमवार दोपहर को एक पुलिस स्टेशन के बाहर भीड़ जुटाई। दंगों के कारण महिला अधिकारियों सहित पुलिस अधिकारियों पर हमले हुए। 38 वर्षीय नेता, जो एमडीपी के शहर अध्यक्ष हैं और यशोधरा नगर में संजय बाग कॉलोनी के निवासी हैं, को 21 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच और वीडियो साक्ष्य से पता चलता है कि खान के भड़काऊ भाषण ने सीधे तौर पर तनाव बढ़ाने में योगदान दिया, जिससे क्षेत्र में समुदायों के बीच झड़पें हुईं। फहीम खान ने 2024 का लोकसभा चुनाव नागपुर निर्वाचन क्षेत्र से अल्पसंख्यक डेमोक्रेटिक पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए लड़ा था। उल्लेखनीय है कि उन्होंने वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन 6.5 लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से हार गए थे।

### नेवारी के दर्जनों पुंज में लगीं आग, दो लाख रुपए की संपति जलकर राख

**नवादा।** नवादा जिले के मेसकौर थानाक्षेत्र में बुधवार को प्रखंड अंतर्गत स्थित मेसकौर गांव में दर्जनों किसानों के खलिहान में रखी नेवारी के पुंज में अचानक आग लग गई ।आग लगने कारणों का पता नहीं चल पाया है ।आग लगने की सूचना पर ग्रामीण एकत्रित हुए लेकिन पानी के किल्लत के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल था । सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि फायर बिग्रेड की टीम को सूचित किया गया लेकिन फायर बिग्रेड की छोटी गाड़ी होने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल रहा। एक और बड़ी गाड़ी की मांग जिला से की गई है पीड़ित किसान राजेंद्र प्रसाद का 15000 नेवारी, विनोद कुमार का 15000 , महेश प्रसाद का 15000, दरवारी प्रसाद का 15000, कपिल प्रसाद का 5000, गीता देवी का 8000, विजय प्रसाद का 5000, रामस्वरूप प्रसाद का 8000, विकास कुमार का 5000, दिलीप प्रसाद का 5000, कमलेश प्रसाद का 5000, प्रेमन प्रसाद का 5000 नेवारी जलकर राख हो गया। किसानों ने बताया कि लगभग 2 लाख रुपए की संपति जलकर राख हो गई ।दो घंटे बाद फायर बिग्रेड की टीम घटना स्थल पर पहुंची ।मौके पर सीओ अभिनव राज, मुखिया रामानंदन प्रसाद सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### भारत के संविधान पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** सोशल मीडिया पर भारतीय संविधान को अपशब्द बोलने वाले एक पोस्ट के विरुद्ध एसपी के निर्देश पर कारवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया गया। जिले में सोशल मीडिया एकांउट के मॉनिटरिंग के दौरान एसपी स्वर्ण प्रभात ने पाया कि शिवम कुमार नामक युवक के एकांउट से सोशल मीडिया पर भारत के संविधान पर अभद्र टिप्पणी की गयी है। उक्त पोस्ट पर एसपी स्वर्ण प्रभात ने संज्ञान लेने के बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त कोटवा थाने के हेमन छपरा गांव का शिवम कुमार बताया गया है। 19 मार्च को वायरल हुए उक्त पोस्ट पर कोटवा पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया है कि पुलिस की लगातार नजर सोशल मीडिया अकाउंट्स पर है ऐसे में किसी तरह की अश्लील,भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट करने वालो पर कारवाई तय है।

### जगत में कहीं आनंद है तो भगवान राम के नाम में : मुरलीधरजी महाराज

**मुरादाबाद।** हरे कृष्ण सेवा न्यास समिति के तत्वावधान में नवदिवसीय श्री राम कथा महोत्सव के तीसरे दिन व्हाइट हाउस में बुधवार को राजस्थान जोधपुर के संत मुरलीधरजी महाराज ने कहा कि जगत में कहीं आनंद है तो भगवान राम के नाम में है। श्री रामचरितमानस की चौपाई वास्तव में चौपाई नहीं मंत्र हैं। उन्होंने कहा कि नवदिवसीय रामकथा को नौ बार पूरे नियम, व्रत, संकल्प के साथ सुनेंगे तो निश्चित ही आपका जीवन राममय हो जाएगा। आज श्री राम कथा में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया।

# नोएडा अथॉरिटी, बिल्डर-बैंक नेक्सस का पर्दाफाश करने का वक्त आ गया : सुप्रीम कोर्ट

- "बैंक और बिल्डर सिंडिकेट की जांच कैसे करेंगे"- सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से पूछा
- बिल्डर सुपर टेक के 16 परियोजनाओं में 27 हजार खरीददार घरों के इंतजार में
- खरीदारों ने बैंकों से लोन लेकर सुपरटेक को दे घर नहीं मिला
- फ्लैट मिले नहीं बैंक ईएमआई चुकाने के लिए मजबूर
- सुप्रीम कोर्ट इसे बैंक व बिल्डर का मिलीभगत मान रहा है
- जब बिल्डर प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ाया , पूरा नहीं कर रहा था तो बैंक उसको पैसा कैसे देते गए?



ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ( दिल्ली से सटे राज्यों के शहर - नोएडा,गुड़गांव,फरीदाबाद,गाजियाबाद में एक दशक से पहले ) में बिल्डर व बैंक के सिंडिकेट ( बिल्डर सुपर टेक के 9 हजार 500 करोड़ रुपए अनुमानित लागत वाली 16 परियोजनाओं में 27 हजार से ज्यादा घर खरीददार अपने घरों का इंतजार कर रहे ) तथा जमीन के बकाया समस्या को आपने खुद ही जन्म दिया है। ऐसा स्ट्रक्चर क्यों बनाया, जो बिल्डर के फेवर में था? इस कारण ही हजारों घर खरीदार एक दशक से ज्यादा समय से परेशान हो रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के लिए एसआईटी गठित करने की भी बात कही है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एनबीसीसी को नोटिस जारी किया है।सर्वोच्च न्यायालय ने कहा - जमीन का बकाया निपटाया जा सकता है। न्यायाधीश सूर्यकांत ने सीबीआई से कहा कि दो सप्ताह में बताएं कि कैसे जांच करेंगे? सीबीआई की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट को बताया कि इस काम का दायरा काफी बड़ा होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि शुरुआत में ग्रेटर नोएडा के एक-दो प्रोजेक्ट की जांच की जा सकती है। कोर्ट ने मामले में मदद के लिए एक सलाहकार भी नियुक्त किया है। हमें डेपुटेशन पर अधिकारियों की जरूरत होगी। इस पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आपकी सीबीआई एक एक्सपर्ट टीम है, और ये सभी मामले आर्थिक अपराधों से जुड़े हैं। अगर पहली नजर में कोई मामला बनता है, तो यह आपकी जांच का हिस्सा होगा। इस गड़बड़ी को किस तरह सुलझा सकते हैं, इस पर डिटेल रिपोर्ट दें। मदद के लिए वरिष्ठ वकील राजीव जैन को कोर्ट सलाहकार बना रहे हैं। मालूम हो कि यह मामला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के होम बायर्स की शिकायतों से जुड़ा है, जिसमें फ्लैट मिले बगैर ही बैंक ईएमआई चुकाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। एक वित्तीय संस्था की तरफ से सीनियर एडवोकेट डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि एक बिल्डर दिवालिया प्रक्रिया में गया तो फाइनेंसर जिम्मेदार नहीं हो सकता। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि वित्तीय संस्थान दोषी हैं, उन्हें पता था कि साइट पर एक ईंट भी नहीं रखी गई है, फिर भी फंड जारी करते रहे। हम कैसे मान लें कि आपके (वित्तीय संस्थान) के हाथ साफ हैं।वहीं, नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल के आदेश को चुनौती देने पहुंची नोएडा अथॉरिटी को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि जमीन का बकाया निपटाया जा सकता है। आपने खुद ही इस समस्या को जन्म दिया है। ऐसा स्ट्रक्चर क्यों बनाया, जो बिल्डर के फेवर में था? इस कारण ही हजारों घर खरीदार एक दशक से ज्यादा समय से परेशान हो रहे हैं। कोर्ट ने इस मामले में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के लिए एसआईटी गठित करने की भी बात कही है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान एनबीसीसी को नोटिस जारी किया है।नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने सुपरटेक के 16 अधूरे प्रोजेक्ट को नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन को सौंपने का निर्देश दिया था, ताकि वह उसे पूरा कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने 21 फरवरी को एनसीएलएटी के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें उसने एनबीसीसी को सुपरटेक लिमिटेड की रुकी हुई 16 हाउसिंग परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट के रूप में नियुक्त किया गया था।सीजेआई की अगुवाई वाली बेंच के सामने नोएडा अथॉरिटी की ओर से पेश हुए एडवोकेट संजीव सेन ने दलील दी कि कंपनी दिवालिया कार्रवाई से गुजर रही थी, तब एनबीसीसी को यह प्रोजेक्ट दिया गया था। यह आदेश एनसीएलएटी के जूरिडिक्शन से बाहर का था। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने एनबीसीसी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली दो अपीलों पर सुनवाई की थी।कोर्ट ने बायर्स के बारे में चिंता जताई और सभी संबंधित पक्षों को पिछली सुनवाई के दौरान नोटिस जारी किए थे। बेंच ने यह जांचने का फैसला लिया कि क्या एनसीएलएटी ने एनबीसीसी की नियुक्ति के दौरान इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत सही प्रक्रिया अपनाई थी या नहीं। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने पिछले साल 12 दिसंबर को अपने आदेश में एनबीसीसी को सुपरटेक की रुकी हुई 16 परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कहा था, जिसकी अनुमानित लागत 9 हजार 500 करोड़ रुपए थी। बता दें, 27 हजार से ज्यादा घर खरीददारों अपने घरों का इंतजार कर रहे हैं।

## दिल्ली में डबल इंजन की सरकार आते ही विकास की गति तेज हुई : मनोज तिवारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार आने से विकास की गति को तेजी मिली है। दिल्ली की भाजपा सरकार विकास कार्यों में आने वाली रुकावटों को दूर करने में भरोसा करती है। विकास कार्यों को गति देते हुए मनोज तिवारी ने बुधवार को खजूरी खास की दो सड़कों एवं डॉ भीमराव आंबेडकर कॉलेज के सामने की सड़क का शिलान्यास किया। खजूरी खास की दो सड़कों का निर्माण ग्रामोदय अभियान के तहत लगभग एक करोड़ 12 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा आंबेडकर कॉलेज के सामने की सड़क का निर्माण दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा लगभग सवा करोड़ की लागत से किया जाएगा। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली में अब डबल इंजन की सरकार का असर दिखने लगा है और विकास की गति को तेजी मिली है।

## सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट गो माता की होनी चाहिए रक्षाः राजेश सिंह

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने बुधवार को राठ स्थित नगर पालिका की अस्थाई गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि गौशालाओं में देशी नस्ल की गायों की गुणवत्ता में सुधार कराते हुए उप्र का दुग्ध उत्पादन भी बढ़ना चाहिए।

## नई मुसीबत में फंसे सत्येंद्र जैन

## एसीबी ने रिश्वत लेने के मामले में दर्ज की एफआईआर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी के लिए 571 करोड़ रुपये की सीसीटीवी परियोजना के संबंध में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया। संयुक्त पुलिस आयुक्त (सीपी) और एसीबी के प्रमुख मधुर वर्मा के अनुसार, 7 करोड़ रुपये की रिश्वत लेकर 16 करोड़ रुपये के परिसमाप्त हर्जाने को कथित तौर पर मनमाने ढंग से माफ कर दिया गया। सक्षम प्राधिकारी से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17 ए के तहत पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

## 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए हैं, जिन्होंने अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट हासिल किया था। पुलिस को आशंका है कि ये घुसपैठिए अब भी पश्चिम बंगाल सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में छिपे हो सकते हैं और अन्य देशों में भागने की फिराक में हैं। राज्य में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ होने के बाद जांच में इनके नाम सामने आए हैं। जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, इमिग्रेशन, कस्टम्स और सीमा सुरक्षा बलों सहित अन्य एजेंसियों को इन 69 बांग्लादेशी नागरिकों का ब्योरा सौंपा गया है। पुलिस को संदेह है कि इन अवैध घुसपैठियों को दो श्रेणियों में बांटा जा सकता है। पहली श्रेणी में वे लोग आते हैं जो "आर्थिक शरणार्थी" हैं और आजीविका की तलाश में भारत आए थे। दूसरी श्रेणी में वे लोग हो सकते हैं जिनके संबंध बांग्लादेश में सक्रिय आतंकी संगठनों से हैं और जो पश्चिम बंगाल में स्लीपर सेल स्थापित करने के इरादे से भारत में दाखिल हुए हैं। पिछले हफ्ते कोलकाता पुलिस ने पश्चिम बंगाल में सक्रिय फर्जी पासपोर्ट रैकेट से जुड़ी चार्जशीट कोलकाता की एक निचली अदालत में दाखिल की थी। इस चार्जशीट में कुल 130 लोगों के नाम शामिल हैं, जिनमें 120 बांग्लादेशी नागरिक और 10 भारतीय नागरिक हैं। बांग्लादेशी नागरिकों पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पासपोर्ट हासिल करने का आरोप है, जबकि भारतीय नागरिकों पर इन घुसपैठियों को फर्जी पहचान पत्र और पासपोर्ट उपलब्ध कराने में मदद करने का आरोप है। पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि इस फर्जीवाड़े में एक खास पैटर्न अपनाया गया था। कोलकाता पुलिस के सुरक्षा नियंत्रण संगठन में तैनात रहे सेवानिवृत्त सहायक निरीक्षक अब्दुल हई का नाम भी मुख्य षड्यंत्रकारी के रूप में शामिल किया गया है।

## जनहित के कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं, गड़बड़ी हुई तो कार्रवाई तय : मुख्यमंत्री

**एजेंसी। लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित के कार्यों में लापरवाही को अस्वीकार बताया है। उन्होंने कहा है कि अच्छे लोगों की कहीं कोई कमी नहीं है, इन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेश भर में विभिन्न विभागों और परियोजनाओं के परफॉर्मेंस की भी जानकारी ली। उन्होंने विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सिर्फ तीन कैटेगरीज ए, बी और सी के तहत विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों में, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जानी चाहिए। इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारी की तैनाती की जाए, जो देखे कि रिपोर्ट में जो डेटा दिया जा रहा है वो कितना सही है। इसके बाद माह में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाएं।

मुख्यमंत्री ने वरासत, लैंड यूज जैसी सुविधाओं के निर्धारण में समय सीमा का पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में फ्लैगशिप स्कीम्स की प्रगति को ट्रैक व मॉनिटर करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। इसमें क्वालिटी और स्पीड पर ध्यान देना आवश्यक है। जिन विभागों और परियोजनाओं की क्वालिटी और स्पीड कमजोर है, उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसमें भी हमारा प्रयास होना चाहिए कि ये सभी कैटेगरी परफॉर्मेंस बेस्ड हों तथा सबकी जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

बेहतर परफॉर्मेंस करने वाले विभागों के विषय में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें नंबर नहीं देखना है, बल्कि हमारा फोकस क्वालिटी पर होना चाहिए। क्वालिटी और पारदर्शिता दोनों आवश्यक है।

## संभल को ही क्यों निशाना बना रही सरकारः सपा विधायक

**संभल।** औरंगजेब, वक्फ बिल और नेजा मेला के सवाल पर बुधवार को सपा विधायक इकबाल महमूद भड़क गए। उन्होंने कहा कि सिर्फ संभल को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है। वक्फ बिल आने पर बात करेंगे, सरकार पहले अपने वादे पूरे करे। पत्रकारों के सवालों से चिढ़े सपा विधायक ने कहा कि इससे क्या फर्क पड़ता है कि तीन सौ साल पहले संभल में क्या हुआ था। लोगों का ध्यान भटकाने के लिए ऐसी बातें लाई जा रही हैं। मीडिया सरकार के प्रचारक की तरह काम कर रहा है। सरकार को पहले गरीबों, बेरोजगार किसानों और युवाओं से किए गए वादे पूरे करने चाहिए। सरकार इस बारे में बात नहीं करती। वक्फ बिल आने पर इस पर भी चर्चा होगी, अभी इसे इतना महत्व देने का क्या मतलब है।

# वोटर कार्ड से आधार को लिंक नहीं कराने की वजह बतानी होगी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने वोटर आईडी को आधार कार्ड से लिंक करने को लेकर आधिकारिक ऐलान कर दिया है। चुनाव आयोग द्वारा जारी बयान में कहा गया कि भारत का चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के संबंधित निर्णयों के अनुसार ईपीआईसी को आधार से जोड़ने के लिए कदम उठाएगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग अपने मतदाता रिकॉर्ड को आधार डाटाबेस से जोड़ने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करेगा । वहीं, विधि मंत्रालय फॉर्म 6बी में संशोधन करेगा ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि आधार विवरण प्रदान करना स्वैच्छिक बना रहेगा। हालांकि इस जानकारी को साझा करने से मना करने वाले मतदाताओं को इसके लिए कारण स्पष्ट करना होगा। एक घंटे तक चली इस चर्चा में चुनाव आयोग व सरकारी अधिकारियों ने मतदाता डेटाबेस को आधार से जोड़ने के पक्ष-विपक्ष के साथ-साथ इससे जुड़ी वैधानिकताओं पर भी चर्चा की। वर्तमान में, आयोग ने 2023 तक 66 करोड़ से अधिक मतदाताओं के आधार विवरण एकत्र किए हैं, जिन्होंने स्वेच्छा से यह जानकारी दी थी। लेकिन इन 66 करोड़ मतदाताओं के दो डेटाबेस को लिंक नहीं किया गया है। आगे चलकर निर्वाचन आयोग

### फॉर्म 6- बी में होने जा रहा बड़ा बदलाव

यूआईडीएआई के साथ मिलकर यह पता लगाएगा कि दोनों डेटाबेस को कैसे जोड़ा जाए, कम से कम उन मतदाताओं के लिए जिन्होंने स्वेच्छा से निर्वाचन आयोग को जानकारी दी है।जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धाराएं 23(4), 23(5) और 23(6) मतदाता पहचान सत्यापन के लिए आधार का अनुरोध करने के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के अधिकार, मौजूदा मतदाताओं के लिए स्वेच्छा से आधार संख्या प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और यह सुनिश्चित करने से संबंधित हैं कि आधार कार्ड की जानकारी देने में विफल रहने पर किसी को भी मतदाता पंजीकरण से वंचित नहीं किया जा सकता है या वोटर लिस्ट से नहीं हटाया जा सकता है। यह परिवर्तन सितंबर 2023 में शीर्ष अदालत (जी निरंजन बनाम भारत के चुनाव आयोग में) के समक्ष ईसीआई की प्रतिबद्धता के अनुरूप होगा कि वह इस उद्देश्य के लिए पेश किए गए फॉर्मों में उचित स्पष्टीकरणात्मक परिवर्तन जारी करने पर विचार कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता यह समझें कि यह स्वैच्छिक है।

### डुप्लीकेट वोटर कार्ड विवाद व चिंता –

हाल ही में डुप्लीकेट वोटर कार्ड को लेकर उठे विवाद व चिंता की पृष्ठभूमि में ये फैसले लिए गए हैं। विपक्षी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अलग-अलग राज्यों में नागरिकों को दिए गए एक जैसे वोटर कार्ड नंबर पर चिंता जताई है और चुनाव आयोग पर भाजपा को फायदा पहुँचाने के लिए वोटर लिस्ट में हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। हाल ही में लोकसभा सत्र के दौरान राहुल गांधी ने भी इस बात पर जोर दिया।इस विवाद ने तब तूल पकड़ा जब टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में अपनी पार्टी की एक सभा में डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के मुद्दे को उठाया । बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा मतदाता सूचियों से छेड़छाड़ करने के लिए चुनाव आयोग के साथ मिलकर काम कर रही है। जवाब में, चुनाव आयोग ने समस्या को स्वीकार करते हुए बताया कि कुछ राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने ईपीआईसी नंबर बनाते समय अल्फ़ान्यूमेरिक अनुक्रमों का गलत तरीके से उपयोग किया था। इस स्थिति को सुलझाने के लिए, चुनाव आयोग ने तीन महीने की समय-सीमा के भीतर प्रभावित मतदाताओं को प्रतिस्थापन ईपीआईसी नंबर जारी करने की प्रतिबद्धता जताई है।

# बच्चों के उनकी देखभाल नहीं करने पर गिफ्ट डीड रद्द कर सकते हैं बुजुर्ग



**एजेंसी । चेन्नई**

जस्टिस एसएम सुब्रमण्यम और जस्टिस के राजशेखर की डिवीजन पीठ ने हाल ही में मृतक एस नागलक्ष्मी की पुत्रवधू एस माला की ओर से दायर अपील को खारिज कर दिया। नागलक्ष्मी ने अपने बेटे केशवन के पक्ष में समझौता पत्र (सेटलमेंट डीड) इस उम्मीद के साथ तैयार किया था कि वह और उनकी पुत्रवधू जीवनपर्यन्त उनकी देखभाल करेंगे लेकिन वे उनकी देखभाल करने में विफल रहे। बेटे की मौत के बाद उनकी बहू ने भी उनकी उपेक्षा की। इसलिए, उन्होंने आरडीओ, नागपट्टिनम से संपर्क किया। नागलक्ष्मी का यह बयान दर्ज करने के बाद कि उन्होंने प्रेम, स्नेह के कारण तथा अपने बेटे के भविष्य के लिए यह समझौता किया था और पुत्रवधू माला के बयानों पर विचार करने के बाद आरडीओ ने सेटलमेंट डीड को रद्द कर दिया। इसे चुनौती देते हुए माला ने याचिका दायर की और इसे खारिज कर दिया गया। इसलिए, उन्होंने वर्तमान अपील दायर की। पीठ ने कहा कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 की धारा 23(1) वरिष्ठ नागरिकों को ऐसी परिस्थितियों में सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाई गई है, जहां वे अपनी संपत्ति को उपहार या समझौते के माध्यम से इस उम्मीद के साथ हस्तांतरित करते हैं कि हस्तांतरित व्यक्ति उनकी बुनियादी सुविधाओं का प्रावधान करेगा। पीठ ने कहा कि यदि हस्तांतरित व्यक्ति इन दायित्वों को पूरा करने में विफल रहता है तो वरिष्ठ नागरिक के पास हस्तांतरण को रद्द करने के लिए न्यायाधिकरण से घोषणा प्राप्त करने का विकल्प होता है।

**मद्रास हाईकोर्ट** की टिप्पणी

## यह निर्णय बुढ़ापे में देखभाल की **आशा** से लिया गया था

अधिनियम में यह स्वीकार किया गया है कि वरिष्ठ नागरिकों से संपत्ति का हस्तांतरण, विशेष रूप से बच्चों या करीबी रिश्तेदारों को, अक्सर प्रेम और स्नेह से प्रेरित होता था। वरिष्ठ नागरिक की ओर से संपत्ति हस्तांतरित करने का निर्णय महज एक कानूनी कार्य नहीं था, बल्कि यह निर्णय बुढ़ापे में देखभाल की आशा से लिया गया था। यह प्रेम और स्नेह लेन-देन में निहित शर्त बन जाता है।

## मुंबई में न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा



**मुंबई (आईएएनएस)।** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन भारत दौरे पर हैं। अपने इस दौरे के दौरान वह बुधवार को मुंबई पहुंचे, जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया। यह जानकारी सीएम फडणवीस ने दी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "न्यूजीलैंड के माननीय प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन का मुंबई और महाराष्ट्र में दिल से स्वागत करते हैं! माननीय प्रधानमंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल से मिलना और बातचीत करना सौभाग्य की बात थी। हमारी चर्चाएं व्यावहारिक और दूरदर्शी दोनों ही थीं, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और प्रमुख क्षेत्रों में गहन सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। माननीय प्रधानमंत्री लक्सन को मुंबई में शानदार प्रवास की शुभकामनाएं!

## इस्तांबुल के मेयर और एर्दोगन के प्रतिद्वंद्वी गिरफ्तार, विपक्ष ने साधा सरकार पर निशाना

**इस्तांबुल (आईएएनएस)।** तुर्की ने राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के मुख्य प्रतिद्वंद्वी इस्तांबुल के मेयर एक्रेम इमामोग्लू को भ्रष्टाचार और एक आतंकवादी समूह की मदद करने के आरोप में हिरासत में ले लिया है। मुख्य विपक्षी पार्टी ने बुधवार को इसे 'हमारे अगले राष्ट्रपति के खिलाफ तख्तापलट' कहा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमामोग्लू के खिलाफ यह कदम देश भर में विपक्षी नेताओं पर महीनों से चल रही कानूनी कार्रवाई का परिणाम है, जिसे उनकी चुनावी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने के राजनीतिक प्रयास के रुप में देखा जा रहा है। 54 वर्षीय इमामोग्लू को कुछ ओपिनियन पोल में एर्दोगन से आगे बताया गया। उन्हें कुछ ही दिनों में उनकी रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) का आधिकारिक राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया जाना था।

## छंगतु से पोखरा तक पर्यटक उड़ान शुरू, नेपाल-चीन संबंधों को लगे नए पंख



**बीजिंग (आईएएनएस)।** चीन के सछ्वान एयरलाइंस ने 18 मार्च को छंगतु से नेपाल के पोखरा तक नियमित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक चार्टर उड़ान की शुरुआत की। इस खास मौके पर पहली उड़ान के जरिए 120 से ज्यादा चीनी यात्री पोखरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। पोखरा हवाई अड्डे पर आयोजित स्वागत समारोह में नेपाल में चीनी राजदूत छन सोंग ने कहा कि इस साल चीन और नेपाल अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। दोनों देश छंगतु और पोखरा के बीच नियमित वाणिज्यिक उड़ानों को शुरू करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे न सिर्फ आपसी संपर्क मजबूत होगा, बल्कि नेपाल के पर्यटन उद्योग को भी नई गति मिलेगी। पोखरा के मेयर धनराज आचार्य ने कहा कि 2025 को "नेपाल पर्यटन वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है और यह नई उड़ान इस उत्सव का हिस्सा है। मेयर ने उम्मीद जताई कि भविष्य में और भी चीनी शहरों से पोखरा के लिए उड़ानें शुरू होंगी, जिससे दोनों देशों के रिश्ते और गहरे होंगे।

## डोनाल्ड ट्रंप को कोर्ट से बड़ा झटका, अब अमेरिकी सेना में शामिल होंगे ट्रांसजेंडर्स

**एजेंसी । वाशिंगटन**



एक संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस कार्यकारी आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें ट्रांसजेंडरों को सैन्य सेवा से प्रतिबंधित किया गया था। वाशिंगटन डीसी में न्यायाधीश एना रेयेस ने अपने आदेश में कहा है कि ट्रंप का ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर करने का आदेश संभवतः उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। उन्होंने प्रशासन को अपील करने के लिए समय देते हुए अपने आदेश को तीन दिन के लिए टाल दिया। दरअसल, ट्रंप ने 27 जनवरी को एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कहा गया है कि ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों की यौन पहचान सैनिकों की सम्मानजनक, सत्यनिष्ठ और अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता के साथ टकराव करती है। आदेश को लेकर रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने एक नीति जारी की, जो संभावित रूप से लिंग डिस्फोरिया वाले लोगों को सैन्य सेवा से अयोग्य घोषित करती है। लिंग डिस्फोरिया वह संकट है जो एक व्यक्ति महसूस करता है क्योंकि उसका निर्धारित लिंग और लिंग पहचान मेल नहीं खाती है। इस चिकित्सा स्थिति को अवसाद और आत्महत्या के विचारों से जोड़ा गया है। वादी के वकीलों का तर्क है कि ट्रंप का आदेश पांचवें संशोधन के तहत ट्रांसजेंडर लोगों के समान संरक्षण के अधिकारों का उल्लंघन करता है।

## धरती पर सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी, समुद्र में डॉल्फिन्स ने किया स्वागत



**फ्लोरिडा (आईएएनएस)**

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर, साथ ही नासा के निक हैग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव, नौ महीने के लंबे मिशन के बाद पृथ्वी पर वापस लौटे हैं। एस्ट्रोनॉट्स को स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान द्वारा सुरक्षित रूप से फ्लोरिडा के तट पर उतारा गया था। धरती पर लौटे अंतरिक्ष यात्रियों को एक सुंदर और अप्रत्याशित अनुभव हुआ। उनका स्वागत डॉल्फिन्स ने किया। ड्रैगन कैप्सूल के समुद्र में उतरते ही डॉल्फिन कैप्सूल के आसपास तैरते हुए देखे गए। यह एक लगभग जादुई क्षण था जब डॉल्फिन ने ड्रैगन कैप्सूल के चारों ओर चक्कर लगाया, इससे पहले कि इसे रिकवरी पोत पर रखा जाता। रिकवरी टीम ने कैप्सूल के साइड हैच को सावधानी से खोला, जो सितंबर के बाद से पहली बार खुला था।

अंतरिक्ष यात्रियों को कैप्सूल से बाहर निकाला गया और 45 दिनों के पुनर्वास कार्यक्रम के लिए ह्यूस्टन ले जाया गया।

### धरती पर स्वागत है, आपका अटूट दृढ़ संकल्प हमेशा लाखों लोगों को प्रेरित करेगा : मोदी



पीएम मोदी ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और क्रू-9 टीम की धरती पर सुरक्षित वापसी के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी खुशी जाहिर की। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सुनीता विलियम्स के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, "आपका स्वागत है क्रू-9, धरती ने आपको याद किया।

### भारत की बेटी समेत सभी अंतरिक्ष यात्रियों ने रचा इतिहास : राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी चालक दल के सदस्यों की अंतरिक्ष में असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रशंसा की। रक्षा मंत्री ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, "नासा के क्रू-9 की पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी से प्रसन्न हूं!

## इजरायली हवाई हमले जारी रहने से गाजा में पैदा हो सकती है व्यापक अस्थिरता : यूएई

**अबू धाबी (आईएएनएस)**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्रालय ने कहा कि गाजा में नागरिक और आवासीय क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमले जारी रहने से क्षेत्र में व्यापक अस्थिरता पैदा हो सकती है और पूरे क्षेत्र में हिंसा बढ़ने का खतरा उत्पन्न हो सकता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने आधिकारिक अमीरात समाचार एजेंसी (डब्ल्यूएएम) के हवाले से बताया कि मंत्रालय ने गाजा में और अधिक निर्दोष लोगों की जान जाने से रोकने, मानवीय स्थिति को बिगड़ने से रोकने, नागरिकों को प्रभावित करने वाली दंडात्मक कार्रवाइयों को रोकने और तनाव को बढ़ने से रोकने का आह्वान किया है। डब्ल्यूएएम की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से नए सिरे से युद्धविराम के लिए दबाव बनाने, बिजली की बहाली, क्रॉसिंग्स को फिर से खोलने और गाजा में जरूरतमंद लोगों तक मानवीय सहायता की निरंतर और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया। मंत्रालय ने शांतिपूर्ण समाधान हासिल करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक प्रयासों का समर्थन करने की यूएई की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### गाजा में इजरायल की बमबारी जारी, 'पूरी ताकत से' लड़ने की कसम खाई



**गाजा (आईएएनएस)।** इजरायल की ओर से फिलिस्तीनी क्षेत्र में फिर सैन्य अभियान शुरु करने के बाद मंगलवार रात भर गाजा पर हवाई हमले जारी रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई। इजरायल की सेना ने दावा किया कि उसने हमास के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जहां से फिलिस्तीनी ग्रुप इजराइल पर गोलीबारी करने की तैयारी कर रहा था। सेना ने कहा कि हमास द्वारा नियंत्रित जहाजों को भी निशाना बनाया गया। इससे पहले इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की कि लड़ाई 'पूरी ताकत से' फिर से शुरु होगी। उन्होंने कहा: "यह तो बस शुरुआत है। बता दें इजरायल ने मंगलवार तड़के गाजा पट्टी पर बड़े पैमाने पर बमबारी शुरु की थी। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस बमबारी में 400 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। 19 जनवरी को एक नाजुक युद्धविराम और बंधक-कैदी अदला-बदली समझौते के प्रभावी होने के बाद मंगलवार का हमला सबसे बड़ा था।

### पाक-अफगान सीमा विवाद

## नहीं खुली तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग, दूसरे दौर की वार्ता रही बेनतीजा

इस्लामाबाद, 19 मार्च (आईएएनएस)। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तोरखम बॉर्डर क्रॉसिंग मंगलवार को नहीं खुल सकी। दोनों पक्षों के धार्मिक, राजनीतिक और जनजातीय समुदाय के बुजुर्गों के बीच दूसरे दौर की वार्ता नाकाम रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विवादित सीमा के करीब अफगान बलों के निर्माण कार्य शुरू करने से तनाव बढ़ा था जिसके कारण क्रॉसिंग लगभग एक महीने से बंद थी। हालांकि मगंलवार को इसके खुलने की पूरी उम्मीद थी क्योंकि दोनों पक्षों ने बातचीत के बाद, तोरखम व्यापार मार्ग को सभी प्रकार की आवाजाही के लिए खोलने फैसला किया था। तोरखम बॉर्डर पर 4 मार्च को स्थिति तब गंभीर हो गई जब क्रॉसिंग को फिर से खोलने के लिए बातचीत नाकाम हो गई, जिसके कारण पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगान तालिबान लड़ाकों के बीच गोलीबारी हुई। हिंसक झड़प के कारण सीमा के पास कई सशस्त्र बलों के कर्मियों और नागरिकों की मौत हो गई। इस बीच, बुधवार की सुबह दोनों पक्षों के सीमा सुरक्षा अधिकारियों की बैठक हुई जिसमें सीमा को फिर से खोलने के बारे में चर्चा की गई। पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख सैयद जवाद हुसैन काजमी ने कहा कि बैठक के दौरान अफगान टीम ने काबुल में उच्च अधिकारियों से अंतिम मंजूरी लेने के लिए समय मांगा।

## भारतीय पासपोर्ट रखने वाले 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

**कोलकाता (आईएएनएस)**

कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इन लोगों ने अलग-अलग समय पर अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के बाद नकली दस्तावेज पेश करके भारतीय पासपोर्ट हासिल किए हैं। लुकआउट नोटिस इस आशंका में जारी किए गए हैं कि ये 69 घुसपैठिए अभी भी देश में, खासकर पश्चिम बंगाल में, छिपकर रह रहे हैं और दूसरे देशों में भाग सकते हैं। यह कदम राज्य में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ होने और जांच के दौरान इनकी पहचान उजागर होने के बीच उठाया गया। देश में आव्रजन, सीमा शुल्क और विभिन्न सीमा सुरक्षा एजेंसियों सहित संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है। शहर पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एजेंसियों को इन 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों का विवरण उपलब्ध कराया गया है। जांच अधिकारियों को शक है कि ये अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए दो श्रेणियों के हो सकते हैं।

## ट्रंप-पुतिन बातचीत के चंद घंटों बाद यूक्रेन-रूस का एक दूसरे पर हवाई हमले करने का आरोप

**मॉस्को (आईएएनएस)**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर बातचीत के कुछ ही घंटों बाद रूस और यूक्रेन ने एक दूसरे पर ऊर्जा लक्ष्यों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। जबकि दोनों ही पक्ष ऊर्जा ढांचे को निशाना न बनाने पर समहत हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी और रूसी नेताओं के बीच मंगलवार को हुई टेलीफोन वार्ता में पुतिन ने प्रस्तावित 30 दिवसीय पूर्ण युद्धविराम को अस्वीकार कर दिया, जिसे यूक्रेन स्वीकार कर चुका है। पुतिन ने कहा कि वह केवल ऊर्जा ढांचे पर हमलों को रोकने पर सहमत हैं। इस प्रस्ताव को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने तुरंत स्वीकार लिया, हालांकि उन्होंने अधिक व्यापक युद्धविराम को अस्वीकार करने के लिए मास्को की निंदा की। हालांकि बुधवार को यह छोटा विराम भी सवालों के घेरे में आ गया। मॉस्को ने कहा कि यूक्रेन ने दक्षिणी रूस में एक तेल पंपिंग स्टेशन पर हमला किया, जबकि कीव ने कहा कि रूस ने अस्पतालों और घरों पर हमला किया और उसके कुछ रेलवे की बिजली काट दी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जेलेंस्की ने बुधवार को कहा कि लगातार हो रहे हमलों से पता चलता है कि मॉस्को के शब्द उसके कार्यों से मेल नहीं खाते और रूस अभी भी शांति के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका को किसी भी युद्धविराम की निगरानी का प्रभार दिया जाना चाहिए। फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ हेलसिंकी में एक ब्रीफिंग में उन्होंने कहा, "यदि रूस हमारे प्रतिष्ठानों पर हमला नहीं करेगा, तो हम निश्चित रूप से उनके प्रतिष्ठानों पर हमला नहीं करेंगे। हालांकि क्रेमलिन ने कहा कि उसने यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर योजनाबद्ध हमलों को रोक दिया है, जिसमें यूक्रेन की ओर बढ़ रहे रूस के सात ड्रोन को मार गिराना भी शामिल है। इसने कीव पर अपने हमलों को रोकने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि पुतिन और ट्रंप एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए संबंधों को बहाल करने के लिए दृढ़ हैं।

### कानपुर में गंगा नदी पर बनेंगे 6 लेन के 2 पुल

**कानुपर** । एक शहर से दूसरे शहर जाने के लिए सरकार रास्तों को ज्यादा से ज्यादा सुगम करने के लिए काम कर रही है. कानपुर शहर में 95 किलोमीटर की रेंज में रिंग रोड तैयार की जा रही है और इसके साथ ही तैयार होने जा रहा गंगा नदी पर 6 लेन के दो पुल जिन्हें प्री कास्ट तकनीक से बनाने की तैयारी हो रही है। इस तकनीक से समय, पैसा और लेबर दोनों ही बचेगी, इन दोनों पुलों को तैयार कराने की जिम्मेदारी नेशनल हाइवे अर्थॉरिटी ने की है. जिसकी लागत तकरीबन 900 करोड़ रुपया आएगी, वो भी तक जब इसे प्री कास्ट तकनीक से तैयार किया जाए. वहीं 95 किलोमीटर रिंग रोड तैयार करने का खर्च 11 हजार करोड़ रुपये का आ रहा है। इस परियोजना में 95 किलोमीटर की रिंग रोड बनाई जाएगी। कानपुर में 11 हजार करोड़ की रिंग रोड की परियोजना को लेकर शुरुआत हो चुकी है।

## पाक रक्षा मंत्री ने अफगानिस्तान में 'आतंकवाद विरोधी' अभियान शुरू करने का दिया संकेत

**इस्लामाबाद (आईएएनएस)**



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संकेत दिया कि देश की सेना अफगानिस्तान में 'आतंकवादी ठिकानों' के खिलाफ अभियान शुरू कर सकती है। ख्वाजा आसिफ ने अफगानिस्तान और तालिबान सरकार पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे आतंकवादी समूहों को समर्थन देने का आरोप लगाते हुए कहा, अगर हमें किसी देश में पाकिस्तान के दुश्मनों पर हमला करना पड़ा तो हम ऐसा करेंगे। आसिफ ने यह बयान मंगलवार को पाकिस्तान के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच हुई उच्च स्तरीय बैठक के एक दिन बाद दिया है। इस बैठक में सभी प्रकार के आतंकवाद को खत्म करने का फैसला लिया गया। शरीफ सरकार ने बार-बार दावा किया है कि अफगान तालिबान पाकिस्तान विरोधी समूहों को पनाह दे रहा है, उन्हें मदद दे रहा है, उनका समर्थन कर रहा है और उन्हें पैसे भी दे रहा है। पाकिस्तान ने पहले भी अफगानिस्तान के अंदर हवाई हमले किए हैं। उसका दावा है कि उसने टीटीपी आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें मार गिराया। दिसंबर 2024 में किए गए हवाई हमलों में पाकिस्तान के दक्षिण वजीरिस्तान आदिवासी जिले के पास पक्तिका प्रांत के बरमल जिले को निशाना बनाया गया।

## कहानी फिल्म जगत की

# करण कुंद्रा से शादी करेंगी तेजस्वी प्रकाश या फिर पीआर स्टंट है?



बिग बॉस 15 के सीजन में करण कुंद्रा और तेजस्वी का प्यार परवान चढ़ा था। कपल् तीन साल से रिलेशनशिप में है। अभी हाल ही में फराह खान ने तेजस्वी की मां से पूछा कि वे इन दोनों की शादी कब करवाएंगी, तो इस पर उनकी मां ने क्या जबाव दिया, आइए आपको बताते हैं। रियलिटी शो बिग बॉस 15 की विनर रही तेजस्वी प्रकाश इन दिनों काफी सुर्खियों में है। टीवी एक्ट्रेस ने बिग बॉस शो में ही एक्टर करण कुंद्रा के साथ रिलेशनशिप में हैं। शो करे दौरान दोनो के बीच मुलाकात हुई। फिर अच्छे दोस्त बनें और इसके बाद करण ने नेशनल टेलीविजन पर तेजस्वी को प्रपोज किया। इस शो के दौरान दोनों के बीच नोकझोंक और लड़ाइयां देखने को मिली है। हालांकि फिर दोनों ने एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ा था। शो के बाद भी करण और तेजस्वी रिलेशनशिप में ही रहे। हाल ही में फराह खान ने जब तेजस्वी की मम्मी से पूछा कि वह इन दोनों की शादी के बारे में क्या सोच रही हैं।

### क्या ये पीआर स्टंट है?

जब सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ तो तेजस्वी और करण के फैंस काफी खुश नजर आएं। लेकिन दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि ये सब सेलिब्रिटी मास्टरशेफ की टीआरपी बढ़ाने के लिए किया गया है। ये पीआर स्टंट है। इस पर तेजस्वी की मम्मी ने दिया जवाब, इस साल। इतना सुनकर तेजस्वी दंग रह जाती है। फराह, तेजस्वी को चिढ़ाते हुए उनकी मम्मा से पूछती हैं, "लड़के का नाम 'करण' ही होगा न? इस पर, तेजस्वी की मम्मा हंसते हुए कहती है, हां। तेजस्वी अपनी मां का जवाब सुनकरहैरान रह जाती है।

## सीएम हेमंत दिल्ली में मंत्री शिवराज के दोनों बेटों के रिसेप्शन में हुए शामिल



*सीएम हेमंत ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के दोनों बेटे (कुणाल और कार्तिकेय) के रिसेप्शन पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान सीएम ने दोनों नव दंपति को खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान, उनके परिवार के सदस्य, रिश्तेदार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।*

# राज्य की विधि-व्यवस्था पर राज्यपाल ने गृह मंत्री अमित शाह से की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर राज्य की विकास योजनाओं और वर्तमान विधि-व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल ने इस अवसर पर राजभवन, रांची द्वारा प्रकाशित 'राज भवन पत्रिका' की प्रति केंद्रीय गृह मंत्री को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 की अवधि में राजभवन, झारखंड की विभिन्न गतिविधियों, महत्वपूर्ण आयोजनों और पहलों का संकलन है। इसके प्रधान संपादक राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी हैं। 'राजभवन पत्रिका' के इस अंक में राज्यपाल द्वारा नागरिकों से संवाद, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरुकता बढ़ाने और जनकल्याण को साकार करने से संबंधित गतिविधियों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। इसमें उन्होंने विभिन्न



विश्वविद्यालयों और विद्यालयों का भ्रमण कर शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं का आकलन किया तथा छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। राज्यपाल उच्च शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने को लेकर निरंतर प्रयासरत हैं। अन्य राज्यों से आने वाले आगंतुकों को झारखंड की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने और जनजातीय समाज के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए विशेष पहल करने में वह अग्रसर रहते हैं। यह पत्रिका राज्यपाल की गतिशील कार्यशैली और झारखंड के सतत विकास की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता का दर्पण है।

### जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाला

## तीन आरोपियों को नहीं मिली जमानत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट के सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने जेपीएससी प्रथम सिविल सेवा भर्ती घोटाले के 3 आरोपियों बिरेंद्र कुमार सिंह, हरेंद्र नारायण चौधरी एवं विजय बहादुर सिंह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। तीनों आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका पर सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात तीनों की याचिका खारिज कर दी। तीनों ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए





पिछले दिनों याचिका दाखिल की थी। मामले में अब तक अदालत ने 30 से अधिक आरोपियों को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। बता दें कि सीबीआई कोर्ट ने 16 जनवरी को 47 भ्रष्ट अफसरों समेत 74 लोगों के खिलाफ संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है।

# जल संसाधन विभाग का बजट विस से पास

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र 2025-26 चल रहा है। बुधवार को जल संसाधन विभाग मंत्री हफीजुल हसन द्वारा दी गई 31 मार्च 2025 को समाप्त होने वाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान 19,11,71,06,000/- रुपए से अनधिक राशि प्रदान करने की स्वीकृति विधान सभा में पास हो गई।



### गिरिडीह का मामला दोपहर तक सुलझा लिया गया था

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि गिरिडीह में हुई घटना का मामला दोपहर तक हिंदू और मुसलमान भाईयों ने सुलझा लिया था। तब तक रघुवर दास को पता चला,वे देवघर जा रहे थे इस बीच उन्होंने गिरिडीह की ओर गाड़ी घुमा लिया। पीछे-पीछे बाबूलाल भी चले गए अब आप लोग 60 के ऊपर चले गए हैं। 65-70 साल हो रहा है,अब अगले 20 साल तक कोई वेकेंसी नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन अगले 20 वर्षों तक मुख्यमंत्री रहेंगे और जनता की सेवा करेंगे। आप लोग विपक्ष में बैठने की आदत डाल लें।

### झारखंड ऐसे नहीं बना हजारों लाखों शहीद हुए

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि केंद्र में आपकी सरकार है, केंद्र मदद नहीं कर रहा है। आपलोग भी सहयोग करें, आज आदमी हिंदू-मुसलमान नहीं सुनना चाहता। बीजेपी के छह सांसद हैं, अभी नहीं किए तो हाफ हो जाएंगे। रघुवर दास पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्यपाल रहे हैं, मुख्यमंत्री भी रहे हैं। कितना मुस्लिम देश है, नाम गिनते गिनते खत्म नहीं होगा। झारखंड ऐसे नहीं बना हजारों लाखों शहीद हुए हैं।

### गांव में कमेटी बनाकर 40 से 50 एकड़ में सिंचाई की जाएगी

मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि माइनर लिफ्ट एरिगेशन सोलर से करेंगे, चेक डैम और इंटक वेल बनाएंगे। इसके लिए गांव में कमेटी बनाकर 40 से 50 एकड़ में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ढ़ाई एकड़ में तालाब बनाया जाएगा, छोटी-छोटी योजनाएं ली जाएंगी। 11 योजनाओं का काम प्रगति पर है। स्वर्णरेखा परियोजना पर भी ध्यान दिया जाएगा। पुनासी डैम के मुख्य नहर का थोड़ा काम बाकी है। जल्द ही देवघर को पानी मिलेगा।

### पूर्व सीएम रघुवर दास पर साधा निशाना

अपनी बातों को रखते हुए मंत्री हफीजुल ने पूर्व सीएम रघुवर दास पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कनहर सिंचाई योजना का उद्घाटन 2019 में रघुवर दास किए थे। उद्घाटन के 24 घंटा के बाद चूहा बिल कर दिया, खोखला हो गया और बह गया। इस तरह का काम हम नहीं करेंगे, ठोस काम करेंगे।

### वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजना प्रक्षेत्र

वृहद एवं मध्यम सिंचाई योजना प्रक्षेत्र अंतर्गत 1474.75 करोड़ रुपए जिसमें चालू योजना में चालू वृहद एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं में 1109 करोड़ रूपए एवं पूर्ण सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापना कार्य 136 करोड़ रूपए हैं। नई योजना अंतर्गत नई बृहद एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं का निर्माण 20 करोड़ 20 लाख रुपए,बांध सुरक्षा में 10 लाख रूपए, विभिन्न आयोगों,संस्थानों एवं अभिकरणों हेतु अनुदान 20 लाख रूपए,सर्वेक्षण,अनुसंधान,परामर्श एवं मूल्यांकन में 4.50 करोड़, ई गवर्नेस में 2 करोड़, पुराने भवनों का पुनर्स्थापन एवं नए भवनों का निर्माण 10 करोड़,कार्यशाला, सेमिनार में 40 लाख, पुराने जर्जर वाहनों का नवीकरण या क्रय 40 लाख रूपए है। केंद्र प्रायोजित योजना अंतर्गत सुवर्णरेखा परियोजना में केंद्रांश एवं राज्यांश दोनों मिलाकर 178. 95 करोड़ रूपए, उत्तर कोयल परियोजना केंद्रांश एवं राज्यांश सहित 12 करोड़, सुवर्णरेखा परियोजना के लिए उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल से प्राप्त होने वाली शेयर राशि 1 करोड़ रूपए है।

### लघु सिंचाई योजना प्रक्षेत्र का बजट

लघु सिंचाई योजना प्रक्षेत्र का बजट 250.15 करोड़ रूपए है जिसमें चालू योजना में चालू लघु सिंचाई योजनाओं का निर्माण कार्य में 165 करोड़ रूपए, पुरानी लघु सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापना एवं मरम्मती 58 करोड़ रूपए है। नई योजना में नई लघु सिंचाई योजनाओं का निर्माण कार्य में 18 करोड़ रूपए,जागरूकता अभियान या नई भूगर्भ जल सर्वेक्षण पुनर्भरण योजनाओं में 1 करोड़ रूपए, सर्वेक्षण एवं अनुसंधान में 20 लाख रूपए,नए भवनों का निर्माण 2 करोड़ रूपए, ई गवर्नेस में 10 लाख रूपए, पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 5 लाख रूपए, झालको कर्मियों का वेतन भुगता 80 लाख रूपए है। केंद्रीय प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत लघु सिंचाई गणना के कार्य में शत प्रतिशत अनुदान 5 लाख रूपए है।

### बाढ़ प्रक्षेत्र का बजट

बाढ़ प्रक्षेत्र का बजट 25 करोड़ रूपए है जिसमें चालू बाढ़ नियंत्रण एवं कटाव निरोधक योजनाओं में 15 करोड़ रूपए एवं नई बाढ़ नियंत्रण एवं कटाव निरोधक योजनाओं में 10 करोड़ रूपए है।
केंद्रीय योजनागत योजना प्रक्षेत्र
केंद्रीय योजनागत योजना में शत प्रतिशत अनुदान की राशि 10 लाख रूपए है जिसके अंतर्गत नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट है।

### ठेकेदार ने तीन पुल बनाए, दो धंस गए

## तीसरा कब ढहेगा : मनोज यादव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधायक अमित महतो ने सदन में सिल्ली में बन रहे पुल का मामला उठाया। कहा कि ठेकेदार मेसर्स एएन पांडेय को तीन पुल के निर्माण का जिम्मा मिला। पुल ऐसा बनाया कि दो धंस गये, इस पर मनोज यादव ने पूछा कि तीसरा कब धंसेगा। अमित महतो ने कहा कि 2021 में जांच कमेटी बनाई गयी थी। लेकिन आज तक जांच प्रतिवेदन नहीं दिया गया है। वहीं यह प्रश्न विधान सभा में दिए एक महीना हो गया है, उन्होंने पूछा कि पदाधिकारी संवेदक को संरक्षण क्यों दे रहे हैं। संवेदक को अब तक काली सूची में कयों नहीं डाला गया है। इस पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार संवेदक को बचाने का प्रयास नहीं कर रही है, चलते सत्र में वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जायेगा। उन्होंने कहा है कि जांच का आदेश मुख्यमंत्री ने दिया है। संवेदक को डिबार किया गया है, जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद कारवाई की जायेगी। इस पर अमित महतो ने कहा कि पदाधिकारी मंत्री को गुमराह कर रहे हैं। वहीं जनार्दन पासवान के कानहाचट्टी प्रखंड मुख्यालय में पेजयलापूर्ति के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि वन विभाग से एनओसी मिलते ही जलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी।



अमित यादव ने कहा कि अदालतों में पांच लाख से अधिक मामले लंबित हैं। 75 हजार मामले चल रहे हैं, इस पर कारवाई करने के लिए जजों की नियुक्ति होनी चाहिए।

### 2024-25 सत्र से जल संसाधन का बजट 30 करोड़ कम : अमित यादव

झारखंड विस में बुधवार को जलसंसाधन विभाग के बजट पर अमित यादव ने सदन में कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार जलसंसाधन का बजट 30 करोड़ कम है। जलसंसाधन में नाकामी छिपाने के लिए बजट कम कर दिया गया। सत्ता में आने के बाद जनसुविधाओं से मुंह फेर लेते हैं। पिछले पांच साल में विभाग ने क्या काम किया। जलाशय योजना कई दशकों से चल रही है। बंगाल के बाढ़ के पानी को रोकने के लिए तिलैया और मैथम डैम बना था। आज डीवीसी इससे बिजली उत्पादन कर रही है। इससे राज्य को क्या फायदा हो रहा है। आज डैम से झारखंड को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है। खदानों में स्टोर पानी को किसानों तक पहुंचाने का प्रयास होना चाहिए।



### प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो : जयराम महतो



विधायक जयराम महतो ने विधानसभा में पत्रकारों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो। उन्होंने कहा कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मजीठिया आयोग का लाभ दिया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि पत्रकारों को राज्य के टोल प्लाजा में टोल फ्री किया जाए।

## मंत्री पहले इस्तीफा दें फिर करें परिसीमन का विरोध : राजेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने परिसीमन को लेकर झारखंड सरकार के कुछ मंत्रियों द्वारा विधानसभा में दिए गए बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के मंत्री और नेता बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर के बनाए गए संविधान की दुहाई देते नहीं थकते हैं। लेकिन जब उनके पक्ष में निर्णय नहीं हो तो फिर विरोध में खड़े हो जाते हैं चाहे डॉ भीमराव द्वारा बनाए गए संविधान ही क्यों ना हो । परिसीमन का विरोध करने का मतलब है कि संविधान का विरोध करना ऐसे में पहले मंत्री इस्तीफा दे फिर करें परिसीमन का विरोध। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि परिसीमन कराना एक संवैधानिक प्रक्रिया है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि 2008 में परिसीमन नहीं कराना यह तुष्टीकरण और संविधान के खिलाफ था। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के अधिकारों को झारखंड में चारों तरफ से छीना जा रहा है लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष सदानों पर होने वाले अन्याय को लेकर चुप हैं। प्रसाद ने कहा कि 2026 में हर हाल में केंद्र सरकार से परिसीमन कराने की मांग की है।

प्रसाद ने कहा कि झारखंड में लोकसभा का क्षेत्र भी बहुत लंबा चौड़ा है, इसमें भी सुधार करने की जरूरत है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में परिसीमन के बाद लोकसभा की सीट को 14 से बढ़कर 28 करना चाहिए और विधानसभा की सीट को 81 से बढ़कर 160 करने की जरूरत बताई है। कहा कि झारखंड में विधानसभा की सीट को बढ़ाते हुए विधान परिषद का गठन करने की मांग की है। जिससे वैसे क्षेत्रों के लोगों को भी विधान परिषद में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा जो आरक्षित सीटों के कारण विधानसभा और लोकसभा में कभी प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहे हैं।

### संतोष अग्रवाल वर्षों से प्लास्टिक के खिलाफ चला रहे हैं मुहिम

# लोगों को जागरुक करने के लिए लगाते हैं बैनर-पोस्टर





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ नागरिक संतोष अग्रवाल जो मोरहाबादी में रहते हैं। उन्होंने प्लास्टिक के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। प्लास्टिक का प्रयोग ना हो इसके लिए वे वर्षों से प्रयास करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2024 में मैंने कुछ बैनर बनवाए जो मोरहाबादी हाट, कांके रोड एवं किशोरगंज चौक पर लगवाया, ऑटो पर लगवा कर शहर में अनाउंसमेंट करवाते हुए इसके लिए प्रयास किया। किसी के हाथ में प्लास्टिक थैली में कोई सामान देख हाथ जोड़कर अनुरोध करने लगा कि भावी पीढ़ी के लिए इसका प्रयोग बंद करें और दूसरों को भी रोकें। गलती स्वीकार करते हुए करीब यही जवाब मिलता कि आज झोला लाना भूल गए, आगे से ऐसा नहीं होगा। फिर कई बार उनमें से कुछ लोग मिले और बोले की देखिए आज मैं झोला लेकर आया हूं। वहीं सब्जी वालों से बात करते रहा, उनको डराते भी रहा कि उनकी शिकायत कर दूंगा। करीब 2000 डिस्पोजेबल थैली मैंने पिछले साल बांटी जिनके हाथ में प्लास्टिक था। सब्जी वालों के बीच भी और उनको अनुरोध किया कि वे इसी तरह के पैकेट रखें और किसी के पास झोला नहीं हो तो इसी में दें, लेकिन कुछ महंगा होने के कारण वे इसका प्रयोग नहीं करते, दूसरी बात उनको सप्लाई करने वाले लोग प्रतिबंधित प्लास्टिक थैली ही उनको देकर आते हैं। आज भी मैंने कुछ लोगों से हाट में बात की। सब्जी बेचने वाले या खरीदने वाले उनका एक ही कहना है कि इसका सही समाधान तभी होगा जब सरकार के द्वारा इस प्लास्टिक बनने पर रोक लगाई जाए। यही बात गुटखा पर लागू होती है। जब तक बनेगा तब तक सरकार कितना ही कानून बना ले, यह रुक नहीं पाएगा। इन विषयों पर तो केंद्र सरकार को नीति बननी चाहिए।

## सांसद सीपी चौधरी की डिस्चार्ज याचिका पर आंशिक सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर बुधवार को एमपी/एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में अभियोजन पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इसके लिए अदालत ने 4 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। सीपी चौधरी ने मामले में अपने-आप को निर्दोष बताते हुए मंगलवार को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। वहीं, इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो की डिस्चार्ज याचिका एक मार्च को अदालत ने खारिज कर दी थी। इसी मामले में आरोपी तत्कालीन विधायक लंबोदर महतो को हाईकोर्ट से राहत मिल चुकी है। घटना को लेकर ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को कांड संख्या 201/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर आजसू कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्रित हुए। इसका नेतृत्व सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, लंबोदर महतो, रामचंद्र सहिस समेत अन्य कर रहे थे। इनलोगों पर जानबूझ कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है।

### एनसीसी के दीक्षांत परेड में शामिल हुए रक्षा राज्यमंत्री, कहा

## यह भविष्य के भारत की बेहतरीन तस्वीर है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ओटीए, ग्वालियर में आयोजित एनसीसी के ऐतिहासिक दीक्षांत परेड में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस दीक्षांत समारोह में कुल 122 महिला कैडेट्स को एएनओ रैंक प्रदान किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल गुरवीर पाल सिंह, डीजी एनसीसी ब्रिगेडियर जितेंद्र शर्मा कमांडेड एनसीसी गुवाहाटी, विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने सभी महिला कैडेट्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सभी कैडेट्स को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के समक्ष अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा इस समारोह में शामिल होना मेरे लिए भी गौरव की बात है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा का परिणाम है कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यह भविष्य के भारत की बेहतरीन तस्वीर है। इनसे विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने में योगदान का आह्वान किया। कनिष्ठ स्कंध में एनसीसी महानिदेशक का प्ले ऑफ ऑनर राजस्थान निदेशालय की केयरटेकर ऑफिसर पूजा को दिया गया। एएनओ का सर्विसेज पुरस्कार सुनीता हुड्डा को दिया गया। नेतृत्व विशेषता एवं प्रेरणा प्रदर्शन के लिए अंजलि तोमर को पुरस्कृत किया गया। परेड को कमान करने के लिए कमांडेंट का स्वर्ण पदक बियागथीआजम को दिया गया। चैंपियनशिप बैनर अहिल्याबाई कंपनी के प्रवीण को दिया गया।





# छात्र गणितीय चिंतन को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं : रामाशीष



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'डेटा विज्ञान के युग में गणित और सांख्यिकी' के दूसरे दिन, कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने अपने शोध और विचार प्रस्तुत किए। सम्मेलन का दिन प्रो. केसी. मिश्रा के व्याख्यान से शुरू हुआ। इसके बाद, प्रो. आरके उपाध्याय और प्रो. परमील कुमार ने अपने-अपने व्याख्यान दिए। राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जेपी त्रिपाठी कोविड 19 को गणित मॉडलिंग के रुप मे समझया और गणित के क्षेत्र मे अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त प्रो.श्रीहरिराव ने गणित को जीवन के साथ कैसा संबंध है इसको विस्तार पूर्वक समझाया। तकनीकी सत्रों के साथ-साथ, डॉ. एमके गुप्ता और प्रो. पीके स्वाइन (उत्कल विश्वविद्यालय) ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान रामाशीष (प्रज्ञा प्रवाह) ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने गणित और सांख्यिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाने, भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक डेटा विज्ञान के बीच संबंधों को उजागर किया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे गणितीय चिंतन को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और अनुसंधान के क्षेत्र में नवाचार करें। प्रो. ए. गंगोपाध्याय और प्रो. एस. गंगोपाध्याय ने गणित और सांख्यिकी के क्षेत्र में नवीनतम शोधों पर चर्चा की। इसके बाद, प्रो. सचिन शॉ ने अपने विचार प्रस्तुत किए। शाम को विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और अतिथियों ने भाग लिया। सम्मेलन का समापन 20 मार्च को होगा, जिसमें और भी प्रमुख वक्ता अपने विचार साझा करेंगे।

## आयुष शेट्टी, शंकर मुथुस्वामी स्विस ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंचे



**बासेल (आईएएनएस)।** भारत के आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने मंगलवार को क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की कर ली। शेट्टी ने इंग्लैंड के चोलन कायन को 42 मिनट में 21-12, 21-15 से हराकर मुख्य दौर में प्रवेश किया। 19 वर्षीय शेट्टी बुधवार को अपने पहले मैच में जापान के केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे। दूसरी ओर, मुथुस्वामी ने दो राउंड में संघर्ष किया, पहले उन्होंने चीन के यूहैंग वांग को 21-13, 21-4 से मात्र 23 मिनट में हराया, फिर अंतिम क्वालीफाइंग दौर में हमवतन थारुन मन्नेपल्ली को 21-7, 21-10 से हराया।

## सर्वोच्च सम्मान के बाद सविता ने अपनी सफलता के पीछे ससुराल वालों के समर्थन को याद किया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों में प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) और गोलकीपर ऑफ द ईयर सम्मान से सम्मानित भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान और अनुभवी गोलकीपर सविता इन पुरस्कारों को अपने जीवन में उन लोगों की मान्यता के रूप में देखती हैं, जिन्होंने इसे संभव बनाया है। तीसरी बार प्लेयर ऑफ द ईयर के लिए हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार जीतने पर, सविता ने कहा, "यह बहुत अच्छा लग रहा है। इस साल कई बेहतरीन प्रदर्शन हुए हैं, मुझे जीतने की उम्मीद नहीं थी। सभी एथलीट अपने प्रयासों के लिए पहचाने जाना पसंद करते हैं, और मैं पुरस्कार के लिए आभारी हूं।

## भारत 18 साल बाद एएफसी बीच सॉकर एशिया कप में ऐतिहासिक वापसी के लिए तैयार



**पटाया (आईएएनएस)।** भारत 18 साल की अनुपस्थिति के बाद महाद्वीपीय मोर्चे पर बीच सॉकर में ऐतिहासिक वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि गुरुवार को यहां जोमटियन बीच एरिना में एएफसी बीच सॉकर एशिया कप 2025 के अपने शुरुआती मैच में मेजबान थाईलैंड का सामना करेगा। मुख्य कोच मोहम्मद फैजल बिन सूद ने कहा, "हमने अपने विरोधियों, खासकर थाईलैंड का गहन विश्लेषण किया है, ताकि खेल के प्रति उनके दृष्टिकोण को समझा जा सके। हमारा ध्यान अपने रक्षात्मक दृष्टिकोण को मजबूत करने, त्वरित बदलावों में सुधार करने और अपनी सेट-पीस रणनीतियों को परिष्कृत करने पर रहा है।

# टी20 अब ऐसे स्तर पर पहुंच गया है जहां 300 रन बना सकते हैं : गिल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सीजन की शुरुआत से पहले, गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल का मानना है कि खेल की गति उस बिंदु पर पहुंच गई है जहां बल्लेबाजी करने वाली टीम के लिए मैच में 300 का स्कोर हासिल करना संभव है। आईपीएल 2024 एक ऐसा सीजन था जहां बल्लेबाजी के रिकॉर्ड नई ऊंचाइयों को छू गए, जैसे कि पंजाब किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रनों का पीछा किया या सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टूर्नामेंट का सबसे बड़ा स्कोर 287/3 बनाया, साथ ही दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ प्रतियोगिता में अब तक का सबसे बड़ा पावर-प्ले स्कोर 125/0 बनाया। गिल ने कहा, "खेल की गति इस बिंदु पर पहुंच गई है कि ऐसा लगता है कि हम एक मैच में 300 रन बना सकते हैं। पिछले साल, हम कुछ मौकों पर बहुत करीब पहुंच गए थे। इम्पैक्ट प्लेयर नियम रोमांच बढ़ाता है और आईपीएल को और भी मनोरंजक बनाता है। आईपीएल के सबसे अच्छे पहलुओं में से एक यह है कि हर दिन, एक नया खिलाड़ी स्टार के रूप में उभरता है। आप लगातार कम आंके गए प्रतिभाओं को असाधारण प्रदर्शन करते हुए देखते हैं। टूर्नामेंट की संरचना, लगातार मैचों और यात्रा के साथ, खिलाड़ियों को व्यस्त रखती है। यदि आप जीत रहे हैं, तो गति आपको लगातार तीन, चार या पांच जीत के साथ आगे ले जाती है। हालांकि, चोटें चीजों को मुश्किल बना सकती हैं। गिल ने जियोहॉटस्टार से कहा, "जब एक या दो प्रमुख खिलाड़ी घायल हो जाते हैं, तो उपयुक्त प्रतिस्थापन ढूंढना एक चुनौती बन जाता है। इन बाधाओं के बावजूद, आईपीएल सबसे रोमांचक क्रिकेट आयोजन बना हुआ है, और हर सीजन खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए कुछ नया लेकर आता है। भारत की 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीत में उप-कप्तान रहे गिल ने आईपीएल देखने की अपनी शुरुआती यादों और मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाले सचिन तेंदुलकर के प्रति अपनी प्रशंसा और उनसे मिलने को याद किया। मुझे याद है कि मैं अपने पिता के साथ पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में तीन से चार मैच देखने गया था। आईपीएल के दूसरे या तीसरे साल में, मुंबई इंडियंस अभ्यास के लिए वहां आई थी। उस समय मैं लगभग नौ या दस साल का था।



### गिल ने कप्तानी के सफर पर कहा हर मैच और हर हफ्ते आपको नई जानकारी मिलती है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** गुजरात टाइटन्स के कप्तान के रूप में अपने दूसरे आईपीएल सीजन में कदम रखने से पहले, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि उनकी कप्तानी की यात्रा एक निरंतर प्रयास रही है, उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में हर मैच और हर हफ्ते उन्हें नई जानकारी मिलती है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में, गुजरात टाइटन्स ने 2022 आईपीएल जीता और अगले सीजन में उपविजेता बनी। लेकिन पांड्या के मुंबई इंडियंस में चले जाने और गिल को नया जीटी कप्तान बनाए जाने के बाद, टीम पिछले साल लीग में आठवें स्थान पर रहकर प्लेऑफ में जगह बनाने में विफल रही - पांच जीत, सात हार और बारिश के कारण दो मैच रद्द होने के साथ। मेरा मानना है कि नेतृत्व एक निरंतर यात्रा है। हर मैच और हर हफ्ते आपको नई जानकारी मिलती है। अलग-अलग खिलाड़ी अलग-अलग नजरिए लेकर आते हैं, जो आपको न सिर्फ नेतृत्व के बारे में बल्कि खुद के बारे में भी सिखाते हैं। एक लीडर के तौर पर, यह समझना जरूरी है कि हर खिलाड़ी को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में क्या मदद मिलती है। गिल ने जियोहॉटस्टार पर कहा, "हर खिलाड़ी अलग होता है, और नेतृत्व का मतलब है उन्हें प्रभावी ढंग से मैनेज करना। उनकी ताकत, कमजोरियों को जानना और जब वे संघर्ष कर रहे हों तो उन्हें वापस फॉर्म में कैसे लाया जाए, यह जानना बहुत जरूरी है। जितना ज्यादा आप खेलते हैं, उतना ज्यादा अनुभव आपको उतार-चढ़ाव के दौरान मिलता है, और यह आपको एक लीडर के तौर पर आकार देता है। टीम के साथियों के साथ आमने-सामने बातचीत करना जरूरी है। "शुरू में, मैं स्वाभाविक रूप से इस तरह की बातचीत में शामिल नहीं होता था, लेकिन एक लीडर के तौर पर, यह एक सचेत प्रयास बन गया। खिलाड़ियों से बात करना, उनकी मानसिकता को समझना और यह सुनिश्चित करना कि वे मूल्यवान महसूस करें, बहुत जरूरी है। जब कोई टीम लीडर आगे आता है, तो इससे खिलाड़ियों में आत्मविश्वास पैदा होता है और एक मजबूत टीम माहौल बनाने में मदद मिलती है। जीटी के कप्तान बनने से पहले गिल ने आईपीएल 2022 और 2023 सीजन में क्रमशः 483 और 890 रन बनाए थे।

## रियान पराग ने बल्ले से मचाया कोहराम, सिर्फ 64 गेंद में खेली 144 रनों की धुआंधार पारी



**एजेंसं । मुंबई**

आईपीएल 2025 का काउंटडाउन शुरू हो गया है, 22 मार्च से टूर्नामेंट का आगाज होने जा रहा है. इससे पहले सभी टीमें अभ्यास मैच खेल रही हैं. राजस्थान रॉयल्स के अभ्यास मैच में बल्लेबाज रियान पराग ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की, उन्होंने 64 गेंदों में नाबाद 144 रन बनाए. रियान पराग ने 144 रनों की विस्फोटक पारी में 10 छक्के और 16 चौके जड़े. पराग राजस्थान रॉयल्स के महत्वपूर्ण प्लेयर हैं और उनका ये फॉर्म संजू सैमसन एंड टीम को बहुत राहत देगा. राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2025 में अपना पहला मैच 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी. 2019 में आईपीएल डेब्यू करने वाले रियान पराग ने टूर्नामेंट में अभी तक 70 मैच खेले हैं. इसमें उन्होंने 135 की स्ट्राइक रेट से 1173 रन बनाए हैं. आईपीएल में रियान पराग का सर्वाधिक स्कोर 84 रन का है. उन्होंने 6 अर्धशतकीय पारियां खेली हैं.

जोस बटलर के जाने के बाद भी राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी यूनिट काफी मजबूत नजर आ रही है. टीम में कुल 8 प्रॉपर बल्लेबाज हैं, इसमें शिमरोन हेटमायर के रूप में सिर्फ 1 विदेशी प्लेयर है. संभव है कि टीम के लिए संजू के साथ यशस्वी जायसवाल पारी की शुरुआत करेंगे. राजस्थान रॉयल्स टीम में सिर्फ 2 ही ऑलराउंडर प्लेयर हैं. नितीश राणा और युद्धवीर सिंह ही इस दल में ऑलराउंडर खिलाड़ी हैं. इस टीम में गेंदबाजों की संख्या सबसे अधिक है. राजस्थान रॉयल्स टीम में 10 प्रॉपर गेंदबाज हैं।

## रजत पाटीदार विराट कोहली के कप्तानी कौशल पर बहुत अधिक निर्भर होंगे : उथप्पा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि रजत पाटीदार विराट कोहली के नेतृत्व कौशल पर निर्भर होंगे और आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का नेतृत्व करते हुए उन्हें बल्लेबाजी के दिग्गज कोहली के सुपरस्टारडम से मुकाबला करना होगा। यह पाटीदार का पहली बार आईपीएल टीम का नेतृत्व करने का मौका होगा, और उनका पिछला नेतृत्व अनुभव मध्य प्रदेश को 2024/25 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में ले जाना रहा है। पाटीदार के अलावा, अक्षर पटेल भी सुर्खियों में रहेंगे क्योंकि वह आईपीएल में पहली बार पूर्णकालिक क्षमता में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करेंगे। "मुझे लगता है कि अक्षर पटेल और रजत पाटीदार के बीच अक्षर थोड़ा बेहतर स्थिति में होंगे, ईमानदारी से कहूं तो,



क्योंकि नई टीम के साथ भी, अभी भी कई जाने-पहचाने चेहरे हैं। रजत के साथ भी यही स्थिति है, लेकिन रजत को विराट कोहली के सुपरस्टारडम से जूझना होगा, जो उस टीम में मौजूद है। मुझे लगता है कि वह विराट कोहली के कप्तानी कौशल पर बहुत निर्भर होंगे।

## हेमंत कलिता ने लवलीना को महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप से हटने को कहा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के प्रमुख अजय सिंह ने आरोप लगाया है कि टोक्यो ओलंपिक कांस्य विजेता लवलीना बोरगोहेन और असम की अन्य मुक्केबाजों को निलंबित बीएफआई महासचिव हेमंत कलिता ने 21 मार्च से शुरू होने वाली महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग नहीं लेने के लिए कहा है। बीएफआई ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक आपातकालीन प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जहां बीएफआई प्रमुख ने आरोप लगाया कि असम एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव कलिता ने लवलीना को आगामी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग नहीं लेने के लिए कहा, जिसके बाद ओलंपिक पदक विजेता टूर्नामेंट में भाग लेने पर विचार कर रही है। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, "असम खिलाड़ियों को महिला राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने से हतोत्साहित कर रहा है।

**● बीएफआई प्रमुख अजय सिंह ने आरोप लगाया**

## गौतम अदाणी, पीजीटीआई आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप शुरू करेंगे

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**

अदाणी समूह भारत में पुरुषों के पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक मंजूरी देने वाली संस्था प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के साथ साझेदारी में 'अदाणी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप 2025' के शुभारंभ के साथ भारतीय पेशेवर गोल्फ में प्रवेश करने के लिए तैयार है। 1.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाला यह पहला टूर्नामेंट ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिसॉर्ट में 1-4 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जो पीजीटीआई की 11 साल बाद इस आयोजन स्थल पर वापसी का प्रतीक है। अदाणी समूह की इस पहल का उद्देश्य गोल्फ की पहुंच को बढ़ावा देना और व्यापक बनाना तथा इसे मुख्यधारा के खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही भारत से वैश्विक चैंपियनों की अगली पीढ़ी को तैयार करना है। यह साझेदारी अहमदाबाद के



बेल्वेडियर गोल्फ एंड कंट्री क्लब में अदाणी-पीजीटीआई संयुक्त गोल्फ प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना तक विस्तारित है। यह पहल जमीनी स्तर पर विकास के लिए अदाणी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है और भारत की 2036 ओलंपिक बोली का समर्थन करती है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ बंद

### मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स 2% से अधिक उछले

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ बंद हुए। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 147.79 अंक या 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 75,449.05 और निफ्टी 73.30 अंक या 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,907.60 पर था। शेयर बाजार में तेजी की वजह मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी का होना है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,300.20 अंक या 2.63 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,817.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 372.90 अंक या 2.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,747.60 पर बंद हुआ।

पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियलिटी, एनर्जी, मीडिया, इन्फ्रा और ऑटो इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। आईटी और एफएमसीजी इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, जोमैटो, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड



बैंक, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर्स थे। टेक महिंद्रा, टीसीएस, आईटीसी, इन्फोसिस, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक, नेस्ले और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप लूजर्स थे।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 3,015 शेयर हरे निशान में, 1,034 शेयर लाल निशान में और 117 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। पीएल कैपिटल- प्रभुदास लीलाधर में एडवाइजरी प्रमुख, विक्रम कसात ने कहा कि सकारात्मक ग्लोबल संकेतों के कारण बाजार में तेजी देखने को मिली। अब निवेशकों की निगाहें बड़े ग्लोबल इवेंट्स पर होंगी, जिसमें अमेरिकी फेड रिजर्व की ब्याज दर पर नीति, पुतिन-ट्रंप की बातचीत और गोल्ड की कीमत शामिल हैं।

## ग्लोबल हेल्थ और विकास में बदलाव लाने के लिए डिजिटल समाधान तैयार कर रहा भारत : बिल गेट्स

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

गेट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष और बोर्ड सदस्य बिल गेट्स ने बुधवार को कहा कि भारत न केवल अपने नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल इनोवेशन का निर्माण कर रहा है, बल्कि ऐसे समाधान भी बना रहा है, जिनमें ग्लोबल हेल्थ और विकास को बदलने की क्षमता है। गेट्स फाउंडेशन और महिला सामूहिक मंच के सहयोग से सीआईआई द्वारा आयोजित एक वैश्विक मंच पर बोलते हुए, बिल गेट्स ने इनोवेशन, हेल्थ और सस्टेनेबिलिटी में भारत के



लीडरशिप की सराहना की। इस मंच के साथ वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए स्केलेबल, सस्टेनेबल और टेक-ड्रिवन सॉल्यूशन को आगे बढ़ाने में भारत की बढ़ती भूमिका के मध्यनजर ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर, पॉलिसी मेकर्स और इन्वेस्टर्स एक साथ आए। गेट्स ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत किफायती स्वास्थ्य सेवा, एआई-संचालित निदान और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में अपनी लीडिंग भूमिका के साथ भविष्य का निर्माण कर रहा है। उन्होंने उभरती अर्थव्यवस्थाओं में दबाव वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए वैश्विक स्तर पर भारत के इनोवेटिव सॉल्यूशन को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। गेट्स ने भारत की तीव्र प्रगति पर भी प्रकाश डालते हुए देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंक्लूसिव आर्थिक विकास और तकनीकी सफलताओं को दुनिया के लिए एक मॉडल बताया। उन्होंने कहा, "भारत ने कम लागत वाले इनोवेशन के जरिए स्वास्थ्य और विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

भविष्य की ओर देखते हुए, गेट्स ने वैश्विक स्तर पर एआई, स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल डेवलपमेंट में सफलताओं को बढ़ाने के लिए भारतीय इनोवेटर्स, पॉलिसी मेकर्स और उद्यमियों के साथ मिलकर काम करने के लिए अपने फाउंडेशन के कमिटमेंट की पुष्टि की। अलायंस फॉर ग्लोबल गुड जेंडर इक्विटी एंड इक्वलिटी की अध्यक्ष स्मृति ईरानी ने फाउंडेशन और गेट्स के नेतृत्व की सराहना की। साथ ही सोशल इनोवेशन के लिए निवेश की भी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। ईरानी ने कम लागत वाले, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन समाधान लाने में भारत की शक्ति के बारे में बात की, जो स्वास्थ्य, पोषण और खाद्य सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में भारत की लीडिंग भूमिका पर जोर दिया और इसे ग्लोबल साउथ के लिए एक ब्लू प्रिंट बताया।

## कैबिनेट ने संशोधित डेयरी विकास योजना को दी मंजूरी, बजट बढ़ाकर 2,790 करोड़ रुपए किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में संशोधित नेशनल प्रोग्राम फॉर डेयरी डेवलपमेंट (एनपीडीडी) को मंजूरी दी गई है। साथ ही योजना के बजट को बढ़ाकर 2,790 करोड़ रुपये कर दिया है। भारत के डेयरी क्षेत्र को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस स्कीम को 15वें फाइनेंस कमीशन (2021-22 से 2025-26) के तहत अतिरिक्त आवंटन प्राप्त हुआ। सरकार ने डेयरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और दूध उत्पादन और गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए इस योजना के बजट को अतिरिक्त 1,000 करोड़ रुपये बढ़ाया है। कैबिनेट के अनुसार, "रिवाइज्ड प्रोग्राम दूध की खरीद, प्रसंस्करण और गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार करके डेयरी किसानों की मदद करने पर केंद्रित है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को बाजार तक बेहतर पहुंच प्रदान करना, उन्हें उचित मूल्य दिलाना और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है।

## कैबिनेट ने जेएनपीए पोर्ट तक हाई-स्पीड लिंक के लिए 4,500 करोड़ रु के 6-लेन हाईवे को मंजूरी दी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को महाराष्ट्र में जेएनपीए पोर्ट (पगोटे) से चौक (29.219 किमी) तक 6 लेन वाले ग्रीनफील्ड हाई-स्पीड नेशनल हाईवे के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस प्रोजेक्ट का विकास बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) मोड में किया जाएगा, जिसकी कुल लागत 4,500.62 करोड़ रुपये होगी। आधिकारिक बयान में कहा गया कि जेएनपीए पोर्ट में कंटेनर की वॉल्यूम में वृद्धि और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के डेवलपमेंट के साथ, इस क्षेत्र में नेशनल हाईवे संपर्क बढ़ाने की आवश्यकता की पहचान की गई। वर्तमान में पलासपे फाटा, डी-पॉइंट, कलंबोली जंक्शन, पनवेल जैसे शहरी क्षेत्रों में भारी भीड़भाड़ के कारण जेएनपीए पोर्ट से एनएच-48 और मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे के स्वर्णिम चतुर्भुज (जीक्यू) सेक्शन तक वाहनों को जाने में 2-3 घंटे लगते हैं।